# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 10 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 68, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




**सात कंपनियों का पूंजीकरण 2.10 लाख करोड़ बढ़ा**

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,10,254 .96 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

**सहकारी समितियों का भविष्य उज्ज्वल : शाह**

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता का भविष्य उज्ज्वल है और उनके मंत्रालय ने अपने गठन के बाद से 60 से अधिक पहल शुरू की हैं। } 16

# न्यूजीलैंड को हराकर भारत बना चैंपियन

## चार विकेट से हराकर जीती आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी, भारत ने तीसरी बार जीता खिताब



एजेंसी

दुबई। मोर्चे से अगुवाई करने वाले कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले के कमाल और स्पिनरों के धमाल के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को रविवार को फाइनल में चार विकेट से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम की। इस मैच से पहले रोहित के संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन उन्होंने अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटकर आलोचकों के मुंह बंद कर दिये। उनकी कप्तानी में यह टी20 विश्व कप 2024 के बाद भारत ने दूसरा आईसीसी खिताब जीता।

भारत ने टूर्नामेंट में एक भी मैच गंवाये बिना 2002 और 2013 के बाद तीसरी बार खिताब जीता। कोई दूसरी टीम तीन बार यह ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। स्पिनर कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती ने हालात का फायदा उठाते हुए बेहतरीन गेंदबाजी की लेकिन डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल ने संयम के साथ अर्धशतक लगाते हुए न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 251 का मजबूत स्कोर दिया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन बनाकर जीत की नींव रखी और भारत ने एक ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। केएल राहुल ने फिनिशर की भूमिका निभाते हुए नाबाद 34 रन बनाये। चोटिल मैट हेनरी की जगह खेल रहे तेज गेंदबाज नैथन स्मिथ को रोहित ने दो छक्के और दो चौके जड़े। दूसरे छोर पर शुभमन गिल ने 31 रन बनाये और पहले विकेट के लिये रोहित के साथ 105 रन जोड़े। वह ग्लेन फिलिप्स के दर्शनीय कैच पर पवेलियन लौटे जबकि गेंदबाज मिचेल सेंटनेर थे। विराट कोहली का दर्शकों ने तालियों के साथ स्वागत किया लेकिन वह दो ही गेंद टिक सके और माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। पावरप्ले के बाद अगले 16 ओवर में रोहित अपने स्कोर में 27 रन ही जोड़ सके। उन्होंने आक्रामक होकर खेलने की बजाय विकेट बचाकर स्पिनरों को खेला।



### रोहित शर्मा और विराट कोहली ने रचा इतिहास


**भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दुबई में खेले जा रहे चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरने के साथ ही इतिहास रच दिया। रोहित और कोहली भारतीय टीम का अहम हिस्सा हैं और इन दोनों ही बल्लेबाजों से टीम को काफी उम्मीद हैं। भारत इस मैच में 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने के इरादे से उतरा है। 25 साल बाद दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर के 25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने थीं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और भारत के सामने 252 रनों का लक्ष्य रखा।**

### राष्ट्रपति ने दी जीत की बधाई



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने पर भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि क्रिकेट का इतिहास रचने पर खिलाड़ी, टीम प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ बधाई के पात्र हैं।

### हमें अपनी टीम पर गर्व : मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने इस पूरे टूर्नामेंट में बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है।

### ‘ऐतिहासिक विजय : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा ‘ऐतिहासिक विजय... चैंपियंस का अभिनंदन! देश वासियों को हार्दिक बधाई! चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर विजय के रंगों से त्योहारों की बेला को और अधिक रंगमय, उल्लासमय बनाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के हर खिलाड़ी पर देश को गर्व है।

## सरकार साथ हो तो हर चुनौती का सामना कर सकते हैं युवा : योगी

### मुख्यमंत्री ने मेरठ और सहारनपुर मंडल के 1070 युवाओं को बांटा 48 करोड़ का ऋण

जिला संवाददाता

मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अगर सरकार युवाओं के साथ खड़ी हो, तो युवा प्रत्येक चुनौतियों का सामना करते हुए अपना रास्ता खुद बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति में आने वाली हर बाधा को दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। योगी ने युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के1,070 युवाओं को 48 करोड़ रुपये के ऋण वितरण के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए चुनौती, चुनौती नहीं है। अगर सरकार उनके साथ खड़ी हो तो वे चुनौतियों का सामना करते हुए अपना रास्ता खुद बना सकते हैं। उत्तर प्रदेश के युवाओं ने खुद को आगे बढ़ाने का काम किया है। बहुत सारे ऐसे युवा हैं, जो नौकरी न कर अपना खुद का कारोबार शुरू करना चाहते हैं और वह अपने मां-बाप पर आश्रित न होकर अपनी मेहनत से खुद की पहचान बनाना चाहते हैं। अपनी मेहनत पर विश्वास करने वाले ऐसे युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए हम लोगों ने व्यवस्था दी है कि पहले चरण में पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त कर्ज हम उपलब्ध करायेंगे। योगी ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए इसमें विशेष प्रावधान किया गया है और इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत अब तक ऋण लेकर जिन्होंने अपना कारोबार शुरू किया है, उन युवाओं ने सफलता की कहानी लिखी है और यह साबित किया है कि युवा के लिए चुनौती कोई चुनौती नहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर



मेरठ में मेजर ध्यानचन्द्र स्पोर्टस यूनिवर्सिटी के निर्माण का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## भारत को विकसित करनी होगी नयी प्रौद्योगिकी : एपी सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र को उस स्तर पर पहुंचने की जरूरत है जहां नयी प्रौद्योगिकी का विकास भारत में हो और अन्य देश इसका अनुसरण करें। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि मौजूदा संघर्षों से एक सबक यह मिलता है कि लंबे समय तक चलने वाले युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए।

वायुसेना प्रमुख ने कहा इसलिए अपनी अन्य क्षमताओं के साथ हमें लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में टिके रहने की क्षमता का निर्माण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पहले का यह विचार अब बदल गया है कि युद्ध छोटे और त्वरित होंगे। उन्होंने कहा और हमें उद्योग के समर्थन की आवश्यकता ...शेष पृष्ठ 14 पर



**संक्षेप**

### मुठभेड़ में एक लाख का इनामी ढेर

लखनऊ/ मथुरा। मथुरा में रविवार सुबह पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कुख्यात बदमाश मारा गया जिस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने एक बयान में बताया कि मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे के नेतृत्व में हाईवे थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में एक लाख का इनामी अपराधी फाती उर्फ असद घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर का निवासी फाती कुख्यात अंतर्राज्यीय छैमार गिरोह का सरगना था जिसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू कश्मीर में जघन्य अपराधों से संबद्ध अनेक मुकदमे दर्ज थे।

## प्राचीन मंदिरों व शिवालयों का होगा पुनर्निर्माण

### मुख्यमंत्री धामी ने काशीपुर में निकाला भव्य रोड-शो

प्रमुख संवाददाता

देहरादून (उत्तराखंड)। केदारखंड की भांति ही मानसखंड में स्थित कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों के भी पुनरुत्थान एवं सौंदर्गीकरण के लिए संकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जहां एक ओर काशीपुर के चौती मंदिर को मानसखंड कॉरिडोर का हिस्सा बनाया है, वहीं यहां के विभिन्न प्राचीन मंदिरों और शिवालयों के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए भी निरंतर प्रयास कर रहे हैं।





उक्त उद्गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार उत्तराखंड के काशीपुर में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमेरिका में हिंदू मंदिर को किया अपवित्र, लिखे भारत विरोधी नारे

एजेंसी

न्यूयॉर्क। कैलिफोर्निया में एक प्रमुख हिंदू मंदिर की दीवारों पर अज्ञात व्यक्तियों ने भारत विरोधी नारे लिखकर इसे विरूपित कर दिया। अमेरिका में हिंदू समुदाय के पवित्र स्थलों को निशाना बनाने की यह एक और घटना है। बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कहा कि सैन बर्नार्डिनो काउंटी के चीनो हिल्स शहर में स्थित उसके श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र किया गया। चीनो हिल्स लॉस एंजिलिस काउंटी की सीमा पर है। वहीं दूसरी ओर भारत ने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र करने की घटना की रविवार को कड़ी निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की। भारत ने घटना के मद्देनजर पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार ने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र करने संबंधी घटना की खबर देखी है और हम इस तरह के घृणित कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने कहा हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा ...शेष पृष्ठ 14 पर





**रमजान मुबारक**



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:21 | 4:55 | 6:11 | 5:09 |



**आज का मौसम**

अधिकतम : 31.06 डिसे.

न्यूनतम : 16.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- ओटीएस राजस्व वसूली में पूर्वांचल प्रथम (पृष्ठ-02)
- नौकरी के लिए खतरा बनी एमनेस्टी योजना (पृष्ठ-02)
- निवेश के लिहाज से चांदी की चमक बरकरार (पृष्ठ-14)
- जीएसटी 2.0 को सरल बनाना समय की मांग (पृष्ठ-14)
- शेयरबाजार से 24,753 करोड़ रुपये निकाले (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** प्रदेश के कई इलाकों में लोगों ने मनाया जश्न, हजरतगंज, 1090 चौराहा समेत राजधानी के कई इलाकों में मनी दिवाली खूब उड़ा गुलाल

## लखनऊ समेत देश में होली से पहले मनी दिवाली, खूब जले पटाखे

अनिल द्विवेदी

लखनऊ। भारत ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर आईसीसी वनडे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया। आईसीसी टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार दूसरी खिताबी जीत है, इससे पहले 2024 में टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। भारत की जीत के बाद देशभर में क्रिकेट फैंस जश्न में डूब गए। लखनऊ में लोग ढोल नगाड़े के साथ सड़कों पर उतरे। क्रिकेट फैंस ने आतिशबाजी करके टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया। रवींद्र जडेजा के विनिंग शॉट के साथ भारत में क्रिकेट फैंस खुशी से झूम उठे। लखनऊ में लोग हाथों में तिरंगा लिए सड़कों पर उतरे और ढोल नगाड़े की थाप पर जमकर डांस किया। लोगों ने होली से पहले दीवाली मनाई और आतिशबाजी करके टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया। हजरतगंज चौराहे पर जश्न मनाने पहुंचे लालकुंआ निवासी ऋषभ और उनके दोस्तों ने कहा कि क्रिकेट हमारे देश का सबसे बेहतरीन खेल रहा है और इससे ...शेष पृष्ठ 14 पर



लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर भारत की जीत के बाद जश्न मनाते लोग फोटो : समीर भटनागर



दुबई में भारत की जीत के पूरे स्टेडियम में जमकर हुई आतिशबाजी

# महाकुंभ में संगम का पानी नहाने लायक था : एनजीटी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रयागराज संगम नोज सहित सभी 18 स्थानों पर पवित्र नदियों गंगा और यमुना के संगम पर जल आचमन और स्नान योग्य है । 28 फरवरी को सीपीसीबी ने एनजीटी में दाखिल अपनी रिपोर्ट में सीपीसीबी ने बताया की उनकी जांच में संगम के अलग अलग घाटों का जल सभी पैरामीटर का पालन करता हुआ दिखाई दे रहा है। ये रिपोर्ट कल 7 मार्च को एनजीटी द्वारा सार्वजनिक की गई।

महाकुंभ के समय सीपीसीबी की प्रस्तुत की गई एक रिपोर्ट के कारण संसद सड़क और राजनीतिक छेत्रों में

- एनजीटी ने शनिवार को सार्वजनिक की रिपोर्ट

बवाल खड़ा हो गया था और श्रद्धालुओं को छोडकर विपक्ष के लिये रोजाना की आलोचना टिप्पणी करने का सफल विषय हो गया जिसमें संगम के जल और गंगा के जल में फीकल कॉलिफॉर्म की मात्रा तय पैरामीटर से तीन गुना ज्यादा होने की बात कही गयी थी।



बोर्ड की 28 फरवरी की तारीख वाली इस रिपोर्ट को 7 मार्च को एनजीटी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। बोर्ड ने 12 जनवरी से लेकर अब तक प्रति सप्ताह दो बारए जिसमें स्नान के शुभ दिन भी शामिल हैं, गंगा नदी पर पांच स्थानों तथा यमुना नदी पर दो स्थानों पर जल निगरानी की है। रिपोर्ट में कहा गया है, कि विभिन्न तिथियों पर एक ही स्थान से लिए गए नमूनों के लिए विभिन्न मापदंडों जैसे पीएच, घुलित ऑक्सीजन (डीओ), जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और फीकल कोलीफॉर्म काउंट (एफसी) के परिमाण में अहम बदलाव देखे गए है।एक ही दिन एकत्र किए गए नमूनों के लिए उपर्युक्त मापदंडों के परिमाण भी अलग-अलग स्थानों पर भिन्न होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जल में ऑक्सीजन की मात्रा या डीओ, जल में कार्बनिक पदार्थों को खंडित करने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा को मापता बीओडी, तथा सीवेज संदूषण का सूचक एफसी जल की गुणवत्ता के प्रमुख संकेतक हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एक विशेषज्ञ समिति ने 'आंकड़ों में परिवर्तनशीलता' के मुद्दे की जांच की और कहा कि 'आंकड़ा एक विशिष्ट स्थान और समय पर जल गुणवत्ता का तत्कालिक स्थिति को दर्शाता है और यह ऊपरी धारा में मानवजनित गतिविधियों (मानव क्रियाकलापों), प्रवाह की दर, नमूने की गहराई, नमूने का समय, नदी की धारा और धाराओं का मिश्रण, नमूना स्थान और ऐसे कई अन्य कारकों के आधार पर काफी भिन्न हो सकता है।'

रिपोर्ट में कहा गया है, कि 'परिणामस्वरूप, ये मान उस सटीक समय और स्थान पर जल गुणवत्ता मापदंडों को दर्शाते हैं, जहां से ये जल नमूने एकत्र किए गए थे, तथा ये नदी की समग्र विशेषताओं को पूरी तरह से प्रदर्शित नहीं कर सकते हैं, इसलिए, जरूरी नहीं है कि ये नदी के पूरे क्षेत्र में समग्र जल गुणवत्ता को प्रदर्शित करें।' रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि परिवर्तनशीलता के कारण, प्रमुख मापदंडों के लिए विभिन्न निगरानी स्थानों के जल गुणवत्ता डेटा का सांख्यिकीय विश्लेषण 12 जनवरी से 22 फरवरी तक 'सामूहिक स्नान' के 10 स्थानों पर किया गया और 20 दौर की निगरानी की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि, 'यह प्रस्तुत किया गया है कि उपर्युक्त सांख्यिकीय विश्लेषण के अनुसार, निगरानी किए गए खंडों के लिए पीएच, डीओ, बीओडी और एफसी का औसत परिमाण (आंकड़ों की केंद्रीय प्रवृत्ति) संबंधित मानदंडों/अनुमेय सीमाओं के भीतर है।'रिपोर्ट के अनुसार, एफसी का औसत परिमाण 1,400 था, जबकि स्वीकार्य सीमा 2,500 यूनिट प्रति 100 मिली है, जबकि डीओ पांच मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक के निर्धारित मानक के मुकाबले 8.7 था, तथा बीओडी 3 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम या उसके बराबर की निर्धारित सीमा के मुकाबले 2.56 था।सीपीसीबी ने 17 फरवरी को एक रिपोर्ट में एनजीटी को सूचित किया कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में विभिन्न स्थानों पर फीकल कोलीफॉर्म का स्तर स्नान के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं था। एनजीटी इस मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को करेगी।

## प्रयागराज में वर्ष भर पर्यटकों को आकर्षित करने की तैयारी

**लखनऊ।** विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन का आतिथ्य करने वाली संगम नगरी प्रयागराज में वर्ष भर पर्यटकों को आकर्षित करने की तैयारी चल रही है। महाकुंभ के दौरान संगम तट पर शुरू किए गए वाटर लेजर शो और विभिन्न धार्मिक आध्यात्मिक स्थलों पर फसाड लाइटिंग को 5 वर्षों तक जारी रखा जाएगा ताकि देश दुनिया से आने वाले पर्यटक यहां का विशिष्ट अनुभव ले सकें।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में बहुत ही तीव्रता से विकास करने वाला राज्य है अभी हम घरेलू पर्यटन में सबसे ज्यादा पर्यटक आकर्षित करने वाले राज्य हैं। विदेशी पर्यटकों के मामले में भी यह उपलब्धि हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में लगातार पर्यटन स्थलों पर और सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान यमुना नदी के तट पर बोट क्लब के पास स्थित

- यमुना किनारे वाटर लेजर शो और प्रमुख स्थलों पर 5 साल तक रहेगी फसाड लाइटिंग

काली घाट पर वाटर लेजर शो शुरू किया गया था। इस शो के दौरान पानी की स्क्रीन पर उभरती अद्भुत छवियों ने प्रयागराज और महाकुंभ की ऐतिहासिक और धार्मिक गाथाओं को जीवंत कर दिया। पर्यटन मंत्री ने बताया कि दर्शकों को इन पवित्र स्थलों की दिव्यता और ऐतिहासिक महत्व का अनुभव करने का अनूठा अवसर प्राप्त हुआ। शो में दिखाए गए दृश्य और ध्वनि ने श्रद्धालुओं को महाकुंभ के गौरवशाली अतीत में खो जाने का अवसर दिया। रोज शाम 7 से 9 बजे के बीच दो शो दिखाए जा रहे थे। हर शो कि अवधि 45 मिनट थी। इसमें बड़ी संख्या में पर्यटक हिस्सा ले रहे थे।

पर्यटकों की रुचि को देखते हुए वाटर लेजर शो को 5 वर्षों के लिए विस्तार दिया गया है प्रतिदिन सात शाम 7 बजे से 7:45 बजे तक पर्यटक वाटर लेजर शो देख सकेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि प्रयागराज में अलोपी मंदिर, नागवासुकी मंदिर सहित अन्य स्थलों पर लगाए गए फसाड लाइटिंग को भी 5 वर्षों के लिए विस्तार दिया गया है। पर्यटक सुविधाओं का प्रतिदिन लाभ ले सकेंगे।

# 'श्रीति वाटिका' पार्क परिजनों के लिए 'श्रीति' बिटिया की स्मृतियों को सहेजने का कार्य करेगा : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गाजियाबाद शहर की पॉश कॉलोनी वसुंधरा के सेक्टर.5 में दिवंगत 'श्रीति यादव' की स्मृति में नगर निगम के द्वारा विकसित पार्क 'श्रीति वाटिका' का लोकार्पण उप.मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य ने किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार

- उप मुख्यमंत्री ने वसुंधरा गाजियाबाद में 'श्रीति वाटिका' का किया लोकार्पण

में मंत्री सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त युक्त विक्रमादित्य मलिक, संजीव शर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, पूर्व विधायक रूप चौधरी, बसंत त्यागी, वार्ड 54 वसुंधरा के पार्षद सतेंद्र चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने की और संचालन पूर्व विधायक रूप चौधरी ने किया।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वसुंधरा सेक्टर . 5 में श्यामलाल यादव के घर पहुंच कर उनकी दिवंगत बेटी श्रीति यादव के चित्र पर माल्यार्पण करके भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों के साथ भावनात्मक क्षण को साझा किया। तत्पश्चात उन्होंने श्रीति वाटिका पार्क का नामकरण किया और रिबन काट करके आधुनिक संसाधनों से युक्त शानदार ओपन जिम का उद्घाटन किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पार्क परिजनों के लिए श्रीति बिटिया की स्मृतियों को सहेजने का कार्य करेगा।उन्होंने कहा कि श्रीति वाटिका पार्क का लोकार्पण क्षेत्रवासियों के लिए एक नई सौगात है, जो लोगों को स्वास्थ्य, हरियाली और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनेगा।

# परिवहन विभाग के अधिकारियों -कर्मचारियों को मिलेगा प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये परिवहन विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराकर उन्हें तकनीक से लैस भी किया जाएगा। इसके लिए रायबरेली में स्थित एक इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया

- आधुनिक तकनीक से होंगे लैस

जा रहा है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का खास ध्यान विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को नवीनतम तकनीक से प्रशिक्षण देने पर है। सिंह ने बताया कि इसी क्रम में अब परिवहन विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराकर उन्हें तकनीक से लैस भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए रायबरेली में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) की अध्यक्षता में प्रशिक्षण प्रकोष्ठ का गठन भी किया है। बस्ती के संभागीय परिवहन अधिकारी फरीदउद्दीन को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का नोडल अधिकारी बनाया गया है।



सिंह ने बताया कि प्रयास है कि प्रदेश के परिवहन अधिकारियों के लिये स्थायी एवं आधुनिक प्रशिक्षण प्रणाली स्थापित की जा सके। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में विभागीय अधिकारियों को नवीनतम प्रौद्योगिकी, डेटा आधारित नीति निर्माण, प्रवर्तन रणनीतियों और ई-गवर्नेंस आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा और यहां सभी स्तर के अधिकारियों (आरआई, पीटीओ, एआरटीओ, आरटीओ, डीटीसी, एटीसी) आदि के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित होंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही नवागंतुक अधिकारियों व कर्मचारियों के लिये प्रशिक्षण तथा विभाग में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये रिफ्रेशर कोर्स एवं विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होंगे। सिंह ने बताया कि परिवहन अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रम का विकास उत्तर प्रदेश की आवश्यकताओं, देश में परिवहन क्षेत्र में हो रहे बदलावों तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप किया जायेगा।इसके अलावा वैश्विक स्तर पर परिवहन क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा, जिससे अधिकारीगण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही नवीनतम जानकारियों से भी अवगत हो सकें। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम को व्यावहारिक अनुभव और केस स्टडी आधारित प्रशिक्षण मॉडल के अनुसार विकसित किया जायेगा, जिससे अधिकारी नीति निर्माण व प्रवर्तन प्रक्रियाओं को समझ सकें और उन्हें आधुनिक परिवहन चुनौतियों का प्रभावी समाधान भी मिल सकें। सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से परिवहन अधिकारियों को सड़क कर संग्रह, परमिट प्रणाली, प्रवर्तन तकनीकों और आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम पर नियमित प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उनकी प्रशासनिक दक्षता में भी वृद्धि होगी।

# सरकार कब तक औरंगजेब, अकबर और कुंभ के नाम का सहारा लेती रहेगी : लोकदल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** औरंगजेब और बाबर पर हो रहे सियासी बयानों पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा है कि बाबर और औरंगजेब को बेवजह घसीटा जा रहा है. उन्होंने कब चाहा था कि सनातन धर्म खत्म हो जाए। लोकदल के सुनील सिंह ने कहा है कि बयानों और जुबानी हमलों में आए दिन इतिहास से जुड़े किसी न किसी कैरेक्टर का नाम सुनाई देता रहेगा। क्रूर मुगल शासक औरंगजेब और अकबर नाम का जिक्र होता रहेगा।सरकार निशाना साधने के लिए औरंगजेब और अकबर,कुंभ का सहारा ले रही है। आने वाले दिनों में इतिहास से जुड़े इस तरह के और भी कई नाम सुनने को मिल सकते हैं।

यह इतिहास से जुड़ा मामला है। भारत को ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुए 76 साल से अधिक समय हो गया है. इसके बावजूद यहाँ व्यावहारिक स्तर पर बीजेपी का आधार अभी भी जाति-धर्म ही है।जातीय और धार्मिक भावनाओं को उभारकर राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति की जा रही है।21वीं सदी के तीसरे दशक में हैं. यह डिजिटल सदी है. दुनिया तकनीकी विकास के उस युग में पहुँच चुकी है, जहाँ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बोलबाला है.हम अपनी तुलना चीन और जापान से नहीं करते है। इसके विपरीत भारत में बीजेपी अभी भी जाति-धर्म की चाशनी में सराबोर राजनीति की धारा बहा रही है देश में जाति-धर्म की मिलावट के मोर्चे पर भारत में कुछ भी नहीं बदला है।जिससे आम जनता चाहकर भी जाति-धर्म के चंगुल से बाहर नहीं निकल पा रही है बीजेपी को सिर्फ. और सिर्फ. सत्ता हासिल करने की महत्वाकांक्षा तक सीमित है. इस महत्वाकांक्षा को हासिल करने में बीजेपी और उसके नेता किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

# पार्टी जिला पंचायत का चुनाव लड़ेगी : अनिल दुबे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का आज उरई जनपद जालौन में पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों तथा शुभचिंतकों ने जबर्दस्त स्वागत व अभिनंदन किया ।

राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी मिलने के बाद दो दिन के बुंदेलखंड दौरे पर आए श्री दुबे का आज उरई की सीमा पर सैकड़ों कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया उत्साहित कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह अमर रहें चौधरी अजित सिंह अमर रहें जयंत चौधरी जिंदाबाद अनिल दुबे जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगा रहे थे।श्री दुबे के साथ रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री रोहित अग्रवाल भी थे।



श्री दुबे सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकताओं से संवाद कर जिले में पार्टी की स्थिति को समझा और न्याय पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने को कहा। इस अवसर पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री दुबे ने कहा कि पार्टी जिला पंचायत का चुनाव लड़ेगी उन्होंने कहा कि पूर्वांचल बुंदेलखंड और मध्य उत्तर प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत बनाने का अभियान चला रही हैं स्व चौधरी चरण सिंह व चौधरी अजित सिंह के अनुवाइयों की पार्टी से जोड़ने का काम शुरू किया गया है।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में हो रहे हिंदी विरोध पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा नेताअखिलेश यादव स्पष्ट करें कि तमिलनाडु में हिंदी पढ़ाई जानी चाहिए कि नहीं।

# भाजपा पश्चिम मंडल दो के कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**लखनऊ।** महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बालागंज चौराहा पर पश्चिम विधानसभा मण्डल दो के कार्यालय का फीता काटकर शुभारभ किया। कार्यक्रम में पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल रस्तोगी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कृष्णा लोधी, महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, मंडल दो अध्यक्ष विमल चौधरी, पार्षद सुनील शुक्ला, कमलेश पटेल पूर्व पार्षद विजय भुर्जी, सुनील शुक्ला, प्रतिमा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि संगठन की नीति एवं निदेर्शों को जन जन तक पहुंचने में और संगठन की कार्य योजनाओं को बल देने में महत्वपूर्ण भूमिका का काम करता हैं ।आनंद द्विवेदी ने पश्चिम मण्डल दो के सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं कार्यकतागणो को कार्यालय शुभारंभ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भ्रष्टाचार चरम पर है।सरकारी विभागों में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार फैला हुआ है। हर स्तर पर लूट, घपले चल रहे हैं। भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। वे खुलेआम सरकारी धन की बंदरबांट कर रहे है। कालाबाजारी जमकर चल रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार इस स्तर तक पहुंच गया है कि भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करने वाले पत्रकारों को धमकियां मिल रही है। उनकी हत्या तक हो जाती हैं। बीते शनिवार को सीतापुर में भ्रष्टाचार उजागर करने वाले पत्रकार की हत्या हो गई। भाजपा सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। सीतापुर में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की दिन दहाड़े हत्या कानून व्यवस्था पर भाजपा सरकार की जीरों टॉलरेंस की पोल खोल रही है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में अराजकता फैला रखी है। पत्रकार श्री राघवेन्द्र बाजपेई को गोलियों से छलनी करने पर सरकार खामोश है। अगर एक पत्रकार सुरक्षित



नहीं है तो आम जनता की क्या स्थिति होगी इसका बस अंदाजा लगाया जा सकता है।

हैरानी की बात है कि भाजपा सरकार खुद झूठ और लूट को बढ़ावा देने की नीति पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री जी ने सदन में महाकुंभ में तीस करोड़ कमाने वाले का झूठा हिसाब तो दे दिया लेकिन अपनों को खो देने वालों के प्रति संवेदना तक नहीं जताई और न ही महाकुंभ में भगदड़ में मरने वालों की संख्या बताई। अखिलेश यादव ने कहा कि जब सरकार खुद हिस्ट्रीसीटरों और अपराधियों का विधानसभा में खड़े होकर महिमामंडन करेगी तो कानून व्यवस्था कैसे सुधरेगी? सरकार खुद धोखेबाजो, ठगों, भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को संरक्षण देती नहीं थकती है। वहीं दूसरी तरफ लोकतंत्र, संविधान को मानने वालों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार करती है। भाजपा सरकार सच दिखाने पर पत्रकारों को धमकाती हैं, उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित करती है। अभिव्यक्ति की आजादी कुचलने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। सत्य बोलने और सच दिखाने वालों को जेल में डाल दिया जाता है। फर्जी मुकदमा लगाया जाता है। भाजपा सरकार का पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार और सच्चाई दबाने में लगा हुआ है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ है।

# ओटीएस राजस्व वसूली में पूर्वांचल प्रथम, फिसड्डी रहा दक्षिणांचल

## फरवरी 2025 तक राजस्व वसूली में मध्यांचल का गोमतीनगर प्रथम और फिसडडी रहा बरेली

समरेश पति त्रिपाठी

**लखनऊ।** ओटीएस योजना फरवरी 2025 के तहत सबसे ज्यादा राजस्व वसूली में पहले नम्बर पर पूर्वाचंल तो दूसरे नम्बर पर मध्यांचल

- यूपी में लम्बे समय से पैसा नही जमा करने वाले उपभोक्ताओं से राजस्व वसुली में उन्नाव प्रथम और ओटीएस योजना सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन में भी अव्वल
- चोरी पकड़ के राजस्व वुसली और थ्रु रेट में लेसा का चौक मण्डल अव्वल



रहा। जबकी तीसरे नम्बर पर पश्चिमांचल में वसुली हुई है। यूपीपीसीएल की डाटा के अनुसार देखे तो कोई भी डिस्काम सौ प्रतिशत राजस्व पाने में असफल रहा है। केस्को सभी आकड़ों में सबसे पीछे है। यूपीपीसीएल के कार्मिक निदेशक ने बताया कि सभी आकड़ो को देखा जायेगा। वसूली कम क्यो हुई इसके लिए सख्त निर्देश दिया जायेगा।

एक मुश्त समाधान योजना के तहत ज्यादातर उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन होना था लेकिन कोई भी डिस्काम अपने आकड़ों तक भी नही पहुंच सका है।

एक दिन बाद उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन आशीश गोयल ने ट्रांसफार्मर ज्यादा फूंकने पर उन्नाव के अधीक्षण अभियंता और एक्सीएन को निलंबित कर दिया है। ऐसे में कम राजस्व वसूली करने पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। पावर कार्पोरेशन के आकड़ो की माने तो ओटीएस योजना में पूर्वांचल 1671213 उपभोक्ताओं से 131642.56 लाख की वसूली हुई जो पूरे डिस्काम मे सबसे ज्यादा है। वहीं दूसरे नम्बर पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम रहा है जिसने 137084 उपभोक्ता का रजिस्ट्रेशन हुआ जिससे 97687.61 लाख रुपये वसूला गया। तीसरे नम्बर पर पश्चिमांचल रहा है जिसने 1157446 उपभोक्ताओं से 97132.19 लाख की वुसली हुई है। दक्षिणांचल में 923180 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और 60358.04 लाख की वसूली हुई। मध्यांचल जोन मे राजस्व वसूली की बात करे तो गोमतीनगर जोन मे फरवरी 2025 तक 1266 करोड़ के टारगेट पर 1177.05 करोड़ की वसूली के साथ प्रथम स्थान पर रहा है। दूसरे स्थान पर लखनऊ सेन्ट्रल जोन रहा जो 1537 करोड़ के सापेक्ष 1387.42 करोड़ की वसूली हुई। वही तीसरे स्थान पर बरेली जोन रहा जो 1217.15 के सापेक्ष 961.16 ही वसूल सके।

# एक हजार अधिकारियों की नौकरी के लिए खतरा बनी एमनेस्टी योजना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्य कर विभाग में लागू एमनेस्टी योजना करीब 1000 अधिकारियों की नौकरी के लिए खतरा बन गई है। खंड के प्रत्येक अधिकारी को रोजाना पांच व्यापारियों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। शासन ने लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश में राज्य कर में 436 खंड हैं, जिनमें लगभग 1200 अधिकारी तैनात हैं। बमुश्किल पांच से दस फीसदी अधिकारी ही रोजाना पांच व्यापारियों को इस योजना में जोड़ने में सफल हो रहे हैं। लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश प्रमुख सचिव एमण देवराज ने दिए हैं। इस संबंध में जोनल एडिशनल कमिश्नरों द्वारा जारी पत्र में साफ कहा गया है कि हर हाल में रोजाना पांच केस एमनेस्टी में शामिल करने ही हैं। इसे पूरा न करने वाले अधिकारी का नाम निलंबन के लिए भेज दिया जाएगा। इसी के साथ खंडों में तैनात 1200 अधिकारियों में से लगभग 1000 पर निलंबन का खतरा मंडरा रहा है। ऐसा पहली बार होगा जब किसी सरकारी विभाग के 90 फीसदी से ज्यादा अधिकारियों पर एकसाथ कार्रवाई होगी।

एमनेस्टी योजना स्वैच्छिक है। व्यापारियों को इसमें शामिल करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि लगभग 1.92 लाख केसों में से अभी तक करीब 25 हजार ने ही योजना में अपील के लिए आवेदन किया है। 31 मार्च अंतिम तारीख है। सबसे ज्यादा विवादों के मामले लखनऊ जोन में हैं, जहां करीब 22 हजार केस हैं। दूसरे नंबर पर 19 हजार केस के साथ वाराणसी है। तीसरे नंबर पर 18,500 केस लेकर गाजियाबाद है। चौथे नंबर पर 14 हजार केस कानपुर में और पांचवें पर 13,500 केस मुरादाबाद में हैं। छठे स्थान पर 10 हजार मामले गोरखपुर के हैं।

**क्या है एमनेस्टी योजना :** एमनेस्टी योजना कारोबारियों को जीएसटी मामलों में ब्याज और जुर्माने से राहत दे रही है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2017-18, वर्ष 2018-19 और वर्ष 2019-20 के मामलों में राहत मिलेगी। इन तीन वित्त वर्षों के मामलों को एमनेस्टी योजना में लाने से कारोबारियों को केवल टैक्स देना पड़ेगा। ब्याज व पेनाल्टी से छूट मिल जाएगी। प्रदेश में लगभग 1.92 लाख व्यापारी एमनेस्टी योजना के दायरे में हैं। उन पर विभाग के 7,816 करोड़ रुपये बकाया है। टैक्स चुकाने पर 5,150 करोड़ रुपये के ब्याज और 1,213 करोड़ रुपये पेनाल्टी की छूट मिलेगी।

# चैंपियन ट्रॉफी : जीत के जश्न में डूबा शहर, खूब लहराया तिरंगा

## आधी रात में खुशियों से सराबोर हुआ लखनऊ, कहीं फूटे पटाखे तो कहीं मनी दिवाली, युवाओं ने लगाये भारत माता के जयकारे







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत ने न्यूजीलैंड चार विकेट से हराकर चैंपियन ट्रॉफी जीत ली। लखनऊ में भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों ने भारत की जीत का जश्न मनाया। इस जीत के साथ भारत ने आईसीसी ट्रॉफी में फिर रंग जमाया। भारत ने इससे पहले 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। भारत ने 12 साल बाद चैंपियन ट्रॉफी कप जीता है। 2024 में भारत ने टी 20 विश्व कप जीता था। भारत ने एक बार फिर चैंपियन ट्रॉफी कप का खिताब जीत लिया है। दुबई में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में सात विकेट गंवाकर 251 रन बनाए थे। जवाब में भारत की टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट पर जीत दर्ज की। भारत की इस ऐतिहासिक जीत से हर भारतीय गौरवान्वित है। भारत की जीत के बाद शहर-दर शहर में जीत का जश्न मनाया जा रहा है। लखनऊ के हजरतगंज में जहां लोग सड़कों पर पटाखे फोड़ कर जश्न मनाते नजर आए वहीं, प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोगों ने जमकर खुशी मनाई।

**जीत के जश्न में डूबा लखनऊ:** चैंपियन ट्रॉफी में टीम इंडिया की शानदार जीत के जश्न में राजधानी लखनऊ भी देर तक डूबा। जैसे ही टीम इंडिया जीती। शहर में दीपावली जैसा नजारा था। चारों तरफ पटाखों की गूंज सुनाई दे रही थी। क्रिकेटप्रेमियों का जमघट हजरतगंज, 1090 चौराहे पर जुट गया। रात साढ़े 11 बजे चौक के चारों तरफ भीड़ ही भीड़ थी। तिरंगा झंडा लेकर युवा शहर भर में दिखाई दिये। भारत माता की जय, सबसे आगे होंगे हिन्दुस्तानी जैसे नारों से लखनऊ गूंज उठा। हजरतगंज के अलावा छावनी, 1090 चौराहा, व शहर के अन्य स्थानों पर भी जीत का जश्न मना। घरों में रखे पटाखे लोगों ने निकाल कर जलाए। राजधानी में रात एक बजे तक जश्न के माहौल से सराबोर रहा।

**शाम से टीवी पर जमे:** फाइनल मुकाबला दोपहर से खेला जाना था, लेकिन फैंस पहले से ही टीम इंडिया को चीयर करने टीवी खोलकर परिवार और दोस्तों संग बैठ गए। शहर में कई जगह प्रोजेक्टर और एलईडी स्क्रीन लगाए गए थे, जहां क्रिकेट प्रेमी हाथों में तिरंगा लिए मैच की पहली गेंद से लेकर आखिरी तक डटे रहे। यही हाल मोहल्ले, कॉलोनी के अलावा कई स्कूल, यूनिवर्सिटी, लखनऊ क्रिकेट हॉस्टल, पठान अकैडमी, गुलमोहर अकैडमी समेत अन्य जगह भी फैंस लाइव मुकाबले की एक गेंद भी मिस नहीं करना चाहते थे।

**मोहल्ले और कॉलोनी में सपोर्ट:** इंडिया के फाइनल में पहुंचने के साथ ही लखनऊ के मोहल्लों और कॉलोनियों में भी फाइनल मैच देखने की खास इंतजाम किए गए। नादान महल रोड, विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित बजाजा, मौलवीगंज, ठाकुरगंज, हुसैनाबाद, काजमैन का बुनियादबाग, चौक, खदरा, निशातगंज, गोमतीनगर, इंदिरानगर समेत अन्य इलाकों में प्रोजेक्टर पर युवाओं ने टोलियों में टीम का हौसला बढ़ाते रहीं।

**खचाखच रहे मॉल्स और मल्टीप्लेक्स:** राजधानी के मॉल्स और रीटेल स्टोरों में वर्ल्डकप के परिधान रविवार को भी खूब बिके। टीम इंडिया की नई जर्सी खूब बिकी। वहीं मल्टीप्लेक्स और मॉल में भी मैच देखने के इंतजाम किए गए थे। फैंस देर रात तक वहां डटे रहे और जीत के साथ ही जश्न का सिलसिला शुरू हो गया।

### हजरतगंज और 1090 पर जमकर मना जश्न

हजरतगंज के लवलेन पर चेहरे पर तिरंगा पेंट करनवाने के लिए रविवार दोपहर 11 बजे से ही फैंस आ गए। इनमें युवाओं के साथ बच्चों में ज्यादा क्रेज रहा। लालकुआं स्थित अपनी मम्मी के साथ छठी कक्षा में पढ़ने वाली शिवानी और उनके जुड़वा भाई अरुण तिरंगा पेंट करवाने पहुंचे। वहीं, रात में मैच की आखिरी गेंद के साथ सन्नाटे में सिमट चुके हजरतगंज में अचानक जश्न का समुंदर उमड़ पड़ा। शहर के कोने कोने से लोग 1090 व हजरतगंज पहुंचने लगे। देखते ही देखते पूरा हजरतगंज क्रिकेट फैंस से भर गया। कोई ढोल बजा रहा था कोई गाड़ी छत पर खड़ा होकर डांस कर रहा था। पुलिस को भी इन फैंस को संभालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं पुराने लखनऊ में लोग घंटाघर पहुंचे। हेरिटेज जोन में लोग डांस करते दिखे।

# लखनऊ नगर निगम का मूल बजट आज होगा पास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम वर्ष 2025-26 का मूल बजट सोमवार को पास करेगा। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय में कार्यकारिणी समिति की बैठक होगी। मूल बजट 4236.63 करोड़ रुपये रखे जाने का अनुमान है, जो कि वित्त वर्ष 2024-25 में 4039.64 करोड़ रुपये था। इस बार के बजट में नगर की सफाई व्यवस्था और सड़क निर्माण, इंटरलॉकिंग, सड़क मरम्मत आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जहां सफाई व्यवस्था के लिए 500 करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रस्तावित किया जाएगा, वहीं सड़क निर्माण आदि के लिए 300 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। शहर की सफाई और विकास कार्य के मद में व्यय किए जाने वाली धनराशि सहित अन्य मुद्दों पर कार्यकारिणी समिति के सदस्य अपनी राय रखेंगे। बजट में नगर के लोगों पर कोई बोझ नहीं डाला जाएगा। गृहकर, जलकर और सीवर कर में किसी भी प्रकार की वृद्धि का कोई प्रस्ताव बजट में नहीं लाया जाएगा। हाउस टैक्स की वसूली का लक्ष्य एक हजार करोड़ रुपये रखने का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है। मार्ग और सड़क निर्माण में 300 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान रहेगा। इसमें नए निर्माण, मरम्मत, नवीनीकरण, रोड कोटिंग को दुरुस्त करना आदि शामिल रहेगा। वेंडिंग जोन के संचालन, निर्माण और अनुरक्षण के लिए 10 करोड़ रुपये के प्रावधान की संभावना है। आहाना इंक्लेव की और मंजिलों को बनाने सहित अन्य खर्चों के लिए 50 करोड़ रुपये बजट में रखे जाएंगे। नाला निर्माण और नालों की सफाई के लिए इस बार बजट बढ़ाया जा सकता है। माना जा रहा है कि इसे बढ़ाकर इस बार 20 करोड़ रुपये तक किया जाएगा। पिछली बार इसे नौ करोड़ रुपये रखा गया था। नगर निगम के तहत मार्ग प्रकाश व्यवस्था पर इस बार बजट बढ़ा कर 48 करोड़ रुपये किया जा सकता है। इसमें स्ट्रीट लाइटों की खरीद, मरम्मत, अस्थाई प्रकाश व्यवस्था, प्रकाश बिंदुओं की देखभाल आदि शामिल रहेगा। इस मद में 48 करोड़ रुपये का बजट लाया जा सकता है। बैठक में 12 कार्यकारिणी सदस्य नगर आयुक्त सहित सभी अपर नगर आयुक्त और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

**जोन 3 में ग्रह कर वसूली अभियान :** जोन 3 में प्रभावी ग्रह कर वसूली के लिए एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत, जोन 3 कार्यालय से कपूरथला चौराहा और अन्य वार्डों में मानव श्रृंखला बनाई गई और जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व जोनल अधिकारी अमरजीत यादव ने किया। जोनल सैनिटरी अधिकारी जितेंद्र गांधी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संचिता मिश्रा, सतेंद्र नाथ, पुष्कर पटेल मौजूद रहे। इस अभियान से लोगों में गृह कर जमा करने की जागरूकता बढ़ने की उम्मीद के दृस्टिगत किये जा रहे प्रयास से लोगों को समय पर कर जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं।

**सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, एफ आई आर दर्ज :** सरोजनी नगर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में थाना सरोजनी नगर में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। ग्राम बेहसा निवासी संतोष कुमार रावत पर आरोप है कि उन्होंने नगर निगम की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर प्लॉटिंग का कार्य किया और कृषि कार्य भी शुरू कर दिया। पुलिस की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गाटा संख्या-1342 के खसरा संख्या 1342/2 में स्थित 0.051 हेक्टेयर भूमि पर संतोष कुमार रावत और उनके परिवार के सदस्यों ने अवैध रूप से निर्माण कार्य किया है। इस भूमि पर नगर निगम और निजी खातेदारों का कोई भौतिक विभाजन नहीं हुआ है।

# प्रदेश की युवा इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने आलोक जैन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश युवा अध्यक्ष जीतेन्द्र सोनी, प्रदेश युवा महामंत्री योगेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री संत मिश्रा और प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष संतोष अग्रहरि ने संयुक्त रूप से रविवार को हजरतगंज स्थित संगठन के कार्यालय में प्रदेश युवा कार्यसमिति की घोषणा की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 1 फरवरी को प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने प्रदेश युवा व्यापार मंडल की जिम्मेदारी सौंपते हुए एक माह में प्रदेश कार्यसमिति गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। उसी के तहत यह कार्य समिति बनाई गयी है। प्रदेश युवा अध्यक्ष जितेन्द्र सोनी ने बताया कि साल 2025 से 28 तक यह कार्यसमिति कार्य करेगी। कार्यसमिति में प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर आलोक जैन मयूर (ललितपुर) मनीष त्रिपाठी (कानपुर) अरविंद मिश्रा (मथुरा), प्रदेश युवा उपाध्यक्ष में दीपक मिश्रा (हमीरपुर) दीपेंद्र बुधौलिया (हमीरपुर राठ) गौरववल्लभ गुप्ता (शाहजहांपुर) अनिल सेठ बनारस, योगेश रखवानी (आगरा) दिलीप गुप्ता (बांदा) उन्नीकृष्णन (कानपुर ग्रामीण) अमित निखरा (उरई), गणेश वासुदेव (एटा) अंकुर श्रीवास्तव, अरुण राय (झांसी), अंबुज दयाल (कानपुर) मोहम्मद अनीस(रायबरेली), अभिनव गुप्ता (कासगंज), देश दीपक यादव (फिरोजाबाद)को चुना गया है।

# जलकल विभाग के कर्मियों को मिला सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** जलकल विभाग, नगर निगम की ओर से माह फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त हुए 15 कर्मचारियों के सम्मान में शनिवार को एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। नगर निगम के इस भावपूर्ण आयोजन में उन कर्मठ कर्मचारियों को विदाई दी गई, जिन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय शहर को जल आपूर्ति और स्वच्छता सेवाओं में समर्पित कर दिया।

समारोह में महापौर सुषमा खर्कवाल, जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह, अपर नगर आयुक्त

- सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई भावपूर्ण विदाई
- महाकुंभ में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष सम्मान

ललित कुमार, सचिव जलकल शशि कुमार गुप्ता, प्रभारी अधिशाषी अभियंता मुख्यालय सचिन सिंह यादव, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों योगेंद्र सिंह, हरिप्रसाद, दिनेश कुमार पांडे, अशोक कुमार, रामचंद्र, राकेश कुमार, देवेंद्र शाह, गिरनीलाल, मनोज कुमार सक्सेना, कृष्णा, लियाकत अली, हरिलाल, धनीराम, अनोखे और परमेश्वर को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उनकी वर्षों की सेवाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए समस्त देयकों का भुगतान किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने संबोधन में कहा, ₹सेवानिवृत्त कर्मचारी जलकल विभाग की वह नींव हैं, जिनके अथक प्रयासों से लखनऊ को निर्बाध जल आपूर्ति मिली। उनकी निष्ठा और परिश्रम सदैव प्रेरणादायी रहेंगे।₹

**महाकुंभ में जलकल विभाग का योगदान अतुलनीय :** देशभर में आस्था और श्रद्धा के प्रतीक महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन में जलकल विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। करोड़ों श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, जल निकासी एवं स्वच्छता सेवाएं प्रदान करने में विभाग के कर्मचारियों ने अदम्य साहस और अथक मेहनत का परिचय दिया। महाकुंभ में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जलकल विभाग के छह कर्मचारियों कृष्णा बहादुर, अनुज कुमार शुक्ला, महेंद्र तिवारी, मुन्नालाल, प्रेम नारायण दीक्षित एवं गिरजा शंकर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा, महाकुंभ जैसा विराट आयोजन जलकल विभाग की प्रतिबद्धता और कुशल प्रबंधन के बिना संभव नहीं था। विभाग के इन कर्मियों ने अपनी सेवा भावना से न केवल नगर निगम बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। महाकुंभ में जलकल विभाग की इस सराहनीय भूमिका की नगर निगम अधिकारियों एवं शहरवासियों ने भी प्रशंसा की। इस सम्मान समारोह में जलकल कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और इस विदाई को अपने जीवन का सबसे गौरवशाली पल बताया।

# आईटी चौराहे से हजरतगंज आज नहीं जा सकेंगे वाहन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार को हजरतगंज क्षेत्र में रूट डायवर्जन लागू रहेगा। आईटी चौराहा, हनुमान सेतु, पेपर मिल तिराहा, डालीगंज और 1090 चौराहे की तरफ से आने वाला ट्रैफिक सुबह छह बजे से जरूरत के मुताबिक बदला जाएगा। डीसीपी ट्रैफिक का कहना है कि यदि जरूरत पड़ी तभी यह डायवर्जन लागू किया जाएगा। पूरे दिन नहीं रहेगा। पेपरमिल तिराहा से हजरतगंज के बजाय वाहन आरआर बंधा या संकल्प वाटिका तिराहा से बैकुंठ धाम, पीएनटी बालू अड्डा से 1090 चौराहा होकर जा सकेंगे। निशातगंज से हजरतगंज जाने वाले वाहन सिकन्दरबाग चौराहे से चिरैयाझील तिराहा होकर जाएंगे। सहारागंज से हजरतगंज जाने वाले वाहन डनलप तिराहे से हजरतगंज नहीं जा पाएंगे। ये सप्रू मार्ग तिराहा से सिकन्दरबाग होकर जाएंगे। चौक में टीले वाली मस्जिद की ओर से हजरतगंज के बजाय वाहन डालीगंज पुल तिराहा से इक्का तांगा स्टैण्ड, नदवा बन्धा रोड होते हुए नदवा बन्धा मोड़ से आईटी चौराहा होकर जाएंगे। डालीगंज पुल तिराहा से हजरतगंज के बजाय क्लार्क अवध तिराहा से चिरैया झील, सिकन्दरबाग होकर जा सकेंगे। कैसरबाग से हजरतगंज के बजाय सुभाष चौराहा, क्लार्क अवध तिराहा, चिरैया झील, सिकन्दरबाग होकर जा सकेंगे। चिरैयाझील से केडी सिंह स्टेडियम तिराहा एवं चिरैया झील तिराहा से हिन्दी संस्थान तिराहा की ओर यातायात प्रतिबन्धित रहेगा। चारबाग से हजरतगंज की ओर आने वाला सामान्य यातायात रॉयल होटल तिराहा से सिसेंडी तिराहा, लाल बहादुर शास्त्री तिराहा, लालबत्ती होकर तथा नूरमंजिल होते हुए कैसरबाग चौराहे की ओर जा सकेगा। पार्क रोड चौराहा से हजरतगंज की ओर आने वाला सामान्य यातायात डीएसओ चौराहा, सिसेण्डी तिराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। 1090 चौराहा से हजरतगंज की ओर आने वाला सामान्य यातायात बन्दरियाबाग चौराहा से लालबत्ती चौराहा, एनेक्सी चौराहा, सिसेण्डी तिराहा, रॉयल होटल अथवा कैंट क्षेत्र होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। लालबाग नॉवल्टी चौराहा से हजरतगंज की ओर आने वाला सामान्य यातायात लालबाग चौराहा से नूर मंजिल तिराहा, कैसरबाग अशोकलाट चौराहा, सुभाष चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। आईटी चौराहे से हजरतगंज जाने वाले वाहन निशातगंज, गोल मार्केट, पीएसी मुख्यालय तिराहा, नया सर्वोदय नगर पुल होकर जा सकेंगे। हनुमान सेतु तिराहा से हजरतगंज की ओर आने वाले वाहन सुशीला स्मृतिका से पेपर मिल, आरआर बंधा होकर एवं संकल्प वाटिका से बैकुंठधाम, 1090 चौराहा होकर जाएंगे।

# विशेष कार्यशाला का आयोजन आज

**लखनऊ।** प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एवं एनआरआई मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञगण की मौजूदगी में प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के प्रभावी कार्यान्वयन पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 10 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, मर्करी हॉल, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन 10 मार्च को 11 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा।

# निकाय कर्मचारी महासंघ में लम्बित समस्याओ के समाधान को लेकर आक्रोशित

**लखनऊ।** उ.प्र.स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ की लम्बित समस्याओ के समाधान के लिए महासंघ लगातार.मंत्री नगर विकास व प्रमुख सचिव नगर विकास सहित सचिव, निदेशक आदि का ध्यानाकर्षण करा रहा है। समय रहते मांगो का समाधान, आवश्यक आदेश जारी करने का अनुरोध किए जाने के क्रम में मंत्री नगर विकास की ओर से तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रमुख सचिव नगर विकास को 15 दिनो के अन्दर लम्बित समस्याओ का समाधान, बैठक आदि करने के निर्देश के साथ उपरोक्त कार्यवाही से अवगत कराने के भी आदेश दिए गए हैं। महासंघ की ओर से प्रमुख सचिव महोदय को पत्र प्रेषित किया गया है। महासंघ ने यह भी सुनिश्चित किया है कि एक लम्बे समय से निकाय कर्मचारियो की मौलिक एवं सेवा सम्बन्धी दिक्कतो पर कोई निर्णय न लेने के कारण प्रदेश के निकाय कर्मचारियो में भारी आक्रोश व्याप्त है, जो एक आन्दोलन का रुप ले सकता है, क्योकि इन सबके समाधान न होने के कारण कर्मचारियो को आर्थिक नुकसान व सेवासम्बधी लाभ भी समय से नही मिल पा रहा। महासंघ को गत कई वर्षो से केवल बैठको के माध्यम से आश्वासन ही दिया जा रहा, ऐसी स्थित में प्रदेश के निकाय कर्मचारियो एवं महासंघ को आन्दोलन के लिए अग्रसर होना स्वाभाविक है।

# तालकटोरा में आज बिजली गुल रहेगी

लखनऊ। राजधानी में सोमवार को तालकटोरा उपकेंद्र के मोतीझील, पांडेय का तालाब में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक बिजली बाधित रहेगी। राजभवन उपकेंद्र के गोल्फ फीडर से सुबह 10:30 से दोपहर दो बजे तक बिजली बाधित रहेगी। अहिबरनपुर उपकेंद्र के कदम रसूल फीडर, निराला नगर और आईटीआई उपकेंद्र से सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। इससे चांदगंज, महानगर एक्सटेंशन, ई-पार्क, छप्पर तला प्रभावित रहेगा। बीकेटी डिवीजन के आरडीडीएस योजना के तहत जर्जर पोल और तार बदलने के कारण अमानीगंज पावर हाऊस से जाने वाले बिजली की कटौती रहेगी। सुबह 10 बजे से शांम पाच बजे तक बिजली कटौती रहेगी।

# अवैध मीट दुकानों पर कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** सेक्टर 12, इंदिरा नगर शिव विहार आवासीय कल्याण समिति के निवासियों की शिकायत पर विधायक ओपी श्रीवास्तव की ओर से शनिवार को किए गए निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी बनी मीट की दुकान के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश के बाद रविवार को उसके विरोध में मीट दुकानदार हनीफ के लड़के रईस ने कुछ अराजक तत्वों एवं अपने को अधिवक्ता बताने वाले कुछ संदिग्ध लोगों के साथ विधायक ओपी श्रीवास्तव के घर में घुसकर उनके साथ अभद्र बर्ताव किया, उनको अपशब्द कहे और धमकी भी दी। सारी घटना सीसी टीवी कैमरे में रिकॉर्ड है। विधायक ओपी श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस कच्चे मीट-मांस कि दुकान से स्थानीय निवासियों को काफी समस्याएं उत्पन्न हो रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुले में मीट बेचे जाने के कारण क्षेत्र में गंदगी फैल रही है ।

# निजीकरण के लिए आज खुलेंगे टेंडर, कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए बिडिंग के विरोध में आज बिजलीकर्मी राजधानी सहित प्रदेश के सभी जिलो में और परियोजना मुख्यालयों पर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। संघर्ष समिति ने ग्रामीण क्षेत्रों और घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति के मामले में निजी क्षेत्र की विफलता को देखते हुए प्रदेश के 42 जनपदों की बिजली के निजीकरण का निर्णय निरस्त करने की कृपा करें। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की बिजली व्यवस्था निजी घरानों को सौंपने के पहले सरकार को यह विचार करना चाहिए कि उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा और आगरा में निजी कंपनी द्वारा किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में किए जा रहे भेदभाव को देखते हुए प्रदेश के 42 जनपदों में बिजली के निजीकरण का निर्णय कदापि उचित नहीं होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवधान होने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल करने में भी काफी विलंब होता है। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि निजी कंपनी मुनाफे के लिए काम करती है और ग्रेटर नोएडा में मुनाफे वाले इंडस्ट्रियल और कमर्शियल उपभोक्ताओं को निजी कंपनी अधिक समय तक बिजली आपूर्ति करती है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में और गरीब घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ब्रेकडाउन का समय लंबा होता है। यह सब विद्युत नियामक आयोग के रिकॉर्ड पर है। अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण विषय है कि ऊर्जा मंत्री जी निजी घराने की प्रशंसा कर रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा में उसका लाइसेंस निरस्त करने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमा लड़ रही है। उन्होंने कहा कि जहां तक आगरा का प्रश्न है आगरा की एटीएंडसी हानियां केस्को की तुलना में अधिक है और प्रति यूनिट राजस्व वसूली केस्को की तुलना में काफी कम है। केस्को से पावर कारपोरेशन को प्रति यूनिट 7 रुपए 96 पैसे मिल रहा है जबकि फ्रेंचाइजी करार के तहत आगरा से पावर कारपोरेशन को प्रति यूनिट 4 रुपए 36 पैसे मिल रहा है।

# नन्हे-मुन्नों ने धूमधाम से मनाया स्पोर्ट्स डे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हार्मिटेज प्री-स्कूल के संस्थापक रजत जैन द्वारा रविवार को गोमती नगर, विराम खंड, विजय खंड, जानकीपुरम और मुंशीपुलिया शाखाओं के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए शानदार स्पोर्ट्स डे का आयोजन गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, कुर्सी रोड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. तौसीफ अहमद (पीडियाट्रिशियन, फातिमा हॉस्पिटल) ने बैलून उड़ाकर खेल-कूद प्रतियोगिताओं की शुरूआत की और हरी झंडी दिखाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

खेल उत्सव की शुरूआत फ्लैग मार्च से हुई, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे उत्साह और जोश के साथ भाग लेते नजर आए। इसके बाद विभिन्न रोचक और मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने अपने बच्चों का हौसला बढ़ाया। पूरे आयोजन में बच्चों की ऊर्जा और उत्साह देखने लायक था। हार्मिटेज प्री-स्कूल के इस आयोजन ने न केवल बच्चों के शारीरिक विकास को बढ़ावा दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत किया। इस अवसर में विभा, कोमल, नीलम, निमिषा मौजूद थी।

# बिजली कर्मचारियों ने मुख्यालय के सामने दिया धरना

लखनऊ। कार्यालय मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड गोखले मार्ग लखनऊ मुख्यालय पर राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन और विद्युत तकनीकी कर्मचारी एकता संघ के साथ संयुक्त रूप से निजीकरण के विरुद्ध महापंचायत आयोजित किया गया। सभा के अध्यक्षता जूनियर इंजीनियर संगठन के मध्यांचल अध्यक्ष डीके प्रजापति ने किया। ऊर्जा सेक्टर के दो बड़े डिस्कॉम पूर्वांचल और दक्षिणांचल का निजीकरण से आम जनता और उपभोक्ता के ऊपर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ और नुकसान पर चर्चा किए गए। सार्वजनिक क्षेत्र को निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से और उपभोक्ता, किसान, रोजगार के लिए तैयारी कर छात्र के शोषण पहुंचने के उद्देश्य से किए जा रहे निजीकरण की घोर निंदा सभी ने किए। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि देश अथवा प्रदेश के जिन स्थानों पर पूर्व में निजीकरण का प्रयोग किए गए वहां निजीकरण बुरी तरह असफल रहा, इसके प्रयोग से बिजली की दरें मंहगी होने के साथ ही सार्वजनिक सेक्टर में कार्य कर रहे विद्युतकर्मियों के सेवा शर्तों बुरी तरह प्रभावित हुए। उप्र पावर कार्पोरेशन लंबे अवधि का अनुबंध कर लगातार मंहगी बिजली खरीदकर आगरा में टोरंट एवं नोएडा में एनपीसीएल को दिए जाने से उप्र ऊर्जा सेक्टर की आर्थिक हानि कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्कॉम को पीपीपी मॉडल पर निजीकरण किए जाने के लिए बिडिंग खोले जाने एवं कंसलटेंट रखे जाने की कार्रवाई पूरी तरह अंसवैधानिक है। कार्यक्रम में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन में शैलेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, संदीप मौर्य, अरविंदर कुमार, चंद्रशेखर, संतोष कुमार विश्वकर्मा, एमवी सिंह, पंकज कुशवाहा, विभांशु कुमार सिंह, इंदल चौधरी, कलीम कुरैशी, राम सिंह सुनील प्रजापति, अवतार सिंह, मुकेश यादव, बृजेश कुमार, धर्मेंद्र शर्मा शामिल रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# टेण्डर दिलाने का झांसा देकर सीए से दंपति ने हड़पे 59 लाख




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चौक कोतवाली में सीए ने दम्पति के खिलाफ 59 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपितों ने खुद को डिप्टी सीएम का करीबी बताते हुए सीए को अपने प्रभाव में लिया। कथित अधिकारियों से मुलाकात कराने के बाद सरकारी टेण्डर दिलाने का झांसा देकर रुपये ऐंठ लिए।

**आईटीआर-जीएसटी फाइलिंग के दौरान हुई पहचान :** यहियागंज निवासी सीए आशुतोष गुप्ता के मुताबिक इनकम टैक्स रिटर्न और जीएसटी फाइल करने के संबंध में वर्ष 2019 में गोमतीनगर विशेषखंड निवासी विवेक मिश्रा से पहचान हुई। अक्सर मुलाकात होने के कारण परिवारिक संबंध हो गए। 15 जनवरी 2020 को आशुतोष के पिता मनोज गुप्ता की मौत हुई थी। जिसके बाद विवेक मिश्रा पत्नी सीमा के साथ आशुतोष के घर आए। लुभावनी बात करते हुए दम्पति ने उनका विश्वास जीता। आशुतोष भी विवेक को बड़े भाई का दर्जा देने लगे। इस दौरान ही विवेक ने बताया कि डिप्टी सीएम से काफी करीबी है। रोज का उठना बैठना है। कुछ काम हो तो बताना।

**सरकारी विभाग में ऑडिट का टेण्डर निकला है:** विवेक अक्सर सीए को अपने साथ ले जाता था। इस दौरान कई लोगों से मुलाकात कराई। जिनका परिचय वरिष्ठ अधिकारियों के तौर पर विवेक ने कराया था। वर्ष 2020 में ही विवेक और उसकी पत्नी सीमा ने बताया कि सरकारी विभागों में ऑडिट प्राइवेट फर्म के जरिए कराया जाना है। जिसका टेण्डर जल्द निकल सकता है। चाहो तो तुम्हें टेण्डर दिला दूं। अच्छा मुनाफा होगा। विवेक की लुभावनी बात पर विश्वास कर सीए आशुतोष गुप्ता ने हामी भर दी।

**59 लाख रुपये वसूले, टेण्डर भी नहीं मिला:** आरोपितों ने टेण्डर दिलाने में कुछ रुपये खर्च होने की बात कही। टुकड़ों में आशुतोष से करीब 59 लाख रुपये झटके गए। जिसके बाद टेण्डर भी नहीं मिला। पूछताछ करने पर विवेक और सीमा टाल मटोल करने लगे। दबाव डालने पर बोले की तुम्हें रुपये वापस नहीं मिलेंगे। जो करना है कर लो। ज्यादा शोर मचाओगे तो नुकसान उठाना पड़ेगा। आरोपितों की धमकियों से सहमे सीए ने डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव से मुलाकात कर उन्हें घटना की जानकारी दी। जिसके बाद चौक कोतवाली में विवेक और सीमा मिश्रा के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ।

**खाताधारक के क्रेडिट कार्ड से जालसाजों ने उड़ाये लाखों रुपये:** आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक खाताधारक के क्रेडिट कार्ड से जालसाजों ने दो बार में आनलाइन 2,24,650.92 रुपए पार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर घटना के सात माह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर के निवासी कुशाग्र कुमार पुत्र कुंज बिहारी लाल के अनुसार वह आईसीआईसीआई बैंक खाताधारक है। बीते 12 अगस्त 24 की शाम दो बार में उनके उक्त बैंक क्रेडिट कार्ड से कुल 2,24,650.92 रुपए पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने साइबर सेल सहित स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जमीन विवाद से परेशान वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर पंचायत क्षेत्र में 62 वर्षीय राजेंद्र कुमार उर्फ बाबू ने जमीन विवाद से परेशान होकर रात करीब 9 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने यह कदम अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित एक पेड़ के पास उठाया। स्थानीय लोगों के अनुसार, राजेंद्र कुमार पिछले काफी समय से पारिवारिक जमीन विवाद से परेशान चल रहे थे। विवाद को सुलझाने के कई प्रयास किए गए, लेकिन बात नहीं बनी। इस मानसिक तनाव और निराशा के चलते उन्होंने यह कठोर कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को जानकारी दी। बंथरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि, अन्य संभावनाओं को भी ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके अनुसार, मृतक काफी समय से मानसिक तनाव में चल रहे थे और कई बार चिंता जाहिर कर चुके थे। लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेंगे। पुलिस ने परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और जमीन विवाद की पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आगामी त्यौहार को लेकर एसीपी ने की पीस मीटिंग

लखनऊ। कमिश्नरेट के थाना गुडम्बा में आगामी होली और रमजान त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसीपी अनिंग्ध विक्रम सिंह, एसडीएम बीकेटी ऐ के त्रिपाठी, गुड़म्बा थाना प्रभारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख लोगों, क्षेत्रीय पार्षद, ग्राम प्रधान एवं कई व्यापारी संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। साथ ही, त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

## रेलवेकर्मी का 14 वर्षीय बेटा लापता मुकदमा दर्ज

लखनऊ। मानक नगर थाना इलाके स्थित आरडीएसओ कॉलोनी में रहने वाले एक रेलवे कर्मी 14 वर्षीय किशोर बेटा बाइस दिन पुर्व घर से लापता हो गया` पीड़ित पिता की शिकायत पर मानक नगर पुलिस ने शनिवार को गुमशुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि सीएनडब्लू में टेक्नीशियन पद पर कार्यरत मदन प्रसाद यादव निवासी ओल्ड आरडीएसओ कॉलोनी के अनुसार उनका 14 वर्षीय बेटा राजा कुमार कई बार घर से भाग चूका है और फिर अपने से ही वापस घर आ जाता हैं बीते जनवरी माह में वह गाँव चला गया था जिसे वह 28 जनवरी को लखनऊ लेकर आये थे जिसके बाद 14 फरवरी की शाम बिना किसी को बताये घर से लापता हो गया जिसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला` पुलिस के अनुसार पीड़ित पिता की शिकायत पर गुमशुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर तलाश किया जा रहा है।

# युवती पर धारदार हथियार से हमला कर किया घायल



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के देबी खेड़ा गांव में घर के सामने कंटीली झाड़ियां डाल कर रास्ता बंद कर रहे पड़ोसी को रोकना युवती को भारी पड़ गया। दबंग ने कुल्हाड़ी से हमला कर युवती को घायल कर दिया ? थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल को इलाज के लिए सी एच सी नगराम ले जाया गया।

नगराम के देबी खेड़ा गांव निवासी बेचा लाल लोधी की लड़की गुड़िया द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार रविवार सुबह परिवार के लोग घर पर नहीं थे उसी समय करीब नौ बजे सुबह पड़ोस के ही चंद्र मोहन यादव उर्फ नीतू कंटीली झाड़ियां डाल कर उसके घर के सामने का रास्ता बन्द करने लगे।

मना करने पर गंदी गंदी गालियां देते हुए कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया बचाव के लिए हाथ आगे करने से उसके दोनों हाथों में घाव हो गये। शोरगुल सुनकर राहुल व अंकुश द्वारा बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चंद्र मोहन मौके से भाग गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता गुड़िया द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी चंद्र मोहन यादव उर्फ नीतू यादव के विरुद्ध मारपीट से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## युवक को बाइक व कार सवार दबंगों ने रास्ते में रोक डंडे से पीटा, मुकदमा दर्ज



**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके स्थित एक गुरूद्वारा में बीते 12 दिन पूर्व मामा के चौथे में आए युवक को वापसी के दौरान बाइक व कार सवार ने रास्ते में रोक डंडे से पीटाई कर फरार हो गए। वहीं पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि शारदा इनक्लेव, सैनिक नगर लखनऊ निवासी नितिन लाम्बा पुत्र दविन्दर कुमार लाम्बा के अनुसार बीते 25 फरवरी की शाम वह आशियाना थाना इलाके स्थित पावर हाउस के पास गुरुद्वारे में अपने मामा के चोथे में आया था। आरोप है कि मामा के घर वापसी के दौरान शाम करीब 5.30 गुरुद्वारा रोड पर ही दो बाईक सवार दबंगों ने उसे रोक थप्पड से हमला कर दिया और पीछे से कार नम्बर यूपी 62 सी जेड 8061 से दो आदमी बाहर निकले और उसके सर पर डन्डे से सर और हाथ पैर पर हमला कर फरार हो गए। जिसकी शिकायत उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर गाडी नम्बर के आधार पर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## प्रथम विश्व युद्ध के वीरों को किया याद




लखनऊ। राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत सांस्कृतिक मंच मुनाल द्वारा बुद्ध बसंती सभागार में आयोजित गढ़वाल उत्तराखंड की संगोष्ठी में प्रथम विश्व युद्ध के विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित भारतीय प्राप्तकर्ता गबर सिंह नेगी के जीवन पर विचार रखते हुए मुनालश्री विक्रम बिष्ट ने बताया भारत के प्रथम विश्व युद्ध विक्टोरिया क्रॉस सम्मान प्राप्तकर्ता गबर सिंह नेगी के साथ प्रथम विश्व युद्ध में भारत के छह योद्धाओं को 20 जून 2016 मैं ब्रिटेन में वीरता के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार विक्टोरिया क्रॉस प्राप्त हुआ है। गोष्ठी के अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय गढ़वाली समाज की वरिष्ठ सदस्य सुश्री आकांक्षा आनंद ने विचार रखते हुए कहा इनके साथ गढ़वाल राइफल के नाइक दरवान सिंह नेगी और सिपाही खुदादाद विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित होने वाले पहले दो भारतीय थे। इस अवसर पर डॉ सविता मिश्रा मुकेश गोसाई निर्मल मंगाई हर्षिता बिष्ट अधिवक्ता रेखा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मानसी बिष्ट ने किया।

## शहरवासियों के लिए लॉन्च हुआ सैनफ्रॉन आर्केड

लखनऊ। रियल एस्टेट डेवलपर्स सैनफ्रॉन ग्रुप ने लखनऊ में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट सैनफ्रॉन आर्केड को लॉन्च किया गया। सैनफ्रॉन आर्केड आवासीय, वाणिज्यिक और मनोरंजक स्थानों का एक संयोजन प्रदान करता है। जिसे लखनऊ में उच्च गुणवत्ता वाले टिकाऊ विकास की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह परियोजना अत्याधुनिक सुविधाओं, अत्याधुनिक वास्तुकला और पर्यावरण के अनुकूल डिजाइनों के साथ एक अद्वितीय जीवन अनुभव का वादा करती है। रोहित कुमार ने कहा कि हम लखनऊ में एक परिवर्तनकारी विकास के रूप में सैनफ्रॉन आर्केड का अनावरण करने के लिए उत्साहित हैं। इस परियोजना के साथ हम लक्जरी और आधुनिक जीवन के अपने दृष्टिकोण को जीवन में ला रहे हैं। संतोष मिश्रा ने बताया नवाचार गुणवत्ता और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए सैनफ्रॉन ग्रुप ने अपने ग्राहकों और भागीदारों का विश्वास अर्जित किया है।

## श्रीमद भगवत गीता ज्ञान यज्ञ में हुई रस वर्षा



लखनऊ। श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर ( इस्कॉन ) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्रीमद भगवत गीता सेमीनार के द्वितीय एवं अंतिम दिवस इस्कॉन मंदिर अध्यक्ष एवं वक्ता श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने बताया कि हिन्दू धर्म में 33 करोड़ देवी देवताओं में से परम पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण ही मूल हैं, उन्होंने हमें बताया कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखने पर यह ज्ञान होता है कि अच्छे लोगों के साथ बुरा तथा बुरे लोगों के साथ अच्छा कभी नहीं हो सकता है। यह तभी तक रहता है जब तक व्यक्ति के पुण्य उसके साथ रहते हैं। श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण अनंत शक्तिशाली हैं, जो पूर्ण ज्ञानवान, पूर्ण सौंदर्यवान, पूर्ण बलवान, पूर्ण धनवान, पूर्ण यशवान एवं पूर्ण वैराग्यवान हैं, जो सभी को आकर्षित करने वाले हैं। अन्त में श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने बताया कि यदि हम आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो सभी धर्म ग्रंथों में समान शिक्षा दी गयी है ' श्रीमद भगवत गीता के अनुसार परम पुरषोत्तम श्रीकृष्ण ही परम ईश्वर हैं। अलग अलग धर्मों में उन्हें अलग अलग नामों से जाना जाता है। जिस तरह से सूर्य एक ही होता है लेकिन अलग अलग जगह पर अलग अलग भाषा मे उसको अलग अलग नाम दिया गया है। ठीक उसी तरह ईश्वर भी एक ही है उसे अलग अलग नामों से पुकारा जाता है। भगवत गीता सेमीनार में साउथसिटी, लखनऊ एवं आस-पास के उपस्थित गणमान्य भक्तों को श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी द्वारा लिखित पुस्तक भक्ति सनातन का आधार वितरित की गयी, जिससे वह श्रीमद भगवत गीता को सरलता से समझ सकें। उपस्थित सभी भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन कीर्तन, भोजन प्रसाद का आनंद उठाया।

# गैस सिलेंडर फटने से ढहा घर, बाल-बाल बचा परिवार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा क्षेत्र के अंबेडकरनगर में रविवार को घर में खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। आग देख महिला तीनों बच्चों को लेकर भाग कर बाहर आ गई। इतने में सिलेंडर धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि पल भर में पूरा घर ढह गया। घर की हालत देख आसपास के लोगों के होश उड़ गए। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन पूरी गृहस्थी बर्बाद हो गई। अंबेडकरनगर में मजदूर अजय परिवार के साथ रहते हैं। रविवार सुबह अजय काम से बाहर चले गए। पत्नी सोनम सुबह 7:30 बजे छोटे वाले सिलेंडर से घर में खाना बना रही थीं। तीनों बच्चे आंगन में खेल रहे थे। इस बीच गैस रिसाव से सिलेंडर में आग लग गई। आग देख सोनम ने आग बुझाने का प्रयास किया। लपटें तेज होती देख शोर मचाते हुए तीनसें बच्चों को लेकर वह भागी। सोनम घर के बाहर आई ही थी तभी सिलिंडर फट गया। धमाका इतना तेज था कि घर की दीवार और छत भरभरा कर ढह गई। तेज आवाज सुन पड़ोसी भागकर बाहर आए तो घर की हालत वह दंग रह गए। गनीमत रही कि हादसे में परिवार बच गया। सूचना पर पहुंची बंथरा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के मुताबिक घर काफी पुराना था। जांच की जा रही है।

**गनीमत रही की परिवार को कुछ नहीं हुआ:** अजय के मुताबकि घर में आग लगने की सूचना पर वह भागकर घर पहुंचे। घर आए तो वह ढह चुका था। पूरी गृहस्थी बर्बाद हो गई थी। गनीमत रही कि परिवार में सब लोग सही सलामत हैं। पत्नी ने सूझबूझ दिखा समय रहते बच्चों को लेकर बाहर आ गई।

## चार वारंटी गिरफ्तार कर भेजे गये जेल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लंबे समय से पेशी से गैरहाजिर चल रहे अलग अलग गांवों के चार वारंटियों को नगराम पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि हसन पुर कनेरी गांव निवासी राज बहादुर व सत्य प्रकाश उर्फ शलू के विरुद्ध सन-2017 व नगराम कस्बा के दक्खिन टोला निवासी सुधीर रावत के विरुद्ध सन- 2022 में दर्ज मारपीट का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। वहीं अस्लम नगर निवासी माता प्रसाद के लड़के मनोज कुमार के विरुद्ध सन-2012 में दहेज प्रतिषेध अधिनियम मुकदमा दर्ज हुआ था। जमानत पर रिहा होने के बाद से ही सभी आरोपी न्यायालय में नियत तिथियों पर लंबे समय से पेशी से गैरहाजिर चल रहे थे। न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ महोदय द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बावजूद हाजिर नहीं होने से गिरफ्तारी अधिपत्र जारी किया गया था। न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में टीमों का गठन कर रविवार सुबह दबिश देकर चारों वारंटियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## त्यौहार को शान्ति पूर्वक मनाने की अपील की

लखनऊ। रविवार को काकोरी थाने के कस्बा चौकी परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में आई पी एस अभिषेक तबाचिया,ए सी पी काकोरी शकील अहमद,इंस्पेक्टर काकोरी नबाब अहमद, कस्बा चौकी प्रभारी राजबहादुर सिंह,काकोरी नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू, पार्षद शिव हरी द्विवेदी ने सभी जन मानस से आगामी त्योहारों को सौहार्द और शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

**Notice**

It is herby Informed to the General Public that I Mahendra Sinha S/o Late Brij Behari Lal Add.- 117, Arya Nagar, Sitapur have lost the orignal Provisonal Allotment Letter No Ref- JGAAMN 111702 Dated on 06.03.2010 and also orignal Possesion Letter No Ref No- 19143/307564/AMNO111702 Dated 08.01.2019 issued by Jaiprakash Associates Limited in respect to unit bearing No- 1702 Tower 11 Jaypec Aman Greater Noida Sports city Anyone finding the said documents is requested to Kindly return the same to me or to the company. **Mahendra Sinha Mobile No. 9415062084 Email ID- sandeepsinhambec@gmail.com**

**TECHNO INSTITUTE OF HIGHER STUDIES**
**Courese Offered : B.Com (Hons.), B.A.-J.M.C., B.B.A, B.Com, B.Ed., B.Sc. (Bio/Maths), B.V.A. (Paint./App.Art), BCA, M.A.-J.M.C., M.Com (Commerce)**
आवश्यकता है प्रवक्ताओं की, योग्यता, अनुभव व वेतन यू.जी.सी./लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार-
**प्रवक्ता एम.वी.ए. (पेंटिंग)-04 पद**
आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक व अनुभव प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियों के साथ नीचे दिये गये पते पर डाक/ईमेल/व्यक्तिगत रूप से 21 दिनों में अवश्य प्राप्त करा दें।
**331, Anaura, Near Indira Canal, Ayodhya Road, Lucknow-226028**
**Email: careers@tims.edu.inContact:7897123111(IVR)**

# रंगों से खुलकर खेलना अवधेश का खुशहाल मिजाज और आत्मविश्वास है : गणनायक

- **बिजूका रिटर्न्स श्रृंखला का नाद भीतर तक छूता है : रमेश कंदगिरि**
- **प्रख्यात कलाकार अवधेश मिश्र की चित्र श्रृंखलाओं से चयनित चित्रों की एकल प्रदर्शनी का समापन**



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कला दीर्घा अंतरराष्ट्रीय दृश्यकला पत्रिका और द सेंट्रम, लखनऊ द्वारा आयोजित प्रख्यात कलाकार अवधेश मिश्र की अब तक रची गई अनेक चित्र श्रृंखलाओं की चयनित कृतियों की प्रदर्शनी का समापन हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री आचार्य अद्वैत गणनायक, पूर्व महानिदेशक, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि अवधेश मिश्र समृद्ध रंगों के बर्ताव के लिए जाने जाते हैं। वे रंगों से खुलकर खेलते हैं। उनके तूलिका संचालन से ही आकारों का सृजन हो जाता है और वे संतुलित संयोजन के रूप में कला प्रेमियों को आकर्षित करते हैं। यह प्रदर्शनी प्रकृति, ग्राम्य जीवन और अवधेश की जीवन यात्रा का सजीव दस्तावेज हैं। अवधेश मिश्र एक प्रख्यात कलाकार और शिक्षक हैं जिनके शिष्यों ने कला जगत में उनकी कला परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अपनी एक पहचान बनाई है। विशेष अतिथि आचार्य रमेश कंदगिरी, कला एवं शिल्प महाविद्यालय, नई दिल्ली ने कहा कि अवधेश के चित्रों का नाद मन के तारों को भीतर तक झंकृत कर देता है। वह सहलाता और झकझोरता है अपने को देखने और भीतर झांकने तथा अपनी यात्रा का सिंहावलोकन करने के लिए। यह चित्र प्रदर्शनी दर्शकों के लिए अविस्मरणीय रहेगी और शीघ्र ही अगली चित्र श्रृंखला का कला प्रेमियों को इंतजार रहेगा। द सेंट्रम, शहीद पथ, लखनऊ की कला दीर्घा में चौपाल प्रदर्शनी के समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश : कल, आज और कल तथा देखना अवकाश को सद्य प्रकाशित पुस्तकों के लेखक अमल मिश्र, प्रदर्शनी के दोनों समन्वयक डॉ अनीता वर्मा एवं सुमित कुमार, मनदीप वर्मा, दिनेश तिवारी और विनीता निगम के साथ नगर के अनेक कला प्रेमी और कलाकार उपस्थित थे। प्रदर्शनी की समन्वयक डॉ लीना मिश्र ने बताया कि शीघ्र ही यह प्रदर्शनी कानपुर की गुरुकुल कला वीथिका में भी वहां के कला प्रेमियों और कलाकारों के अवलोकनार्थ आयोजित की जाएगी।

## इनरव्हील क्लब ऑफ लखनऊ ने मनाया महिला दिवस

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर इनरव्हील क्लब ऑफ लखनऊ द्वारा वोमेनस डे का जश्न मनाया गया। मुख्य अतिथि भी थी, उनकी समाज के प्रति बहुमूल्य उपलब्धियों के लिये सम्मानित किया। इनरव्हील क्लब ऑफ लखनऊ की प्रेसिडेंट संगीता मितल ने बताया कि उनके क्लब का सतत ये प्रयास रहता है कि वो महिलाओं को जीवन में आगे बढ़ने में मदद करे।

# आज भी होलियारों को भा रही है चांदी की पिचकारी

## चांदी की पिचकारी से होली खेलने का रिवाज, बाजारों में तरह-तरह की पिचकारी उपलब्ध






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** होली का त्योहार आते ही बाजार तरह-तरह की पिचकारी से सज जाता है। बाजार में आपको सस्ती से लेकर महंगी तक पिचकारी मिलेंगी. लेकिन आज हम आपको बता रहे हैं चांदी की पिचकारी के बारे में। जी हां, आपको शायद पता न हो लेकिन अवध की खास परम्परा है चांदी की पिचकारी से होली खेलने की। कहा जाता है कि अवध के नवाब वाज़िद अली शाह चांदी की पिचकारी से होली खेलते थे और होली खेलकर उन्होंने गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा दिया।

आज भी लखनऊ में चांदी की पिचकारी देखी जा सकती है। कुछ लोग इसी परम्परा को निभाने के लिए चांदी की पिचकारी खरीदते हैं और उससे होली खेलते हैं। लखनऊ के बाजार में अलग-अलग डिजाइन और छोटे-बड़े आकार की चांदी की पिचकारी देखी जा सकती है। किसी में मीनाकरी का काम है तो किसी पिचकारी को रंग से सजाया गया है। उत्तर भारत के सबसे बड़े सर्राफा मार्केट में भी होली के रंग को और खुशनुमा बनाने की तैयारी है। हर साइज की पिचकारी के साथ उसी साइज की बाल्टी रंग घोलने के लिए है।

**ऑर्डर पर बनवाई जाती है चांदी की पिचकारी:** चांदी की पिचकरी के लिए लोग पहले से ऑर्डर देते हैं, जिसके बाद उनको तैयार किया जाता है। साथ ही, कुछ पिचकारी तैयार करके रखी जाती हैं जिसे लोग देख कर पसंद कर सकें। कृष्ण को हर जगह होली से जोड़ा जाता है पर अवध में राम को भी होली खेलते हुए देखा गया है। इसीलिए भगवान को अर्पण करने के लिए छोटी पिचकारी भी है और रंग घोलने के लिए छोटी बाल्टी भी। इन चांदी की पिचकारी की कीमत 2000 रुपए से लेकर 25 हजार रुपए तक है। यह गारंटी कार्ड के साथ आती है। चांदी की बाल्टी और पिचकारी को होली में इस्तेमाल करने के बाद आप उसे रख सकते हैं, यानी ये एक निवेश भी है। यही वजह है कि लोग होली से काफी पहले ही अपने पसंद की चांदी की पिचकारी खरीद रहे हैं।

**यह भी है परंपरा:** विनोद ज्वेलर्स के मालिक ने बताया कि सोने चांदी की बाल्टी और पिचकारी से लोग रंग तो खेल सकते ही हैं. साथ में इसका इस्तेमाल शादी के बाद बेटी की पहली होली पर भी उसके माता-पिता उपहार में भी दे सकते हैं। उसी के लिए बुकिंग भी लोग करा रहे हैं। चौक सरार्फा एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदिश जैन ने बताया कि चांदी की पिचकारी और बाल्टी तो पहले भी बाजार में आती रही है, लेकिन इस बार लोगों की मांग ज्यादा है। लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं। इसका इस्तेमाल रंग खेलने के अलावा माता-पिता लड़की को उसकी शादी की पहली होली पर बतौर तोहफा देते हैं।

# हां हां मोहन गिरधारी...



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पर्वतीय महापरिषद शाखा- गोमती नगर के तत्वावधान में आज पर्वतीय महापरिषद भवन, गोमती नगर, लखनऊ में पर्वतीय शैली की होली गायन का आयोजन किया गया। जिसमें गोमती नगर एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों एवं गणमान्य जनों ने होली गायन कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पारम्परिक होली- सिद्धि के दाता विघ्न विनाशन, होली खेलें गिरिजापति नन्दन, शिव के मन माही बसे काशी, हाँ हाँ मोहन गिरधारी जैसी लोक प्रसिद्ध होली गीतों की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी ने सभी को होली की शुभकामनाऐं प्रदान की तथा महासचिव महेन्द्र सिंह रावत ने होली को प्रेम एवं सौहार्द का पर्व बताया तथा मुख्य संयोजक टीएस मनराल एवं संयोजक केएन चंदोला ने उपस्थित जन समुदाय को शुभकामनाऐं प्रदान की। होली बैठकी से पूर्व पर्वतीय महापरिषद, शाखा गोमती नगर द्वारा गोमती नगर क्षेत्र के 100 महाकुम्भ स्नार्थियों का सम्मान किया। पर्वतीय महापरिषद द्वारा 500 लोगों को महाकुम्भ मेला में स्नान हेतु लाने ले जाने की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर शाखा गोमती नगर रामलीला समिति के अध्यक्ष गोविन्द सिंह बोरा, महासचिव रमेश चन्द्र उपाध्याय, ख्याली सिंह कड़ाकोटी, पुष्कर नयाल, आनन्द सिंह कपकोटी, संरक्षक प्रो. आरसी पन्त, पीसी पन्त, हेमंत सिंह गड़िया, कमल सिंह, एन के उपाध्याय, नेगी, गीरीश चन्द कोठारी, त्रिभुवन बोरा, किशन सिह, भुवन पाण्डेय, डा. बी एस नेगी, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# उड़ान होली रंग उत्सव में अवध व बृज की होली की मनोरम छटा बिखरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में आज फरीदी नगर चांदन रोड इन्दिरा नगर लखनऊ स्थित संस्था के प्रांगण में आयोजित उड़ान होली रंग उत्सव में अवध व बृज की होली की मनोरम छटा बिखरी। उड़ान होली रंग उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनीता श्रीवास्तव (रेवान्त) और विशिष्ट अतिथि लोक नृत्य की चितेरन लोक नृत्यांगना सरिता सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कर किया। होली के रंगों से रंगे कार्यक्रम का शुभारंभ स्वरा ने श्री गणेशाय देवा पर भावपूर्ण नृत्य से हुआ।

भगवान गणेश जी के चरणों में समर्पित इस प्रस्तुति के उपरान्त होली खेल रहे नन्द लाल वृंदावन की कुंज गलिन में अवधी होली गीत पर सविता कन्नौजिया, नीतू शर्मा, पूजा पांडेय, निशा, शिखा, रितिका, मोहिनी, रेखा, सीमा राय, कंचन लता, रेखा ठाकुर, रेखा शरन, पूनम और प्रतिमा ने आकर्षक अवध की होली की मनोरम छटा बिखेरी।

मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के बाद आराधना, रितिका, गिरीश कुमारी, बीनू यादव, अलका, खुशबू, स्वीटी, ऊषा तिवारी, सविता, ऊषा, संगीता, अर्चना, सोनी वर्मा, नीरज, हर्षिता और कल्पना ने रसिया को नार बनाओ री रसिया को पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर बृज की होली के रंगों से सबको सराबोर कर दिया। होली के रंगों से सजे कार्यक्रम के अगले सोपानों में सरिता सिंह के नृत्य निर्देशन में आभा, प्रतिभा, पारुल, सीता, भारती, संगीता शाक्य, नीती, सुनीता यादव, प्रतिभा, शालिनी, प्रियंका, कल्पना त्रिपाठी, जानवी गुप्ता, स्वाति सिंह, महक गुप्ता, हेमलता, प्रियम पांडे, अनीता श्रीवास्तव, अभिलाषा, नीरजा, शालिनी, सुनीता खरे, कविता और सुधा ने आज बिरज में होली रे रसिया, होरी खेले रघुबीरा अवध में होरी खेले रघुबीरा जैसे अन्य अवधी, बृज, बनारसी और चौतल पर मन मोहक नृत्य प्रस्तुत कर होली का मनोरम दृश्य सृजित किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष पंडित और धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र यादव ने दिया।

# पैदल आस्यां ओ सांवरिया थारी खाटू नगरी...

## श्री श्याम ध्वजा यात्रा में फाल्गुनी गीत गाते-नाचते खाटूश्यामजी पहुंच रहे श्रद्धालु

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** श्री श्याम भक्त पारंपरिक पोशाकों के साथ श्री श्याम ध्वजा को लहराते हुए दिख रहे थे रथ पर सवार श्याम बाबा की शोभा यात्रा, गुलाल और भजनों पर नाचते गाते ध्वजा लहरते हुए एक साथ चलते हुए पूरा वातावरण को श्री श्याम भक्तिमय का ये नाराज श्री श्याम परिवार द्वारा आयोजित श्री श्याम ध्वजा यात्रा में देखते ही बन रहा था।

श्री श्याम परिवार लखनऊ के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार पच्चीस सौ से अधिक भक्तों ने श्री श्याम ध्वज उठाकर श्री श्याम ध्वजा यात्रा में सम्मिलित हुए। श्री श्याम ध्वजा सुबह 9 बजे नाका चौराहा स्थित मन्दिर में निशान ध्वजा की पूजन में श्री श्याम परिवार के सदस्यगण के साथ उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा पत्नी बिन्दु बोरा में उपस्थित रहें यात्रा आदर्श धर्मकांटे के पास आर्यनगर ऐशबाग रोड होकर फतेहगंज, श्रीराम रोड, कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौराहा होते हुए अपराह्न 2 बजे श्री श्याम मंदिर बीरबल साहनी मार्ग पर संपन्न हुई। भजन गायक पवन मिश्र ने श्याम बाबा एवं अन्य देवी-देवताओं के एक से बढ़कर एक भजन सुनकर भक्तगण झूमने लगे इन भजनों में एक कीज्यो केसरी के लाल मेरा छोटा सा काम, आ गया दर पर तेरे सुनवाई हो जाए, मेरे सिर पर तेरा हाथ रहे खाटू वाले तूं सदा साथ रहे, आएगा वो आएगा नीले चढ़ के आएगा, बाबा थारी मोर छड़ी लहराई रे, मेरा हाथ पकड़ ले रे मन मेरा घबराए सहित एक के बाद एक भजन ओ दर्जी सिल दे निशान माने खाटू जाना है, आओ सांवरिया सरकार, मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ सांवरे, झाड़ू दे दे श्याम नहीं तो जाटनी मर जाओगी, होलिया में उड़े रे गुलाल श्याम जी के मंदिर में आदि एक से बढ़कर एक श्याम बाबा के भजन भक्तों को सुनाये गये।

**पचास से अधिक जगहों पर हुआ भव्य स्वागत:** पूरे मार्ग में जगह-जगह पचास से अधिक व्यापारी, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा भी श्याम भक्तों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जा रहा। जहां एक ओर व्यापारी पानी, लड्डू, बिस्कुट, नमकीन का पैकेट विद्युत कर रहे थे वहीं सामाजिक संस्थाएं भक्तों पर पुष्प वर्षा कर रहे थे।

**लखनऊ के कोने-कोने से पहुंचे भक्त:** फाल्गुनी खाटू श्याम ध्वजा यात्रा और होली का रंग श्याम भक्तों पर चढ़ने लगा है बाबा श्याम के भक्त, पैदल आस्यां ओ सांवरिया थारी खाटू नगरी... जैसे फाल्गुनी गीत गाते चल रहे हैं बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई, रहारे के सहारे बाबा श्याम हमारेर जयघोष करते हुए बाबा की एक झलक पाने को बेताब दिख रहा था। यात्रा को भव्य बनाने में कार्यवाहक अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, सुधीर गर्ग, अनुराग साहू, शिव सिंघानिया, प्रदीप बंसल, विकास अग्रवाल, विजय अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, ऋषि कपूर, वीरेंद्र अग्रवाल, सुधीश अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, शिवम दुबे आदि श्री श्याम भक्त अपनी सेवा में लगे हुए दिख रहे थे।

**आज फाल्गुनोत्सव सांवरिये का होगा कार्यक्रम:** महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि 11 मार्च सायं 7 बजे से फाल्गुनोत्सव सांवरिये कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा जिसमें सुप्रसिद्ध श्री श्याम भजन गायक कलकत्ता गुरुप्रीत सिंह, रानी कौर तथा श्री श्याम बाबा की लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका कलकत्ता से कविता शर्मा व भास्कर ग्रुप द्वारा आयोजित किया जाएगा।

# फाग गीतों के बीच खेली फूलों की होली, जमा रंग

- डॉ. करुणा पाण्डे की कृति 'होली के रंग कुमाऊं' के संग का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ढोलक की थाप और फगुआ की रसभरी गीतों की गूंज के साथ महिलाओं ने जमकर फूलों की होली खेली। गोमती नगर के विश्वास खण्ड में आयोजित होली संगीत कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डा. करुणा पाण्डे की कृति होली के रंग कुमाऊँ के संग का लोकार्पण भी किया गया।

लोक संस्कृति शोध संस्थान और लखनऊ लिटरेरी क्लब के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने अपने विचार रखे और कृतिकार को बधाई दी। पद्मश्री डा. विद्याविन्दु सिंह ने पारम्परिक फाग गीतों को लोक संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि होली का त्योहार लोक मन के उल्लास को मुखर अभिव्यक्ति देता है। रचनाकार डा. करुणा पाण्डे ने कहा कि समय के साथ हमारी कई समृद्ध परंपरायें लुप्त हो रही हैं। नई पीढ़ी फिल्मी गीतों के होली संगीत को तो जानती है किन्तु माटी के गीतों से दूर होती जा रही है। मैंने इस कृति में कुमाऊँ अंचल की खड़ी होली, बैठकी होली और महिला होली की परम्परा के 123 गीतों को सहेजने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डा. पूर्णिमा पाण्डे, वरिष्ठ गायिका पद्मा गिडवानी, विमल पन्त, उमा त्रिगुणायत, विनीत सिन्हा, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की प्रधान सम्पादक डा. अमिता दुबे, राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की महामंत्री डा. सीमा गुप्ता, लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव डा. सुधा द्विवेदी, डा. राधा बिष्ट आदि ने भी अपने विचार रखे। प्रेरणा पाण्डे ने आगंतुकों का अबीर गुलाल से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रुपाली श्रीवास्तव ने गणेश वन्दना से की। देवताओं का आवाहन गीत सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन, हिमालय डाना लाल भयो, शिवशंकर खेलत हैं होरी, आज बिरज में होली रे रसिया, आयो नवल बसंत आदि गीतों की प्रस्तुति के साथ ही केसरी रंग डारो भिगावन गीत द्वारा सबको आशीर्वाद दिया गया। निर्मला पंत, अरुणा उपाध्याय, शारदा पाण्डेय, नीरा मिश्रा, ज्योति किरन रतन, डा.अंजू भारती, सरिता सिंह, नीना सिंह, अनामिका, अनीता गुप्ता, गीता चौधरी, डा. मंजू मेहरोत्रा, रीता अग्रवाल, पूनम कनवाल, कुमकुम मिश्रा, हेमलता त्रिपाठी, अर्चना गुप्ता, लक्ष्मी जोशी, किरन यादव, स्वरा त्रिपाठी, हरीतिमा पन्त, प्रो. सीमा सरकार आदि हुरियारों ने पारम्परिक होली गीत से माहौल को फागुनी बनाया। बीच बीच में महिलाओं ने मनमोहक नृत्य कर इसे सतरंगी स्वरुप दिया। कार्यक्रम में सर्वश्री अनिल पाण्डे, चेतन बिष्ट, डा.एस.के.गोपाल, शशांक, ललित भट्ट सहित अन्य मौजूद रहे।

# राष्ट्र की समृद्धि और विकास के लिए परस्पर सद्भावना और सौहार्द जरूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान एवं सामाजिक सद्भाव लखनऊ महानगर के संयुक्त तत्त्वावधान में अहिंसा मयी जीवन का आधारःपरस्पर सद्भाव और सौहार्द विषय पर आयोजित परिचर्चा में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वांतरंजन ने कहा कि राष्ट्र की समृद्धि और विकास के लिये परस्पर सद्भावना और सौहार्द आवश्यक है। भारत विश्व में अहिंसा का अग्रदूत है। ई पूर्व छठी शताब्दी में भगवान महावीर और भगवान बुद्ध ने मानवीय गुणवत्ता को प्रखर करने हेतु अहिंसा को सरल और स्पष्ट भाषा में प्रस्तुत किया। विश्व शान्ति के लिए आज अहिंसा की उपादेयता बहुत अधिक है।

उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि भारतीय संस्कृति के सभी धर्म और पंथ में क्षमा, अहिंसा और सत्य का प्रादुर्भाव है। करुणा और मैत्री भाव सद्भावना और सौहार्द की आधारशिला है। राष्ट्र उन्नति के लिए आवश्यकता है कि करुणा और क्षमाशीलता जैसे मानवीय गुणों को पुनः स्थापित किया जाये। बौद्ध संस्थान के बौद्ध भिक्षु शील रतन ,बौद्ध भिक्षु बेंजुलिम महास्थविर ,प्राजपति ब्रह्मकुमारी बहन राधा दीदी , लखनऊ जैन समाज के डॉ. संजीव जैन , बाराबंकी समाज के महावीर जैन ,अध्यक्ष, शहीद बाबा दीप सिंह सोसाइटी सरदार रणबीर सिंह ,अध्यक्ष, याहिया गंज गुरूद्वारा कमेटी ,डॉ. गुरमीत सिंह ,वामन मन्दि अयोध्या के पूज्य महंत वैदेही बल्लभ, गायत्री परिवार लखनऊ अनिल तिवारी जी, अध्यक्ष, संत रवि दास सेवा समिति , लखनऊ राम खिलावन जी , उदासीन अखाड़ा, लखनऊ के महंत धर्मेन्द्र दास जी , सिन्धी समाज से नानक जी सामाजिक सद्भाव लखनऊ महानगर सुशील जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुये बताया कि सामाजिक समरसता देश की अखण्डता, एकता और विकास के लिए अत्यन्त आवश्यक है। कार्यक्रम में जैन संस्थान के निदेशक अमित कुमार अग्निहोत्री, बौद्ध संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश सिंह, के राजेन्द्र कुमार, राम कुमार, सुशील जैन, धनंजय गुप्ता, सीताराम, अरुणेश मिश्रा, ने मंचासीन अतिथियों और वक्ताओं का सम्मान किया।

# गुरु तेग बहादुर जी के शहादत दिवस को समर्पित सहज पाठ का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वोत्तम बलिदान देने वाले नौंवे गुरु साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 में शहादत दिवस को समर्पित करते हुए गुरुद्वारा गुरु रामदास जी आर्य नगर लखनऊ में सहज पाठों की आरंभता संगतों द्वारा की गई।

लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी के 350 में शहीदी वर्ष में केंद्रीय सिंह सभा गुरुद्वारा आलमबाग द्वारा पूरे प्रदेश में 11000 सहज पाठों की आरंभता का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिए केंद्रीय सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार निर्मल सिंह पूरे प्रदेश में गुरुद्वारों में जाकर संगतो को सहज पाठ करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिसके अंतर्गत आज गुरुद्वारा गुरु रामदास जी में संगतों द्वारा सहज पाठों की आरंभता की गई। गुरुद्वारा साहब के मुख सेवादार स0 तेजिंदर सिंह ने बताया कि सहज पाठ करने के लिए संगतों को हिंदी और पंजाबी में सैचियां निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी जिसकी सेवा केंद्रीय सिंह सभा गुरुद्वारा आलमबाग द्वारा करवाई गई हैं। इसी वर्ष के नवंबर माह में गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी दिवस मनाते हुए पूरे प्रदेश की संगतों द्वारा सामूहिक रूप से सहज पाठों की समाप्ति करके गुरु साहब को अपनी श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# लखनऊ पुस्तक मेले में बिकी 25 लाख की किताबें

- रही कविताओं की गूंज, हुआ विमोचन और सम्मानित हुए प्रतिभागी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** अगले वर्ष फिर आने के वादे के साथ रवीन्द्रालय चारबाग में एक मार्च से चल रहा लखनऊ पुस्तक मेला विदा हो गया। मोटे अनुमान के मुताबिक मेले में कुल 25 लाख रुपये की पुस्तकें बिकीं। अंतिम दिन आज रविवार के नाते मेले में छात्र-छात्राओं के संग पुस्तक प्रेमियों की भारी भीड़ रही।

मेले को एक अच्छा अनुभव बताते हुए मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि मेले में 25 लाख रुपये से अधिक की पुस्तकों की बिक्री हुई। बच्चों और युवाओं की भागीदारी मेले में सर्वाधिक रही।

समापन समारोह में चिल्ड्रेन बुक ट्रस्ट, दिव्यांश पब्लिकेशंस, नवपल्लव, अदित्रि बुक्स, राष्ट्रधर्म प्रकाशन, नमन प्रकाशन, नवपल्लव, बोधरस प्रकाशन आदि अन्य प्रतिभागी प्रकाशनों, वितरकों और यूपी त्रिपाठी, ज्योति किरन रतन आदि सहयोगियों को अतिथियों के साथ मेला संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने स्मृति चिह्न प्रदान किये। इससे पहले मंच पर शुभि प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक काशी शैविज्म का विमोचन प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना डा.कुमकुम धर ने किया। पुस्तक के लेखक गौतम चटर्जी ने बताया कि उनकी किताब कला, अध्यात्म और दर्शन को रेखांकित करती है। प्रो.प्रकाश ने कहा कि पुस्तक विषय पर लेखक की गहन पैठ से निकली है। डा.कुमकुम धर ने नृत्य में नटराज के ताण्डव और लास्य के महत्व को बताया। इस अवसर पर लमही के सम्पादक विजय राय, कला वसुधा के सम्पादक शाखा बंद्योपाध्याय आदि उपस्थित थे।

इससे पहले सुबह लक्ष्य संस्थान का कवि सम्मेलन उमेश चन्द्र दुबे की अध्यक्षता में चला। डा.शरद कुमार पाण्डेय शशांक के संचालन में मानस मुकुल त्रिपाठी मानस, कुलदीप शुक्ल, मंगल सिंह, विश्वम लवलीन, सुनील कुमार वाजपेई, सीमा, मिशा सिह नवल, अनुजा मनु, गायत्री जोशी अरुणिमा, प्रवीण कुमार शुक्ल गोबर गणेश, मनमोहन बाराकोटी, शिवमंगल सिंह मंगल, श्याम मिश्र, कृपाशंकर श्रीवास्तव विश्वास, सुनील कुमार वाजपेयी व डा.निशा सिंह ने रचनाएं पढ़ीं। मेले में फोर्स वन बुक्स के साथ यूपीएमआरसी लखनऊ मेट्रो, रेडियो सिटी, ओरिजिंस, विजय स्टूडियो, ज्वाइन हैण्ड्स फाउण्डेशन, लोकआंगन, विश्वम फाउंडेशन, समग्र एंटरप्राइजेज, पृथ्वी इनोवेशन, किरन फाउंडेशन, सिटी एसेंस, ट्रेड मित्र, प्लांटिलो आदि के सहयोग रहा।

# औरंगजेब महान कैसे ?

राम, कृष्ण, कबीर, महावीर, बुद्ध की इस धरती पर कोई भी ऐसा व्यक्ति आदर्श नहीं हो सकता है जिसने क्रूरता और हैवानियत की सारी हदें पार की हों। औरंगजेब अच्छा शासक था, अपने दिलो-दिमाग में यह विचार बनाने से पहले व्यक्ति एक मिनट रुककर औरंगजेब के कुकृत्यों के बारे में सोचेंगा तो चाहे जितने शांत मस्तिष्क का हो, उसे औरंगजेब से जरूर घृणा हो जायेगी। जी हां ! औरंगजेब के अपराध कभी भी भूलने के काबिल नहीं हैं। इस क्रूर हत्यारे की तुलना इतिहास में सिर्फ चंगेज खान से की जा सकती है जिसने अपने समय में करोड़ों लोगों का कत्ल किया। लेकिन गंभीर सवाल यह है कि करीब 300 साल पुराना इतिहास आज प्रासंगिक कैसे हो सकता है ? यदि इतिहास प्रासंगिक नहीं है, तो तत्कालीन बादशाहों, आक्रांताओं, तानाशाहों की चर्चा भी क्यों की जाये ? आज हम एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक और संप्रभु राष्ट्र के नागरिक हैं, तो उस अतीत की चर्चा भी क्यों की जाये, जिसका इतिहास दुराग्रह और झूठ की सोच से लिखा गया हो ? भारत की विडंबना यह है कि यहां की लोकतांत्रिक राजनीति लगभग दो फाड़ है। एक तरफ भाजपा और उसके सहयोगी दल तथा दूसरी तरफ



भाजपा-विरोधी जमातें हैं। ऐसी स्थिति में बाबर, अकबर, औरंगजेब सरीखे मुगल बादशाह भी उस सियासत के कथित आदर्श हो जाते हैं, जो वैचारिक तौर पर भाजपा-विरोधी है। हालांकि समकालीन इतिहास, घटनाक्रम और जनमत से स्पष्ट है कि बहुधा मुसलमान इन बादशाहों को न तो अपना आदर्श मानते हैं और न ही इनके नाम पर वोट देते हैं। अलबत्ता औरंगजेब की समर्थक एक जमात हमारे देश में सक्रिय भी है और वह पढ़ी-लिखी, जागरूक जमात है, लेकिन क्या करें, वह दक्षिणपंथी राजनीति की घोर विरोधी है, लिहाजा औरंगजेब भी उसे प्रिय लगता है। फिलहाल प्रसंग महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं विधायक अबु आजमी का है। उन्होंने औरंगजेब को उदार और महान बादशाह माना है। संविधान में प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार को न तो कवच बनाया जाये और न ही उसकी गलत व्याख्या स्वीकार्य है। चूंकि अबु आजमी को सदन से निलंबित करने का आग्रह उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का था और लगभग पूरा सदन समर्थन में था, बेशक कांग्रेस ने भी खामोशी से की, लिहाजा आजमी को पूरे बजट सत्र के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया। शिवसेना के उद्धव ठाकरे ने तो अबु आजमी की सदस्यता स्थायी रूप से खत्म करने की मांग की है। उद्धव और सपा तो विपक्षी गठबंधन के साथी हैं। अब सवाल इस गठबंधन पर भी है। चूंकि सपा नेता ने जिस तरह औरंगजेब का महिमामंडन किया है, वह महाराष्ट्र से निकल कर उप्र, बिहार और देश के अन्य हिस्सों का भी मुद्दा बन गया है, लिहाजा हमारे लिए भी यह बड़ा सवाल है कि औरंगजेब को उदार और महान बादशाह किस आधार पर माना जाये ? अबु आजमी भाजपा की विरोधी पार्टी के नेता है। इसलिए वे भी भाजपा के घोर विरोधी नेता माने जाते हैं। क्या इसी आधार पर किसी बादशाह को उदारवादी, मानवीय, मंदिर-निर्माता आंका जा सकता है ? औरंगजेब ने अपने पिता बादशाह शाहजहां को आगरा किले में कैद करवा दिया था और उन्हें बूंद-बूंद पानी के लिए तरसा दिया था। शाहजहां ने अपनी आत्मकथा में लिखा था कि हे खुदा ! ऐसा कमबख्त बेटा किसी घर में पैदा न करना। यही नहीं, औरंगजेब ने अपने सगे भाई दारा शिकोह को पिंजरे में कैद कर दिल्ली के चांदनी चौक में घुमाया था। उसके अत्याचारों की दास्तां लंबी है। गुरु तेग बहादुर के साहबजादों का इसलिए सिर कलम करवा लिया था कि क्योंकि बहादुर साहबजादों ने इस्लाम स्वीकार नहीं किया था। ऐसे कट्टरपंथी और क्रूर शासक को आखिर उदार कैसे माना जा सकता है ? निश्चिय ही यह भाजपा विरोध की सियासत में नीचे गिरने का ही मामला है, इससे वोट नहीं बढ़ेंगे, लेकिन नुकसान जरूर होगा।

---

**विचार**

ताजा दुहा हुआ दूध जिसप्रकास शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसी प्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।

–महात्मा बुद्ध.

यदि कोई व्यक्ति कुछ भी काम नहीं करता है तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।

–बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने का प्रयास मत करो।

–स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है, वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।

–कालिदास.

जो कायरता से शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अत: जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।

–मुनि गणेशवर्णी.

# उच्च विकास दर के लिए जरूरी है नया निवेश



मनोज वाजपेयी

**विमर्श**

> कैपिसिटी यूटिलाइजेशन बढ़ने के बाद कंपनियों के लिए निवेश बढ़ाना और नयी क्षमता जोड़ना जरूरी होता है। ऐसे में कंपनियों के लिए यह उपयुक्त समय है कि वे अब नये निवेश के जरिए अपनी क्षमता विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ायें। जहां तक ट्रंप के घोर संरक्षणवाद की नीति का सवाल है, तो वैश्वीकरण के इस दौर में नयी विश्व व्यवस्था बनाना किसी एक देश के वश की बात नहीं है।

देश की आर्थिक प्रगति को बढ़ाने और सतत् उच्च विकास दर बनाये रखने की जिम्मेदारी अकेले सरकार के कंधों पर डालना ठीक नहीं है। वह भी तब जब बीते सात-आठ वर्षों के दौरान सरकार ने सुधार के अनेक साहसिक उपाय भी किये हैं और महामारी के दौर में भी जब सरकार के रेवेन्यू तक सूख गये थे, इसके बावजूद सरकार ने कदम वापस खींचने के बजाय गरीबों के लिए तमाम राहत उपाय, चिकित्सा सेवाओं पर भारी व्यय और राष्ट्र व्यापी प्रतिरक्षण अभियान चलाकर एक तरफ सबको सुरक्षित भी किया, तो दूसरी तरफ विकास गाड़ी जो पटरी से उतर चुकी थी और महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था संकुचन की राह पर थी, तब सरकार ने अपने राजकोषीय अनुशासन के रिकॉर्ड को छोड़कर पूंजीगत निवेश बढ़ाने के लिए जमकर खर्च किया। चुनिंदा क्षेत्रों में प्रोडक्शन लिंक इन्सेंटिव लांच किया गया, रोड-पोर्ट से से लेकर तमाम बुनियादी क्षेत्रों में भारी निवेश के जरिए ढांचागत विकास को भी बनाये रखा गया और निर्माण व विनिर्माण जैसे रोजगार इंटेसिव सेक्टर को भी बूस्ट देने के लिए सरकार ने गंभीर प्रयास किया और सार्वजनिक पूंजी लगाकर विकास को आगे बढ़ाया। इस तरह महामारी से उथल पुथल मचने के बाद केंद्र सरकार ने पूंजीगत व्यय में भारी वृद्धि कर दी थी। निवेश ने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए मांग बढ़ाने का काम भी बखूबी किया मगर यह भी माना गया था कि कभी न कभी निजी क्षेत्र निवेश का जिम्मा अपने हाथ में लेगा और वृद्धि बरकरार रहेगी।

केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय 2019-20 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.67 फीसदी था, जो 2024-25 में बढ़कर 3.4 फीसदी तक पहुंच गया। हालांकि महामारी से तो हम बहुत तेजी से उबर गये मगर निजी निवेश में इजाफा सुस्त ही रहा है। ध्यान रहे कि महामारी से पहले भी निजी निवेश धीमा ही था। महामारी के पहले के सालों में निवेश की स्थिति को कुछ हद तक 'बैलेंस शीट की दोहरी समस्या' से भी समझा जा सकता है। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद कंपनियों और बैंकों दोनों की बैलेंस शीट



बहुत खस्ता हो गई थीं। हालांकि अब यह दिक्कत पूरी तरह दूर हो चुकी है और कंपनियों तथा बैंकों की बैलेंस शीट अच्छी स्थिति में है। किंतु निजी क्षेत्र अब भी ज्यादा निवेश करना नहीं चाहता। इस वित्त वर्ष में स्थिर मूल्यों पर देश का सकल स्थिर पूंजी निर्माण जीडीपी के 33.4 फीसदी के बराबर रहने का अनुमान है। लगातार ऊंची वृद्धि हासिल करने के लिए इसे बढ़ावा देना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी हफ्ते निजी कंपनियों से कहा कि उन्हें मूक दर्शक नहीं बने रहना है। उन्होंने कंपनियों से मौके पहचानने और चुनौतियां स्वीकारने के लिए कहा।

प्राइवेट सेक्टर के निवेश को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि निजी क्षेत्र को बताना चाहिए कि उन्हें निवेश बढ़ाने से कौन सी बात रोक रही है। सरकार बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए भारी खर्च के साथ ही निवेश बढ़ाने के प्रयास भी कर रही है। उदाहरण के लिए 2014 के बाद से अब तक उसने 42,000 से अधिक नियम-कायदे हटा दिए हैं। 3,700 से अधिक कानूनी प्रावधानों को फौजदारी से बाहर कर दिया गया है और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। विनियमन आयोग पर चर्चा हो रही है। चूंकि वास्तव में निवेश राज्यों के भीतर होता है, इसलिए आयोग को अपने काम के दायरे के हिसाब से राज्यों के साथ मिलकर काम करना होगा। 2000 के दशक की तेज वृद्धि असल में 1990 के दशक के सुधारों के कारण आई थी। कुछ प्रस्तावित उपायों को कारोबारी सुगमता बढ़ाने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा माना जा सकता है, जिनका फायदा आगे चलकर मिलेगा किंतु भारतीय कंपनियों के निवेश नहीं करने की कई वजह हो सकती हैं। इन वजहों को पहचानने के साथ ही जो चुनौतियां आड़े आ रही हैं उनका समाधान भी जरूरी है, ताकि उद्यमी नये निवेश के लिए आगे आयें और अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार बनी रहे। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि विनिर्माण क्षेत्र में 75 फीसदी क्षमता का इस्तेमाल हो रहा है, जो लंबे अरसे के औसत से कुछ ही ज्यादा है। आम तौर पर कंपनियां इसी स्तर से क्षमता बढ़ाने के लिए नया निवेश करने की सोचती हैं। लेकिन उनकी अनिच्छा की दो बड़ी वजहें हो सकती हैं। पहली, अनिश्चितता भरा वैश्विक माहौल, जिसमें डोनॉल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद इजाफा ही हुआ है। दूसरी, चीन में आवश्यकता से अधिक क्षमता होना, जिसके कारण कंपनियों के लिए निर्यात बढ़ने की संभावना घट जाती है। 2000 के दशक में अधिक निवेश के साथ ऊंची आर्थिक वृद्धि तो हो ही रही थी, निर्यात भी बहुत बढ़ रहा था। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार जीडीपी में निर्यात की हिस्सेदारी 2003 में 15 फीसदी थी, जो 2013 में बढ़कर 25 फीसदी से ऊपर चली गई। मगर 2019 में यह घटकर 18.7 फीसदी रह गई। उसके बाद से हिस्सेदारी बढ़ी है मगर अपने सर्वोच्च स्तर से बहुत कम है। निवेश और कुल वृद्धि में कमजोरी को निर्यात की सुस्ती से समझा जा सकता है। सरकार निर्यात पर शुल्क कम कर रही है मगर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

बैंकिंग एवं वित्त तथा तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों को छोड़कर 800 कंपनियों के विश्लेषण से पता चलता है कि अगले वित्त वर्ष में कर-पूर्व लाभ मार्जिन बढ़कर 20 प्रतिशत तक हो जाएगा। सरकार पिछले कुछ वर्षों से अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा निवेश कर रही है, तथा कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय में भी सुधार की मांग उठ रही है। हालांकि, नई क्षमताएं बनाने के लिए निवेश करने के बजाय भारतीय उद्योग जगत ने कर्ज चुकाने और अन्य उपायों में धन लगाया है, जबकि क्षमता उपयोग का स्तर ऊंचा है।

दरअसल वर्तमान सदी के दूसरे दशक में कंपनियों ने भारी कैपेक्स किया था। इस कारण एक समय स्थिति यह थी कि कंपनियों की स्थापित क्षमता का साठ फीसद या इससे भी कम इस्तेमाल हो रहा है। ऐसे में कारपोरेट जगत ने लंबे समय तक निवेश के मामले में अपनी मुट्ठी रखना उचित समझा और अपना पूरा फोकस कर्ज हल्का करने और स्थापित क्षमता का अधिक से अधिक उपयोग करने पर केन्द्रित रखा। धीरे कंपनियों की स्थापित कैपेसिटी का इस्तेमाल बढ़ता गया और फिलहाल इस समय 75-80 फीसद तक पहुंच गया है। कैपिसिटी यूटिलाइजेशन बढ़ने के बाद कंपनियों के लिए निवेश बढ़ाना और नयी क्षमता जोड़ना जरूरी होता है। ऐसे में कंपनियों के लिए यह उपयुक्त समय है कि वे अब नये निवेश के जरिए अपनी क्षमता विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ायें। जहां तक ट्रंप के घोर संरक्षणवाद की नीति का सवाल है, तो वैश्वीकरण के इस दौर में नयी विश्व व्यवस्था बनाना किसी एक देश के वश की बात नहीं है। धीरे-धीरे ट्रंप भी लाइन पर आयेंगे और अर्थव्यवस्था भी वाह्य चुनौतियों से उबर कर एक बार फिर आठ प्रतिशत या इससे भी ऊंची विकास दर हासिल कर लेगी।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

**सोशल मीडिया**

चित्रकूट में एक रिक्शा चालक के कर्ज पर लिए रिक्शे को भ्रष्ट अधिकारी द्वारा जब्त कर 50 हजार की घूस की मांग पर रिक्शा चालक के आत्म हत्या की खबर से दिल दहल गया। अखिलेश यादव.



पीएम आवास के तहत 3 लाख परिवारों को प्रथम किश्त के रूप में 40 हजार प्रति परिवार की दर से 12 सौ करोड़ रुपये की सहायता राशि का हस्तांतरण किया गया। नीतीश कुमार.



सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत मेरठ, सहारनपुर मंडल के युवाओं को ऋण के चेक के साथ ओडीओपी प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। सीएम योगी.



# ईश्वर में श्रद्धा

**अंतर्दृष्टि**

श्रद्धा हमारे सरल सवभाव, सोच और हृदय की एक ऐसी भावना है जो श्रद्धा में अभिव्यक्त होती है। परमात्मा के प्रति उदारतापूर्वक आत्मभावना पैदा होती है वही श्रद्धा है। सात्विक श्रद्धा की पूर्ण में अंतःकरण स्वतः पवित्र हो उठता है। श्रद्धायुक्त जीवन की विशेषता से ही मनुष्य स्वभाव में ऐसी सुन्दरता बढ़ती जाती है जिसको देख कर श्रद्धावान स्वयं संतुष्ट बना रहता है। श्रद्धा सरल हृदय की ऐसी प्रीतियुक्त भावना है जो श्रेय पथ की सिद्धि कराती है। श्रद्धा का अविर्भाव सरलता और पवित्रता के संयोग से होता है। पार्थिक वस्तुओं से ऊपर उठने के लिए सरलता और पवित्रता इन्हीं दो गुणों की अत्यंत आवश्यकता होती है। इच्छा में सरलता और प्रेम और पवित्रता का विकास जितना अधिक होगा उतनी ही अधिक श्रद्धा बलवान होगी। सरलता के द्वारा परमात्मा की भावानुभति होती है और पवित्र प्रेम के माध्यम से उसकी रसानुभूति, श्रद्धा दोनों का सम्मिलित स्वरूप है। उसमें भावना भी है, रस भी। जहां उसका उदय हो वहीं लक्ष्य प्राप्ति की कठिनाई का अधिकांश समाधान तुरन्त हो जाता है। अज्ञान अंधकार में भटके हुए लोकजीवन को सत्मार्ग पर अग्रसर करने का माध्यम उनके द्वारा जगाई हुई श्रद्धा का पूर्ण पाठ साधना की स्थिरता के लिए तब भी आवश्यक था। युग और परिस्थितियां बदल जाने पर आज भी आवश्यक है। परमात्मा सत्य है, उसके गुण और स्वभाव अपरिवर्तनशील हैं। इसी तरह वहां तक पहुंचने का मार्ग और माध्यम भी अपरिवर्तित ही है। उसे आज भी पाया और अनुभव किया जा सकता है पर उस स्थिति की परपक्वता के बीच में जो साधनायें, परिवर्तन, हलचल, कठिनाइयां और दुरभिसन्धियां आती हैं उनमें लक्ष्य प्राप्ति की भावना की स्थिरता के लिए श्रद्धा आवश्यक है।

यहां श्रद्धा की शक्ति का संक्षिप्त सा आभास दिया गया है कि उसे मानव जीवन की सर्वोपरि सामर्थ्य के रूप में समझ सकने में सुविधा हो। देवलोक यही है। देवता इसी क्षेत्र में जन्मते, बढ़ते, परिपुष्ट होते और वरदान दे सकने के लिए सक्षम बनते हैं। उनका उदय एवं अस्त भी इसी श्रद्धा के अनन्त अंतरिक्ष में होता रहता है। मंत्र देवता गुरु उपासना साधना सिद्धि आदि का सारा आधार श्रद्धा की आधारशिला पर खड़ा है। सच तो यह है कि साधा का विशालकाय कलेवर इसलिए खड़ा किया गया है कि उन लौह श्रृंखलाओं में जकड़ कर श्रद्धा विश्वास रूप महादैत्य को उपयोग प्रयोजन उत्पन्न कर सकने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। श्रद्धा से व्यक्तित्व का निर्धारण होता है। श्रद्धा अनेक क्रियाकलापों का सूत्र संचालन और उन्हें सफलता के उच्च स्तर तक पहुंचा सकना संभव होता है। आत्मा का सबसे विश्वस्त और सबसे घनिष्ठ सचिव श्रद्धा ही है।

# प्रभु से बस यही प्रार्थना है !

**व्यंग्यलोक**

इधर पिछले कुछ दिनों से मैं ही नहीं, मेरी अगल बगल के हर विभाग के हर क्लास के चूहे मेंटली परेशान थे। सबके मन खिन्न ! दिमाग छिन्न भिन्न ! बात थी ही छिन्नता खिन्नता वाली। तो परेशानी का कारण बना यों कि ज्यों ही मेरी बगल के लोक निर्माण विभाग के दूसरी श्रेणी के चूहे को टीवी से यह दुखद खबर मिली कि सिस्टमी जाति की उम्दा प्रजाति के हमारे बिरादर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है या किसी ने उसकी लोकतंत्र के चौक पर दिन दहाड़े हत्या कर दी है, तो हम सबकी भूख प्यास सब खत्म हो गई। खबर थी ही भूख प्यास खत्म कर देने वाली। यह खबर सुनकर कई दिनों तक ऑफिस में किसी का कुछ कुतरने को कतई मन नहीं करता। रात को हम पूर चूहा कॉलोनी वाले सोने की कोशिश करते तो नींद आने का नाम न लेती। तब जब देखो बस, चौबीसों घंटे हम सबकी आंखों के सामने हमारा मरा, मारा बिरादर कभी इस बोरी तो कभी उस बोरी उदकता फुदकता दिखता। आखिर जब तनाव हद से अधिक बढ़ गया तो तय हुआ कि हम अपने बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए जुलूस निकालें, धरने दें। आमरण अनशन पर तब तक बैठे रहें जब तक हमारे बिरादर की मौत पर से रहस्य का कफन नहीं उठ जाता। और हमने सर्वसम्मति से अपने आंदोलन के पहले फेज में हमने अपनी बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग सरकार से की ताकि हमारे बिरादर की मौत का सच देश के सामने आ सके। और मजे की बात ! हमारी मांग तुरंत सरकार ने अपने रजिस्टर में रजिस्टर्ड कर ली। तब सरकार ने हमें विश्वास दिलाया कि डरो मत ! हम पर विश्वास करो। वह तुम्हारा ही नहीं, हमारा भी बिरादर था। कल ही अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिरादर की मौत उसके किसी दुश्मन ने नहीं की है, यह मात्र शांत समाज में सज्जनों द्वारा दंगे भड़काने को फैलाई अफवाह भर थी। असल में उस पवित्र आत्मा की मृत्यु उसके अपने ही हाथों अपना दम घुटने से हुई थी। बिरादर का पोस्टमार्टम इंटरनेशनल चूहा चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में किया गया था। असल में समाज को कुतर कुतर कर बिरादर के लंग्स, किडनियों में दिक्कत आ गई थी। पेटी भाई का रस्म उठाला करने के बाद अब मेरे मन सहित हम सबका मन प्रसन्न है। पानी में से दूध निकल गया है। मेरे घर सहित पूरी कॉलोनी में फिर से पुरानी रौनक लौट आई है। अब गुजरे पेटी भाई की तरह फिर से कूद कूद कर हम सबका मन ऑफिस जाने को पहले की तरह फुदकने लगा है। हमारी बस अब अपने पेटी भाई के लिए उस सर्वशक्तिमान प्रभु से यही दुआ प्रार्थना ! सिस्टम हमारे पेटी भाई को अपने श्री चरणों के किसी अलौकिक बोरे में परमानेंट स्थान दें !



अशोक गौतम

# सिख समुदाय का बड़ा त्योहार है होला मोहल्ला



पर्व/त्योहार

होला मोहल्ला सिख समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला एक ऐसा त्योहार है, जो होली के अगले दिन से मनाया जाता है और यह आने वाले तीन दिन तक लगातार मनाया जाता है। तीन दिन तक लगातार इस त्योहार को मनाये जाने का मकसद लोगों के बीच आपसी प्रेम, एकता और वीरता की भावना को जागृत करना होता है। इन तीन दिनों में यहां कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जिससे इनके उत्साह में कई गुना वृद्धि होती है। दुनियाभर में सिख समुदाय द्वारा यह त्योहार मनाया जाता है। इसे बहुत विशाल स्तर पर आयोजित किया जाता है। जिसे देखने के लिए आनंदपुर साहब में श्रद्धालु दुनियाभर के देशों से आकर जुटते हैं। इसकी शुरूआत होली के अगले दिन से होती है। यह सिक्खों के पवित्र धर्मस्थल श्रीकेसरगढ़ साहब आनंदपुर में मनाया जाता है।

कहा जाता है कि इसके मनाने की शुरूआत 10वें सिक्ख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने 1680 में किला आनंदगढ़ साहब से की थी। होली चूंकि एक पुराना त्योहार है, होला मोहल्ला से पहले होली के दिन एक दूसरे पर सिक्ख सम्प्रदाय के लोग फूल और फूलों से बने रंग डालते थे। लेकिन गुरु गोविंद सिंह जी ने इसे अलग अंदाज में मनाने के लिए सिक्ख कौम को सैन्य प्रशिक्षण देने और इसका प्रदर्शन करने से इसकी शुरूआत की, जिसमें इस समुदाय को दो दलों में बांटकर उन्हें युद्ध कला में पारंगत किया जाता था, जिसमें उनकी लाडली फौज यानी निहंगों को पहले शामिल किया गया, जो पैदल और घुड़सवारी करते हुए शस्त्रों को चलाने का अभ्यास करते थे। इस तरह इसकी शुरूआत होने के बाद आजतक होला मोहल्ला के पावन पर्व पर अबीर और गुलाल के बीच सिक्ख धर्म की शूरता और वीरता के रंग देखने को मिलते हैं। इस दौरान 'जो बोले सो निहाल' और 'झूलदे निशान, कौम दे' के जयकारे पूरे माहौल में हर समय गूंजते रहते हैं। यह पर्व लगातार छह दिन तक मनाया जाता है। तीन दिन गुरुद्वारा तीर्थपुर साहब और तीन दिन तख्त श्रीकेसरगढ़ साहब में श्रद्धा और विश्वास के साथ सम्पन्न होता है।

सिक्खों के लिए इस त्योहार का विशेष रूप से धार्मिक महत्व इसलिए है, क्योंकि इस त्योहार को मनाने का मकसद उन्हें आत्म अनुशासन और काबिल यौद्धा बनाकर उनमें आपसी एकता और पारस्परिक प्रेम को बढ़ाना है। जिस दिन इसकी शुरूआत होती है, उस दिन गुरुद्वारों में पहले प्रार्थना की जाती है, इसके बाद शब्द कीर्तन से जुलूस निकाला जाता है। बहुत बड़े स्तर पर इसे आयोजित किया जाता है। दूसरे दिन सिख पारंपरिक अपनी मार्शल आर्ट का प्रदर्शन करते जुलूस निकालते हैं, जिसमें वे नकली युद्ध करते हुए अपनी वीरता का प्रदर्शन करते हैं। इसमें दो गुट बनाये जाते हैं, जो अपनी युद्ध कला के प्रदर्शन से सबका मन मोह लेते हैं। इसके अलावा यहां पर कुश्ती, घुड़सवारी, तीरअंदाजी जैसी कई और रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। तीसरे दिन महान सिक्ख वीरों को श्रद्धांजलि दी जाती है और त्योहार के अंत में बहुत बड़े स्तर पर लंगर का आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म, हर जाति और समुदाय के लोगों को लंगर में खाना खिलाया जाता है। यह पर्व अपने आपमें अनूठा इसलिए भी है, क्योंकि देश विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आनंदपुर साहब में इस पावन पर्व में शामिल होने के लिए आते हैं। जिस समय ये लोग जुलूस निकालते हैं, तमाम तरह के पुराने और नये शस्त्रों से लैस होकर निहंग हाथियों और घोड़ों पर एक दूसरे पर रंग फेंकते हैं तो यहां का समा देखने वाला होता है। होला मोहल्ला में शौर्य, एकता, वीरता के रंग देखने को मिलते हैं। पंजाब और आसपास के राज्यों से लोग अपनी गाड़ियों और बाइक्स पर यहां शिरक्त करने पहुंचते हैं। जिस तरह पूरे सिक्ख समुदाय के लोग, दूसरो की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहते हैं। श्रद्धालुओं के लिए तमाम रास्तों में उनके रहने और खाने की सेवा मुफ्त में दी जाती है। आनंदपुर साहब पंजाब के रूपनगर में स्थित है। अगर आप सड़क मार्ग से जाना चाहते हैं तो वाया चंड़ीगढ़ जा सकते हैं, यहां का निकटतम रेलवे स्टेशन नंगल है।

तो फिर हो जाएं तैयार इस होला मोहल्ला में जाने के लिए, जहां ढोल की थाप पर अपनी वीरता का प्रदर्शन करते निहंग योद्धाओं, बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की प्रतियोगिताओं का मजा लिया जा सकता है। यहां सबको सेवा करने का मौका भी मिलता है। यदि आप सेवा करना चाहते हैं तो उनकी खाना पकाने वाली रसोईयों में भाग ले सकते हैं या किसी भी रूप में अपनी सेवा का दान करके पुण्य कमा सकते हैं।

## आपकी बात

### युवा शक्ति का उपयोग

देश की युवाशक्ति के समुचित उपयोग के लिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार का अधिकार प्रदान किया जाये। अगर सरकार रोजगार नहीं तो वित्तीय प्रोत्साहन दे ताकि युवा अपना व्यवसाय कर सके। अधिक से अधिक रोजगार सृजन देश की जरूरत है। प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। सरकार को रोजगार देने का प्रयास भी करना चाहिए और भर्तियों में निष्पक्षता भी जरूरी है।

**शिव प्रताप त्रिपाठी, लखनऊ.**

### वैश्विक आर्थिक चुनौतियां

अमरीका में ट्रंप की वापसी के साथ दुनिया के अधिकांश देशों को निर्यात के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है। भारत के सामने भी अनेक समस्याएं हैं। निर्यात व्यापार बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। वैश्विक चुनौतियां, जियो-इकोनॉमिक्स और आर्थिक मंदी के बीच निर्यात बढ़ाना पहले ही बहुत कठिन था लेकिन अमेरिका में ट्रंप की वापस और उनके मागा अर्थात मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और अमेरिका फर्स्ट की नीति ने विश्व व्यापार में एक अघोषित युद्ध का आगाज कर दिया है। ट्रंप ने फिलहाल कनाडा और मैक्सिको से होने वाले आयात पर 25 फीसद ड्यूटी बढ़ाने और चीन के आयात पर 10 फीसद नयी ड्यूटी लगाने का एलान किया है। लेकिन ट्रंप के निशाने पर भारत भी आ सकता है। क्योंकि भारत के साथ भी अमेरिका का द्विपक्षीय व्यापार घाटे में है और भारत के पक्ष में है। फिलहाल तो भारत अभी तक ट्रंप के टैरिफ वार से बचा हुआ है लेकिन भविष्य को लेकर चीजें अनिश्चित हैं। ऐसे में सरकार से बजट के मध्यम से पूर्व की तैयारी की अपेक्षित थी। सरकार ने निर्यात बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतियां और योजनाएं प्रस्तावित की हैं जिनके जरिए भारत सरकार निर्यात व्यापार को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, निर्यात बढ़ाने और वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाना चाहती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2,250 करोड़ रुपये का आवंटन करते हुए निर्यात संवर्द्धन मिशन के शुरूआत की घोषणा की। इसका मकसद ऐसे समय में भारत के निर्यात की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है जब वैश्विक स्तर पर संरक्षणवाद और अनिश्चितता बढ़ रही है। मिशन के तहत वाणिज्य विभाग, सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) के साथ वित्त मंत्रालय विभिन्न सेक्टरों के लिए निर्यात लक्ष्य तय करेंगे। विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए एमएसएमई को समर्थन करने के उपाय भी किए जाएंगे।

**पवन कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## गाड़ी बैक करने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** गाड़ी बैक करने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले पीड़ित पक्ष ने मामले को लेकर कुमारगंज थाना में तहरीर दे दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमारगंज थाना क्षेत्र के तेंधा पूरे बढ़ई का पुरवा गांव निवासी भगौती प्रसाद ने आरोप लगाया है की गांव के ही रवीस कुमार मेरे द्वार पर बोलेरो पिकअप बैक कर रहे थे, रोकने पर विपक्षी स्वामीनाथ, रवीश कुमार, दीपक, रोहित कुमार, शिवा और उनके परिवार के सदस्यों ने घर पर हमला किया। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की, पशु बांधने की जगह पर लगे तीन शर्ट को भी तोड़ दिया। भगौतीदीन का कहना है कि हमलावरों ने महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा। एक महिला का हाथ टूट गया है और कई लोगों को आंतरिक चोटें आई हैं। दूसरी तरफ, स्वामीनाथ के परिवार का आरोप है कि भगौतीदीन का परिवार अक्सर विवाद करता है। उनके परिवार के लोग भी इस झगड़े में घायल हुए हैं। फिलहाल घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाना प्रभारी धनीराम वर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस के साथ वे खुद मौके पर पहुंचे, घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। दोनों पक्षों से शिकायत मिली है।

## एसएसवी के दस विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**अयोध्या।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में जिले के एसएसवी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई है। एसएसवी इंटर कॉलेज के 10 छात्र परीक्षा में चयनित हुए हैं।प्रधानाचार्य डॉ. मणिशंकर तिवारी ने सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में सफल हुए छात्रों को कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की पढ़ाई के लिए प्रतिमाह 1000 रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी। बीते वर्ष राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन हुआ था। जिसका परिणाम अब घोषित किया गया है।

# सुहागरात को नव विवाहित जोड़े की मौत



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज मुरावन टोला में एक नव विवाहित जोड़े की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। युवक का शव फंदे से लटका मिला है जबकि उसकी पत्नी बिस्तर पर मृत पाई गई है। मामले की जानकारी पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया गया कि सहादतगंज के मुरावन टोला निवासी प्रदीप (26) पुत्र स्वर्गीय भग्गन की 7 मार्च को मोहलिया

- सात मार्च को हुई थी शादी, रविवार को होना था प्रीतिभोज
- युवक फंदे से लटका और व बिस्तर मृत मिली

मौजा डीली सरैया थाना खंडासा निवासी शिवानी (24) पुत्री मंतूराम के साथ शादी हुई थी और 8 मार्च को वह पत्नी को विदा कर बारात के साथ वापस घर आया था। रविवार की शाम घर पर ही प्रीत भोज का आयोजन तय था। देर रात लगभग 11.30 बजे प्रदीप ने अपने बड़े भाई दीपक के साथ भोजन किया और फिर अपने कमरे में सोने के लिए गया था। सुहागरात के बाद रविवार सुबह प्रदीप उठकर बाहर नहीं निकला तो नव दंपति के कमरे का दरवाजा खटखटाया गया,लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।इसके बाद अनहोनी की आशंका में परिजनों ने सुबह लगभग 7:30 बजे कमरे की खिड़की की जाली तोड़ भीतर झांका तो प्रदीप कमरे में छत के पंखे से सफेद गमछे के सहारे लटका दिखा। इसके बाद परिवार के लोग खिड़की का पल्ला तोड़ भीतर घुसे और प्रदीप को फंदे से उतारा,हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं उसकी पत्नी शिवानी बिस्तर पर पड़ी थी। लोगों ने शिवानी को आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब ना मिला तो हिला डुला कर देखा तब जाकर नव विवाहिता के भी मौत की जानकारी हुई। वैवाहिक समारोह की खुशियों के बीच हुई इस घटना से परिवार के लोग सदमे में है किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा। ृतक के बड़े भाई दीपक कुमार का कहना है कि वह ही सुबह गाय का दूध दुहता था और जल्दी उठ जाता था। अचानक क्या हो गया? कुछ समझ में नहीं आ रहा। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मौका-मुआयना के साथ एफएसल टीम से जाँच पड़ताल कराई गई है। मौत की वजह की जानकारी के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

## हर्ष फायरिंग में बच्चे की मौत का आरोपी गिरफ्तार



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** पुलिस ने द्वार पूजा के दौरान हर्ष फायरिंग में 12 वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में आरोपी कपिल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इनायत नगर थाना पुलिस ने आरोपी को सहुलारा तिराहा मिल्कीपुर से पकड़ा। घटना पुलिस चैकी बारून बाजार के मेहदौना मजरे बूढ़नपुर गांव की है जहां बीते बृहस्पतिवार की रात शादी समारोह के दौरान हुई। हर्ष फायरिंग में गोली श्रीराम को लगी और फिर पुरुषोत्तम मांझी के सिर में जा लगी। पुरुषोत्तम की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बिहार के शेखपुर जिले के एरिवरी थाना क्षेत्र के महुवत गांव का रहने वाला था। गोली लगने से घायल 40 वर्षीय श्रीराम का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक के पिता दासो मांझी की शिकायत पर पुलिस ने कपिल सिंह और जयप्रकाश सिंह उर्फ रमन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी राजकरन नय्यर के निर्देश पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त 12 बोर की डीबीबीएल बंदूक और एक खोखा कारतूस बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पकड़ा है। क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि लाइसेंसी बंदूक जयप्रकाश सिंह उर्फ रमन सिंह की थी। कपिल सिंह ने द्वार पूजा पर फायरिंग की थी। जयप्रकाश की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीम गठित की गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पिलर से टकराई, एक की मौत, 32 घायल

**रुदौली-अयोध्या।** रुदौली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोरखपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पिलर से टकराई 32 घायल एक कि मौत 19 की हालत गम्भीर मेडिकल कालेज दर्शन नगर रेफर।जानकारी के अनुसार गोरखपुर से डबल डेकर की बस सवारी लेकर दिल्ली जा रही थी।बस जैसे ही रात्रि लगभग डेढ़ बजे रुदौली कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भेलसर गांव पास पहुंची तभी चालक को झपकी आने के कारण बस अनियंत्रित होकर विकास खण्ड रूदौली जाने वाले मार्ग के निकट बन रहे निमार्णाधीन फुटब्रिज के पिलर से टकरा कर पलट गई और बस में बैठे यात्रियों में अफरा तफरी व चीख पुकार मच गई।यात्रियों की चीख पुकार की आवाज सुनकर तत्काल स्थानीय लोगों ने पहुंचकर घटना की सूचना पुलिस को दी।घटना सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग कर रहे भेलसर चैकी प्रभारी मनीष चतुवेर्दी तत्काल अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे बचाव कार्य मे लग गए।चैकी प्रभारी ने तत्काल घायलों को बिना एम्बुलेंस का इंतजार किए ग्रामीणों की सहायता से पुलिस गाड़ी और एम्बुलेंस से सीएचसी रुदौली पहुंचाया जिसमे प्रमोद चैहान,तेजस्वनी,अमित कुमार सैनी,नेहा चैरसिया, कार्तिक,मनीष कुमार, सोहनी,भोला,गजेंद्र कुमार, निखलेश शुक्ला, रवि प्रताप,सन्धिया खरवार,सुमित,शमीम खान,धन बहादुर, कृतिपुन थापा, वीनम,क्रेतीन,विपिन चन्द्र पांडेय,नितीश विश्वकर्मा, मन्नी सिंह,साहिल, राकेश गौड़,बादामी देवी,रविन्द्र शाह, मुन्नालाल, लक्ष्मन प्रसाद,सविता,व्यास चैहान,रजत तिवारी, सोनी वर्मा,अजय कुमार सहित 32 यात्री घायल हो गए जिसमे से गम्भीर रूप से घायल 19 यात्रियों को दर्शन नगर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया जिसमे एक यात्री अमित शर्मा पुत्र रामजी शर्मा 28 वर्ष निवासी असुरन चैराहा थाना शाहपुर जिला गोरखपुर को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।वहीं घटना की सूचना मिलते ही सीओ रुदौली आशीष निगम ,कोतवाल रुदौली सजंय मौर्य,थानाध्यक्ष पटरंगा शशिकांत यादव और हाइवे चैकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह यादव,थानाध्यक्ष मवई संदीप कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर लगे जाम को हटवाकर आवागमन को बहाल कराया। इस सम्बन्ध में भेलसर चैकी प्रभारी मनीष चतुवेर्दी ने बताया की गोरखपुर से यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रहे डबल डेकर बस संख्या बीआर 28 पी 5076 के चालक को झपकी आ जाने से बस अनियंत्रित होकर भेलसर गांव के पास अयोध्या लखनऊ मार्ग पर निमार्णाधीन फुटब्रिज पिलर से टकरा गई जिसमें 32 यात्री घायल हो गए जिन्हें सीएचसी रुदौली पहुंचाया गया जिसमें से डाक्टरों एक यात्री अमित शर्मा पुत्र रामजी शर्मा 28 वर्ष निवासी असुरन चैराहा थाना शाहपुर जिला गोरखपुर को मृत घोषित कर दिया और गम्भीर रूप से घायल 19 यात्रियों दर्शननगर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।उन्होंने मृतक यात्री के शव का पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।



## बिजली कर्मचारी को नहीं मिला वेतन तो होली पर होगा आंदोलन



**बाराबंकी।** हिन्दुवत्व की सरकार और हिन्दुओं का महत्वपूर्ण त्योहार होली, लेकिन सरकार ने बिजली मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। बिजली मजदूरों का त्योहार कैसे मनेगा इस की सरकार को चिंता नहीं है। उक्त बात उ प्र बिजली कर्मचारी संघ संरक्षक रणधीर सिंह सुमन ने छाया चौराहा स्थित एक कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने आगे कहा कि को संबोधित विद्युत विभाग मजदूरों को भुगतान नहीं कर पा रहा है। मजदूरी भुगतान की तिथि सात तारीख निकल चुकी है।इसके विपरीत सरकार निजीकरण का टेंडर खुले बगैर सम्पत्ति की लिस्ट बनाने के लिए कमेटी का गठन कर चुकी है। निजीकरण के बाद ग्रामीण व कृषि क्षेत्र को बिजली मिलना सम्भव नहीं है। चौबीस सौ करोड़ रुपये सलाहकारों को दिए जा चुके हैं लेकिन सलाह कुछ नहीं है। सरकार बिजली कंपनियों को बेचने में शीघ्रता कर रही है। बिजली कर्मचारी संघ मांग करता है कि होली के पूर्व मजदूरी भुगतान न की गई तो होली के दिन संघ आंदोलन को बाध्य होगा। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार, लालजी वर्मा, पवन कुमार, अमरेश शर्मा, आशीष यादव, रोहित कुमार, विशाल वर्मा, मुकेश शर्मा, अनिकेत वर्मा, धीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि बिजली कर्मचारी नेता मौजूद थे।

## प्रभारी मंत्री का जनपद भ्रमण कार्यक्रम संशोधित

**बहराइच।** प्रदेश के मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 10 मार्च 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही संशोधित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 10 मार्च 2025 को अपरान्ह 04:00 कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। मा. मंत्री श्री शाही अपरान्ह 05:30 बजे गेंद घर मैदान पहुंचकर बहराइच महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि मा. प्रभारी मंत्री सांय 07:30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## बहराइच महोत्सव का शुभारम्भ



**बहराइच 09 मार्च।** जनपद की सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक विरासत, लोक-कला व संस्कृति को सजोने एवं आमजनमानस से साक्षात्कार के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 08 से 10 मार्च तक गेंद घर मैदान में आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव का शनिवार को शाम मुख्यअतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चैधरी, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती पूजन कर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर इण्डिया गाट टैलेन्ट टीवी शो से ख्याति प्राप्त ह्यगोल्डन गर्ल्सह्व द्वारा गणेश वन्दना कर कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। इसके बाद मैट्रो म्यूजिकल एकेडमी के बच्चों द्वारा शिव तांडव फिर गोल्डेन गर्ल्स द्वारा हनुमान चालीसा की सुन्दर एवं रोमांचक प्रस्तुति के साथ-साथ मेट्रो म्यूजिकल एकेडमी की छोटी बच्ची नारायणी तिवारी द्वारा घर मोरे परदेसिया.... गीत पर तथा अनाया व अराध्या द्वारा ह्यह्यचुनरी तेरी चमके रे गुलाबी शरारा.ह्वह्व पर बेहद रोचक मासूम नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, पदम सेन चैधरी व विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल द्वारा सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए जनपदवासियों से अपील की गई कि महोत्सव में आकर सुन्दर स्वस्थ मनोरंजक कार्यक्रमों का आनन्द उठायें। एमएलसी डॉ. त्रिपाठी द्वारा बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इससे पूर्व बहराइच महोत्सव में पधारे मुख्य अतिथि व अन्य जनप्रतिनिधियों अतिथियों का जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

# विशाल दंगल में बृजभूषण शरण सिंह ने पहलवानों का मिलवाया हाथ

**रुदौली-अयोध्या।** विशाल दंगल का आयोजन रविवार को माँ कामाख्या धाम महोत्सव में किया गया।बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान सांसद कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने शिरकत किया।महोत्सव न्यास के मुख्य संरक्षक बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में मुख्य अतिथि श्री सिंह का भव्य स्वागत किया गया।महोत्सव न्यास के अध्यक्ष रविकान्त तिवारी मोनू ने बृजभूषण शरण सिंह को माता कामाख्या धाम का स्मृति चिन्ह भेंट किया। माँ कामाख्या नगर पंचायत में सात दिवसीय चल रहा महोत्सव। चतुर्थ दिवस में दंगल के अखाड़े में पुरूष व महिला पहलवानों ने प्रतिभाग लिया।कार्यक्रम शुभारंभ से पूर्व माँ कामाख्या धाम मंदिर में बृजभूषण शरण सिंह व बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव ने माथा टेक आशीर्वाद प्राप्त किया।उसके बाद कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्वलित करने के बाद अखाड़े पर मुख्य अतिथि ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद पहलवानों के हाथ मिलवा कर दंगल का शुभारंभ कराये।दंगल के अखाड़े में प्रथम राउंड में उतरे दोनों पहलवानो ने बराबर की लड़ाई लड़ी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने कहा

- दंगल के प्रथम विजेता हाथरस के भारत केशरी रामेश्वर व द्वितीय स्थान पर रहे अयोध्या हनुमानगढ़ी के मनीराम दास

यह मेरा सौभाग्य है कि माता कामाख्या का दर्शन करने का दूसरी बार मौका मिला।2022 में जब मैं आया था तो माता जी आशीर्वाद लिया था।श्री सिंह ने उद्धव ठाकरे पर भी तंज कस दिया। हमने कहा था कि जब तक उत्तर भारतीय उद्धव ठाकरे उत्तर भारतीय यानी बिहार उत्तर प्रदेश झारखंड छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश राजस्थान दिल्ली यानी उत्तर भारत से माफी नही मांगे की उन्होंने गलती की है गरीबो के साथ किसानों के साथ हम उनको अयोध्या



की धरती पर उतरने नही देंगे जब मैं यहाँ आया था तो माता जी से कहा था कि या तो माफी मांग ले या तो अपनी यात्रा कैंसिल कर ले और उनको यात्रा कैंसिल करनी पड़ी।तब से इस मंदिर के प्रति इस क्षेत्र के प्रति मेरी बड़ी आस्था जुड़ गई।श्री सिंह ने खाद्य उत्पाद बनाने वाले उद्योगपतियों व प्रचार कर रहे सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को भी आड़े हाथों लिया, बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि जब खुद बृजभूषण सिंह अपनी गाय देख सकते हैं अपनी भैंस देख सकते हैं अपनी खेती देख सकते हैं तो आप लोग क्यों नहीं कर सकते, आप लोग अपनी खेत से उगे हुए अनाज व सब्जियों का उपयोग कीजिए, बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि यह उद्योगपती आपके लिए काम नहीं करते यह अपने लिए काम करते हैं, इन उद्योगपतियों ने आज से 15 साल पूर्व हम लोगों को धान की भूसी खिला दिया, रिफाइंड के नाम पर धान की भूसी खिला दिया, इन लोगों ने कहा कि आपका सरसों का तेल नुकसान करता है हार्ट के लिए ब्लॉकेज करता है, किसान अपने खेत का सरसों की खेती कर तेल निकालता है उसको यह लोग अशुद्ध बताते हैं।

# पीडीए को अपनी लड़ाई के लिए होना होगा एकजुटः अवधेश

मिल्कीपुर-अयोध्या। रविवार को मिल्कीपुर विधानसभा के रायपट्टी गांव स्थित प्राचीन गहनाग देव मंदिर पर पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे इलाकाई सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि जिस तरीके से आज पूरे प्रदेश व देश में पीडीए के लोगों के साथ भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही अन्याय,जुल्म,अत्याचार कर रही है उसे पीडीए के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। अब समय आ गया है कि पीडीए लोगों को अपने हक और अधिकारों तथा सम्मान की लड़ाई के लिए एकजुट होना होगा और आगामी पंचायत चुनाव तथा 2027 की विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का सफाया करना होगा। इतना ही नहीं सांसद अवधेश प्रसाद ने मितौरा गांव निवासी राम भवन पासी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के प्रकरण तथा मिल्कीपुर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर 18 मार्च को मिल्कीपुर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करने का भी ऐलान किया।जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के जिले व सेक्टर तक के पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में पीडीए पंचायत का आयोजन करेंगे। आगामी पंचायत चुनाव को लेकर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि समन्वय बनाकर जिला पंचायत,क्षेत्र पंचायत, व ग्राम प्रधान के पदों पर पार्टी की तरफ उम्मीदवारों का ऐलान किया जाएगा। पार्टी के सभी पदाधिकारी,नेता व कार्यकर्ता पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवार के पक्ष में ही चुनाव प्रचार करेंगे। कार्यक्रम को छोटे लाल यादव,महेंद्र यादव,रामतेज यादव,संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष रामजी पालने किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा के कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।

## प्रतियोगिताओं के विजेता को विधायक ने किया सम्मानित



**अमानीगंज।** क्षेत्र के रामकृष्ण राज दुलारी इंटर कॉलेज पृथीपाल नगर सहजनमऊ का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक चंद्रभानु पासवान ने प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों का मन मोहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्रभानु पासवान ने कहा कि शिक्षा से ही देश और समाज का उत्थान संभव है, छात्र ही राष्ट्र के भविष्य हैं, उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समय का सदुपयोग करें। विद्यालय के छात्रों में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। श्रवण कुमार पर आधारित एकांकी की प्रस्तुति पर खूब वाहवाही बटोरी। अतिथियों ने छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें पुरस्कृत भी किया। सर्वे भवंतु सुखिना ट्रस्ट ने 500 छात्रों को बैग वितरण के लिए एक लाख बीस हजार रुपए दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम चन्दर धर दुबे ने की। प्रबंधक रामकृष्ण पांडे और प्रधानाचार्या ममता द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। संचालन शिक्षक एवं कवि अरुण द्विवेदी ने किया।इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, विनोद पांडे, विनय धर, श्रीकृष्ण दुबे, मनोजधार दुबे, सुभाष तिवारी, प्रताप नारायण मिश्रा, हरिश्चंद्र दुबे, अनिल कुमार, मोहर सिंह, ज्ञान धर दुबे, आलोक द्विवेदी, विपुल तिवारी, डॉ राम शंकर दुबे, रमेश दुबे, डॉ विनोद सिंह, सर्वेश तिवारी आदि विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक प्रधानाचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

## जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रपौत्र को दिया विजयी भव का आशीर्वाद



जिला संवाददाता

**मथुरा।** भारतीय जनसंघ के शलाका- स्थापना-आद्य एवं प्रेरणा पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रपौत्र एवं प्रख्यात न्यायविद् चन्द्रशेखर पण्डित भुवनेश्वर दयाल उपाध्याय ने रविवार को वृन्दावन में 'न्यायिक भाषायी स्वतंत्रता' हेतु चलाये जा रहे अपने देशव्यापी-अभियान 'हिन्दी से न्याय' के लिए जगद्गुरु रामानन्दाचार्य तुलसीपीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य से शुभाशीष एवं समर्थन मांगा। जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने अन्तिम-परिणाम तक अभियान को जारी रखने का आह्वान करते हुए उन्हें विजयी होने का आशीर्वाद दिया। गौरतलब है कि हिन्दी माध्यम से एल-एल.एम. उत्तीर्ण करने वाले प्रथम भारतीय छात्र चन्द्रशेखर देश की सुप्रीमकोर्ट एवं 25 हाईकोर्ट्स में हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं (संविधान की अष्टम अनुसूची में उल्लिखित 22 भाषाएं जिनकी लिपि उपलब्ध है) में सम्पूर्ण वाद-कार्यवाही सम्पादित कराये जाने एवं निर्णय भी पारित किये जाने हेतु पिछले लगभग तीन दशक से भी अधिक समय से चलाये जा रहे 'हिन्दी से न्याय' इस देशव्यापी-अभियान के नेतृत्व-पुरुष हैं। इस मौके पर स्वामी रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी स्वामी रामचन्द्रदास जी श्री तथा श्री कृष्णजन्मभूमि मुक्ति अभियान के मुख्य वादी श्री आशुतोष ब्रह्मचारीजी महाराज समेत अन्य प्रमुख सन्त उपस्थित थे।

- देशव्यापी-अभियान 'हिन्दी से न्याय' के नेतृत्व पुरुष हैं न्यायविद चंद्रशेखर
- अंतिम परिणाम तक अभियान को चलाते रहने का किया आह्वान

# शिव तांडव, मसाने की होली, भजनों तथा भक्तिमय गीतों से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



**बहराइच।** जनपद की सांस्कृतिक एवं पौराणिक विरासत व लोक-कला को संजोने के उद्देश्य से आयोजित बहराइच महोत्सव-2025 में शनिवार को देर शाम गणेश वन्दना, शिव तांडव, शक्ति डांस, मसाने की होली तथा तृप्ति शाक्या द्वारा प्रस्तुत भजन, भक्तिभावपूर्ण व देशभक्ति गीतों उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस श्रृंखला में पहले कलाकारों द्वारा रोंगटे खड़े कर देने वाली ह्यह्यमशाने की होलीह्वह्व नामक वृहद नृत्य-नाटिका का मंचन किया गया जिसके अंतर्गत ह्यशिवजी बियाहने चले पालकी सजाये केह्व ह्यहै भोलेनाथ की शादी हम तो नाचेंगेह्वह्व , आदि गीतों के माध्यम से शिव विवाह लघु ह्यनृत्य नाटिकाह्व का मंचन किया गया, इसके बाद माता सती का आत्मदाह एवं वीरभद्र द्वारा प्रजापति दक्ष का वध पुनः माता पार्वती का विवाह और ह्यहोली खेले मसाने में व ह्यमहाकाल की गुलामी मेरे काम आ रही है आदि गीतों के माध्यम से ह्यह्यमशाने की होली के अवशेष भाग का बेहद रोमांचक मंचन किया गया। इस वृहद नृत्य नाटिका को प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को एम.एल.सी. पदम सेन चैधरी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद गोल्डन गर्ल्स ने ह्यहर हर महादेवह्व व ह्यनागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्मांगरागाय महेश्वरायह्व आदि गीतों के माध्यम से मनमोहक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर महोत्सव में समां बांध दिया। तत्पश्चात भजन संध्या कार्यक्रम में अनेक भजनों व भक्ति भावपूर्ण गीतों के प्रस्तुतीकरण से माहौल भक्ति रस से सराबोर हो गया। भजन गायक द्वारा ह्यराधे राधे दयामयी राधेह्व व अन्य भजनों की प्रस्तुति के बाद भजन गायिका तृप्ति शाक्या द्वारा अनेकानेक भजनों की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने ह्यसत्यम शिवम सुंदरमह्व कभी राम बनके कभी श्याम बनके, ह्यदीवाने हैं दीवानों को ना घर चाहिए, ह्यतुम राम रुप में आना, ह्यमैं घणी बावर, ह्यपिया रे पिया रे थारे बिना लागे नाहींह्व ह्यराधे रानी-3 मेरी श्यामा प्यारी ओ राधे रानीह्व ह्यछाप तिलकह्व ह्यदमा दम मस्त कलंदरह्व, ह्यमोरा पिया घर आया ओ राम जीह्व, ह्यसिया संग होली खेलत रघुवीराह्व, ह्यकान्हा बरसाने में आई जइयोह्व ह्यगोविंद बोलो हरि गोपाल बोलोह्व, ह्यनटखट बंसी वाले गोकुल के राजा, ह्यबंसी बाजेगी राधा नाचेगीह्व, ह्यसांसों की माला पे सिमरु मैं पी का नामह्व, ह्यमेरी झोपड़ी के भाग आज खुल गए हैं राम आए हैंह्व, ह्यरामा रामा रटते रटते बीती रे उमरियाह्व, ह्यनगरी हो अयोध्या सीह्व आदि भजनों व भक्तिभाव पूर्ण गीतों की प्रस्तुति दी गई।

## रिक्शा लेकर निकला अधेड़ लापता, नहीं लगा सुराग

**सोहावल-अयोध्या।** रोजी-रोटी की तलाश में अयोध्या में रिक्शा चलाने निकला अधेड़ गायब हो गया।जबकि उसका रिक्शा तीन दिन बाद कैंट थाना के पास स्थित कनौसा कान्वेंट स्कूल के पास लावारिस हालत में खड़ा मिला। घर वालों ने ढूंढने के बाद कहीं न मिलने पर कैंट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दी गई तहरीर में गुमशुदा व्यक्ति के पुत्र तिलक राम निवासी खरगी का पुरवा सोहावल ने बताया कि उनके पिता राम लौटन उम्र करीब 57 वर्ष 1मार्च को घर से रिक्शा चलाने के लिए जिला मुख्यालय गये। लेकिन वापस घर नहीं आये। 3 मार्च को हमने जब जाकर रिक्शा मालिक से पूछताछ किया तब उन्होंने बताया कि हमारे यहां से 1 मार्च को रिक्शा लेकर निकले थे। लेकिन 2 दिन लौटकर नहीं आये। बाद में सूचना मिली कि हमारा रिक्शा कनौसा कान्वेंट स्कूल के पास खड़ा है। वहां दुकानदारों से पूछताछ करने पर पता चला यही रिक्शा खड़ा कर कहीं चले गए जो अब तक वापस नहीं आये।

# खाटू दरबार में हुई फूलों की होली, देर रात्रि तक भजनों पर थिरके भक्त

जिला संवाददाता(vol)



**मथुरा।** श्रीकृष्णार्पण सेवा समिति द्वारा शनिवार को मसानी बाईपास लिंक रोड स्थित होटल ड्यूक पैलेस में बाबा श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। विभिन्न राज्यों से आए प्रसिद्ध कलाकारों के मधुर-मधुर भजनों पर श्रद्धालु देर रात्रि तक झूमते रहे। फूलों की होली सभी के आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान अपने आराध्य की छवि को श्रद्धालु अपलक निहारते रहे। अंत में बंपर ड्रा एक्टिवा का कूपन निकाला गया जो महिला दिवस पर मथुरा की ही एक महिला को प्राप्त हुआ।

शाम सात बजे से आयोजित की गई इस भजन संध्या में भक्तों पर जमकर पुष्प व इत्र वर्षा की गई। मंच के समीप ही मां कैला देवी, मेंहदीपुर बालाजी व सालासर बालाजी का भी दरबार सजाया गया था। इस दौरान बाबा खाटू श्याम को छप्पन भोग भी अर्पित किए गए। मध्यप्रदेश के भोपाल से आयीं कलाकार तिवारी सिस्टर्स, कन्नौज से आए संदीप मस्ताना, मथुरा से आशु भैया व उनकी टीम ने एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति दी जिससे समूचा परिसर खाटू बाबा के जयघोषों से गूंज उठा। हारे का तू है सहारा सांवरे, हमने भी तुझको पुकारा सांवरे, ओह मेरे खाटू वाले, सजा है खाटू का दरबार आदि मधुर भजनों पर देर रात्रि तक श्रद्धालु जमकर झूमे। दरबार की सेवा जतिन गोयल डेकोरेटर्स द्वारा की गई। शेरा भैया म्यूजिकल ग्रुप के विभिन्न वाद्य यंत्रों पर कलाकारों ने भी उनका बखूबी साथ दिया।

कीबोर्ड पर सफीक, तबला पर लवकुश, ड्रम पर इंद्रजीत व गिटार पर गौरव ने कमान संभाली। इस दौरान समूचा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कार्यक्रम में प्रस्तुत फूलों की होली ने महोत्सव को कुछ क्षण के लिए द्वापर कालीन लीला में परिवर्तित कर दिया। श्रद्धालुओं ने वहां लगी स्टॉल्स पर कूपन के माध्यम से स्वल्पाहार की खूब खरीदारी भी की। अंत में आयोजक पदम-शालिनी गोयल, सुनील-हर्षिता गोयल, पारस अग्रवाल आदि ने बाबा खाटू श्याम की आरती उतारी। सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। संरक्षकों द्वारा सभी आगन्तुकों का पटुका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक जुगलकिशोर-रजनी तायल, नन्दकिशोर-उर्मिला अग्रवाल, पदम-शालिनी गोयल, सुनील-हर्षिता गोयल, डा. अंशुमन-श्वेता गोयल, रमाकांत सारस्वत-हेमलता, अंशुमान गोयल-श्वेता गोयल, राजेश अग्रवाल-कृष्णा अग्रवाल, अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, राजकुमार गर्ग, महासचिव प्रतीक शर्मा, सचिव पारस अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जीतू अग्रवाल, आय-व्यय निरीक्षक पीयूष अग्रवाल आदि मौजूद रहे। खाटू श्याम जी के संकीर्तन से पूर्व सुबह समिति के पदाधिकारियों द्वारा बाबा की निशान यात्रा भी निकाली गई जो द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ होकर स्वामी घाट, चैक बाजार, मंडी रामदास होते हुए डीग गेट पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में श्रद्धालु ध्वज लेकर चल रहे थे। इस दौरान यात्रा में शामिल भक्त ढोल-नगाड़ों की धुन पर जमकर झूमे। जगह-जगह यात्रा का स्थानीय लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त अपनी ननिहाल सिरसागंज पहुंचे



**फिरोजाबाद।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार ज्ञानेश कुमार ने सिरसागंज स्थित अपनी ननिहाल पहुंचे और अपने स्वजनों से भेंट की, इस दौरान माथुर वैश्य सभा ने उनका स्वागत सम्मान किया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को अपने आई.ए.एस बनने की गाथा को भी बताया, साथ ही साथ मुख्य निर्वाचन के रूप में निभाई जा रही, अपनी भूमिका और चुनौती के बारे में लोगों को विस्तार से बताया, उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पूरे भारत में 50 लाख से अधिक निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहा हूं, इतने बड़े दायित्वों को निभाने के लिए मैने सदैव धैर्य का परिचय दिया है, उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई, हम लोकतंत्र के नींव के पत्थर है और हमारे ऊपर ही लोकतंत्र की इमारतें बनती हैं, मैं यहां आकर अत्यंत अपनत्व महसूस कर रहा हूं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य अपर जिलाधिकारी विशु राजा उप जिलाधिकारी सिरसागंज सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपर्द किया

**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत एक बच्चा उम्र करीब 12 वर्ष को 24 घंटे के अंदर सकुशल खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा एक बच्चा जिगर पुत्र रिंकी उम्र करीब 12 वर्ष निवासी टूला हिम्मतपुर थाना पचोखरा घर से बिना बताये कहीं चला गया था जिसपर तत्काल ही थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र मे लाउड स्पीकर से बुलवाकर तथा क्षेत्र मे लगे सीसीटीवी फुटेज देखते हुए सूचना प्राप्त कर उक्त बच्चे को 24 घण्टे के अन्दर ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोज बच्चे को सकुशल परिवारीजन के सुपुर्द किया, परिवारीजन द्वारा पुलिस टीम को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को एक अवैध तमंचा व एक अवैध जिन्दा कारतूस सहित किया गिरफ्तार किया गया। रविवार को थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा चैंकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चनौरा पुल फेक्ट्री ऐरिया से आने वाले कच्चे रास्ते थाना रामगढ से एक अभियुक्त अतुल पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह निवासी प्रेमनगर सेलई थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद को एक अवैध तमंचा व एक अवैध कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## खाद्य विभाग ने की चौतरफा छापेमारी

**फिरोजाबाद।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के निदेश पर एवं जिलाधिकरी फिरोजाबाद के निर्देशन में सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय के नेतृत्व में होली के त्यौहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम हेतु जनपद में चौतरफा छापे मारी हुई जिसमे गुड मण्डी बड़ा बाजार, शिकोहाबाद मनोज कुमार बंसल के यहा सबसे आधिक रंगीन कचरी मिली जिसकी मात्रा लगभग 20 कुन्टल कचरी को सीज कर दिया गया। जिसमें विभिन्न रंगों की कचरी तथा साबूदाने के पापड़ और चिप्स शामिल है। बड़ा बाजार में आलोक एवं रमेश के यहा भी कार्यवाही हुई जिसमें अरहर की दाल और बेसन का नमूना लिया गया। जसराना में उपजिलाधिकरी के नेतृत्व में शिवम के यहा से सरसो का तेल, भूवनेश के यहा से तेल एटा रोड़ पर राजकुमार के यहा से दूध तथा कोमल सिंह के यहा से सरसों का तेल के कुल 6 नमूनें लिये गये। मुस्तफाबाद में सुनील के यहा से मिल्क केक तथा मिश्रित दूध का नमूना लिया गया। इसके अतरिक्त नगला करन सिंह में सर्वेश किराना व पप्पू किराना के यहा से कचरी के नमूनें लिये गये और खराब कचरी नष्ट करायी गयी। कार्यवाही में कुल 12 नमूने लिये गये, लगभग 25 कुन्टल रंगीन कचरी जब्त तथा 10 किलो कचरी व 5 किलो मिल्क केक नष्ट कराया गया। जब्त व नष्ट किये गये कचरी की कुल कीमत लगभग 1,75,000 है। खबर लिखने तक जनपद के विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही जारी थी जिसमें सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय के अलावा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकरी मनोज कुमार, डा०अनिल, रमेश, संदीप, जितेन्द्र, अरविन्द व अन्य खाद्य सुरक्षा अधिकरी शामिल रहे।

## ग्रांड वेलकम होली के रंग टूंडला के संग कार्यक्रम आयोजित



**टूंडला।** नगर के स्टेशन रोड़ स्थित कैफे स्काई ट्री रूफटॉप के एक साल पूरे होने पर रविवार को ऑनर ड्रेस डिजाइनर रूबी निर्मल द्वारा ग्रांड वेलकम होली के रंग टूंडला के संग महिलाओं का होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बातौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो.एसपी सिंह बघेल की पत्नी मधु बघेल विशिष्ट अतिथि डॉ. शालिनी बघेल डॉ.समृद्धि बघेल सम्मलित हुई। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मधु बघेल ने कहा कि स्काई ट्री ऑनर व ड्रेस डिजाइनर रूबी निर्मल द्वारा टूंडला जैसे छोटे शहर में इस तरह का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय प्रयास है, त्योहारो पर आमतौर पर महिलाएं घरेलू कार्यों में ही व्यस्त रहती है, इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें भी बाहर आकर त्यौहार को सेलिब्रेट करना बहुत ही अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं डॉ.समृद्धि बघेल ने कहा कि टूंडला में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को एकत्रित कर उन्हें भी घर से बाहर आकर एक दूसरे से एक जगह मिलने का अवसर मिला निश्चित ही सराहनीय प्रयास है। वहीं आज महिलाओ को किसी सशक्तिकरण की जरूरत नहीं है महिलाएं खुद एक शक्ति है, जरूरत है उनको अपनी शक्ति पहिचानने की महिलाए हर क्षेत्र में समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़चढ़ भाग लिया और होली के त्यौहार को सेलिब्रेट किया।

## कार से सभी टायर चोरी

**आगरा।** थाना सदर क्षेत्र में एक अजीब चोरी की वारदात सामने आई है। ग्वालियर रोड स्थित नेहा गार्डन में रहने वाले सचिन मंगल की बलेनो कार के सभी टायर और स्टेपनी चोर चुरा ले गए। घटना रात के समय की है। सचिन ने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। रात में चोर एक गाड़ी से आए और बलेनो के सभी टायर खोलकर ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सुबह जब सचिन की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनकी कार के सभी पहिए गायब हैं। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में देखा गया कि चोर आगरा की तरफ भागे हैं। पीड़ित ने थाना सदर पुलिस से चोरों को पकड़ने की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

## आगरा के बासौनी क्षेत्र में दो भाई चाकू से गोदे, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**आगरा।** थाना बसौनी के गांव चुन्नीपुरा बड़ोस में पड़ोसियों के बीच हो रहे झगड़े में बीचबचाव करने पहुंचे दो सगे भाइयों को चाकुओं से गोद दिया गया जिसमें एक भाई की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर घायल है। यह घटना बीती रात नौ बजे हुई। गांव के ही चाचा भतीजे के परिवार में झगड़ा हो रहा था। पड़ोस के नए गांव के ही तोताराम के दो पुत्र देव सिंह और रामदेव बीचबचाव करने पहुंच गए। इस पर झगड़ रहे लोगों ने इन दोनों भाइयों पर ही हमला बोल दिया। उन पर चाकुओं से कई वार किए गए, जिसमें देव सिंह और रामदेव गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों भाइयों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां देव सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। रामदेव को गंभीर हालत में एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। हमले का आरोप शरमन, सूरज और साहूकार पर लगा है। मृतक की मां शीला ने बताया कि देव सिंह का गांव में किसी से विवाद नहीं था। वह तो दिल्ली में काम करता था और अभी दो दिन पहले ही गांव में आया था। बीच बचाव के चक्कर में वह अपनी जान गंवा बैठा। झगड़े की सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस और एसीपी भी गांव में पहुंच गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है जबकि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस घटना से चुन्नीपूरा बड़ोस गांव में होली से पहले तनाव का माहौल कायम हो गया है। गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

## लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**आगरा।** अछनेरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ब्यारा चौकी के पास बैरियर चेकिंग के दौरान दो अपाचे बाइक पर सवार तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। संदिग्धों ने भागने की कोशिश की और पीताम्बरा कोल्ड स्टोरेज के पास पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किया। इस दौरान एक बदमाश दीपक के दाहिने पैर में गोली लग गई। पुलिस ने अन्य दो बदमाशों नितेश और शिवा को भी घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में बदमाशों ने 5 तारीख को अछनेरा में दो महिलाओं से की गई लूट की वारदात को कबूल किया। इनके पास से दो तमंचे, एक जिंदा कारतूस और तीन खोखे बरामद हुए हैं। ये बदमाश फरवरी में किरावली थाना क्षेत्र में हुई लूट में भी शामिल थे। एसीपी अछनेरा गौरव कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्र, उप निरीक्षक अनुज कुमार, सचिन कुमार, नवजीत सिंह, अफरोज खान और मुकेश यादव शामिल थे। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी जांच की। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## काशी विश्वनाथ धाम से जन्मभूमि आया होली प्रसाद

**मथुरा।** इस संबंध में जानकारी देते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि आज फाल्गुन शुक्ल दशमी तद्नुसार दिनांक 09 मार्च 2025 रविवार की प्रातः 9:00 बजे भव्य शोभायात्रा के मध्य प्रिया-प्रियतम की होली लीला के लिए काशी विश्वनाथ धाम से प्राप्त होली प्रसाद को ठाकुरजी को अर्पित किया गया। रंग, गुलाल, अबीर, वस्त्र, फल, पुष्प, माखन-मिश्री आदि अनेकानेक प्रसाद सामग्री काशी विश्वनाथ धाम से श्रीकृष्ण जन्मभूमि आयी। ढोल, मृदंग, मजीरे की मंगल ध्वनि और गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में प्रवेश किया। स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

श्री शर्मा ने आगे बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री विश्वभूषण जी के विशिष्ट भाव एवं सहयोग से इस प्रकार के अलौकिक उत्सव का आयोजन हुआ है। संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीराम, श्रीकृष्ण एवं श्री शिव में कोई भेद नहीं है। बाबा विश्वनाथ धाम से प्राप्त होली प्रसाद को श्रीकृष्ण जन्मभूमि की रंगारंग लठामार होली के समय श्रीठाकुरजी को अर्पित कर भक्तों में वितरित किया जायेगा।

## विवेकानन्द शाखा ने मनाया वार्षिकोत्सव



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कृष्ण भाग दीनदयाल नगर की सदर बाजार में चन्दन सिंह यादव सरस्वती शिशु मंदिर में लगने वाली विवेकानन्द शाखा का वार्षिकोत्सव हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुये कृष्ण भाग कार्यवाह अजय सर्राफ ने कहा कि वार्षिकोत्सव का अर्थ है कि वर्ष भर शाखा ने जो कार्य किये उनका स्व मूल्यांकन स्वयंसेवक करें। साथ ही सीखे हुए कार्यों का समाज के सामने प्रदर्शन करें। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता करते हुए बार के पूर्व सचिव अधिवक्ता राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि पंच तत्व की तरह समाज के पांच लोग डाक्टर, वकील, अध्यापक, पत्रकार और इंजीनियर अगर मिलकर सकारात्मक भाव से कार्य करे तो समाज आगे बढ़ता है। योग, तिष्टयोग, आसन, समता, दण्ड प्रहार, नगर कार्यवाह मनोज ने कराए, अग्रेसर में विद्यार्थी विस्तारक सुमित रहे। कार्यक्रम में गनगीत दिनेश पांडेय ने कराया, परिचय अश्वनी जी ने कराया, अमृत वचन मोहित सैनी ने कराया। शाखा प्रतिवेदन रविन्द्र बैटरी वालो ने पढ़ा। कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक प्रभुदयाल जी रहे। व संचालन राजकुमार जी ने किया। वृषिकोत्सव में भाग प्रचारक कुलदीप, शिवांशु, नगर संघचालक ब्रजेश जी एडवोकेट, गौरव, विजय, रमेश, गोविंद, अनिल, विद्यासागरजी, दद्दन जी, संजय गॉड, विनय किशोर, डालचंद, सुरेश यादव, पार्षद संजय अग्रवाल, डॉ अशोक अग्रवाल आदि रहे।

## सोने की पिचकारी से रंगभरनी एकादशी पर खेलेंगे बिहारीजी होली



**मथुरा।** वृन्दावन में रंगभरनी एकादशी पर सोमवार को जब आराध्य बांकेबिहारी मंदिर के जगमोहन में चांदी के सिंहासन पर बैठ भक्तों संग सोने की पिचकारी से होली खेलेंगे, तो इससे पहले सेवायत ठाकुरजी को केसर कीच, चोबा-चंदन और अरगजा अर्पित करेंगे। प्राचीनकाल से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए सेवायत ठाकुरजी का प्रतिनिधित्व करते हुए भक्तों पर रंगों की बरसात करेंगे, तो भक्त आराध्य के प्रसादी रंग की एक-एक बूंद में सराबोर होने को उत्साहित नजर आएंगे। बांकेबिहारी मंदिर में पांच दिवसीय होली का आगाज फूलों की होली से रंगभरनी एकादशी पर होगा। इस बार आराध्य की पिचकारी से टेसू के रंगों संग इत्र केसर, गुलाबजल की भी बरसात होगी, जो भक्तों को आस्था के रंगों में डुबोएगी। रंगभरनी एकादशी पर सोमवार को ठाकुर बांकेबिहारी चांदी के सिंहासन पर बैठ सोने की पिचकारी से जब भक्तों पर टेसू का चटक रंग छोड़ेंगे, तो आराध्य के प्रसादी रंग में सराबोर होने की भक्तों की इच्छा पूरी होगी। पांच दिवसीय होली की शुरूआत मंदिर में होगी, तो होली की खुमारी भक्तों के भी सिर चढ़कर बोलेगी। आराध्य के प्रसादी रंग में सराबोर होने को देश-दुनिया से लाखों भक्तों ने वृंदावन में डेरा डाल रखा है। अब इंतजार केवल सोमवार की सुबह मंदिर के पट खुलने का है। लेकिन, मंदिर के पट खुलने से पहले ही मंदिर सेवायत प्राचीन परंपरा का निर्वहन करेंगे। मंदिर के जगमोहन में चांदी के सिंहासन पर श्वेत धवल पोशाक, सिर पर पगड़ी और कमर में रंगों की पोटली बांधे जब बांकेबिहारी हाथ में सोने की पिचकारी लेकर होली खेलने के लिए तैयार होंगे।

सेवायत आराध्य के गालों पर केसर कीच, चोबा-चंदन और अरगजा लगाकर ही होली की शुरूआत करेंगे। ठाकुर

बांकेबिहारी मंदिर आने वाले हर एंट्री पाइंट पर जूताघर बनाया गया है। जहां श्रद्धालु जूते-चप्पल उतारकर ही मंदिर की ओर आगे बढ़ेंगे। मंदिर के आसपास भारी मात्रा में पुलिस फोर्स श्रद्धालुओं की सहूलियत और सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। इसके अलावा प्राचीन राधारमण मंदिर में भक्त और भगवान के बीच होली खेली गई। होला अष्टमी से शुरू हुई पारंपरिक होली में मंदिर के सेवायत गोस्वामियों ने आराध्य को गर्भगृह से बाहर जगमोहन में विराजमान किया। पीले रंग के वस्त्र धारण कराए और सोने की पिचकारी से टेसू के फूलों से बना रंग उनके वस्त्रों पर डाला। इसके बाद सेवा अधिकारियों ने ठाकुरजी का प्रसादी रंग और गुलाल भक्तों पर बरसाया। देश-विदेश से आए भक्तजन अपने ऊपर रंग प्रसादी रंग डालने पर झूम उठे और जयकारे लगाने लगे। भक्तजन भक्ति के रंग में सराबोर हो गए।

## श्रीराम मंदिर की भांति ही बनेगा श्री कृष्ण मंदिर : संत रमेश भाई ओझा



**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति आंदोलन अब अपने चरम पर पहुंच गया है। रविवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने संत रमेश भाई ओझा को आंदोलन और न्यायिक कार्रवाई से अवगत कराया। वृंदावन के श्रोतमुनि आश्रम में हुई दोनों के मध्य गहन मंत्रणा के बाद संत रमेश भाई ओझा ने कहा कि श्रीराम की भांति ही मथुरा में भी भगवान श्री कृष्ण का मंदिर बनेगा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद का विवाद जगजाहिर है। इस विवाद के पक्षकार और श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने सोमवार को वृंदावन स्थित श्रोतमुनि आश्रम में प्रख्यात संत रमेश भाई ओझा जी से मुलाकात कर आंदोलन की सफलता का आशीर्वाद मांगा। उल्लेखनीय के एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह इस विवाद के पक्षकार होने के साथ-साथ ही श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मूल गर्भगृह पर विधर्मी औरंगजेब ने मंदिर को तोड़कर बने मस्जिद को हटाकर वहां एक भव्य मंदिर निर्माण की मांग को लेकर न्यायालय में मुकदमा लड़ रहे हैं और देश-विदेश में भी श्री कृष्ण जन्म भूमि न्यास के बैनर आंदोलन चल रहे हैं। संत से भेंट के बाद न्यास के अध्यक्ष ने बताया, श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए देश भर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अब तक छह करोड़ से ज्यादा लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास को दिया है। इसी तरह से ऑस्ट्रेलिया में भी वृहद स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चल रहा है। इसी मास के अंत में ऑस्ट्रेलिया में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें अधिकांश प्रवासी भारतीय भाग लेंगे। इसकी तैयारी वहां जोर शोर से चल रही है। इससे पूर्व महाकुंभ में हुए महासंवाद में लिए गए निर्णय की भी एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने संत रमेश भाई ओझा को जानकारी दी। न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने संत को हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के विषय में विस्तार से बताया और साथ ही जानकारी दी कि अब वाद बिंदु तय किए जाने हैं, इसकी पूरी तैयारी कर ली हैं। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर मस्जिद बनी है, वहां भगवान के जन्म का मूल गर्भगृह है। इसके पर्याप्त साक्ष्य उनके पास है। इन्हीं के आधार पर वह श्री कृष्ण जन्म भूमि फिल्म का निर्माण भी कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की स्थिति की भी जानकारी संत को दी। संत रमेश भाई ओझा ने कहा कि जिस तरह से अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य हुआ है, ठीक उसी तरह से मथुरा में भी भगवान श्री कृष्ण का मंदिर बनेगा। हर एक हिन्दू की इच्छा है कि भगवान श्री कृष्ण का मंदिर मूल गर्भगृह पर बने। उन्होंने न्यास के बैनर तले चल रहे आंदोलन को लेकर भी गहन मंत्रणा की और अपने सुझाव भी दिए। साथ ही यह भी कहा कि एक दिन उनका लक्ष्य पूरा होगा और अपना आशीर्वाद भी न्यास के अध्यक्ष को दिया। अध्यक्ष ने बताया कि संत ने जो सुझाव दिए है, उनको भी आंदोलन की गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। उनके साथ वृंदावन के ही संत श्यामानंद जी महाराज भी मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने शॉल ओढ़ाकर संत का स्वागत किया।

### होली डोला भव्यता के साथ 13 मार्च को निकलेगा

**मथुरा।** चतुर्वेदी समाज का होली के अवसर पर निकलने वाला डोला 13 मार्च गुरुवार को दोपहर 2:00 बजे से निकाला जाएगा। श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के कार्यालय पुण्य तीर्थ विश्राम घाट पर महामंत्री राकेश तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसका एलान किया गया।

डोला निकलवाने के लिए हेतु संजय चतुर्वेदी एल्पाइन कमल चतुर्वेदी संजीव चतुर्वेदी एड. अमित पाठक अनिल चतुर्वेदी पमपम संजय अमित आशीष चतुर्वेदी दाढ़ी और नीरज चतुर्वेदी को नामित किया है।

डोला में श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक मुख्य अतिथि रहेंगे। ध्यान रहे कि इस डोला के निकलने के बाद महानगर के सभी बाजारों में दुकान बंद हो जाती हैं।

इस बार खास बात यह रहेगी समाजसेवी प्रकाश चंद्र अग्रवाल के आग्रह पर डोला निकालने के बाद पूरे बाजार में खासकर द्वारकाधीश मंदिर से होली गेट तक बाजार के दोनों और बनी दुकानों के आगे से गुलाल की सफाई और सड़क की धुलाई नगर निगम द्वारा कराई जाएगी।

# फतेहाबाद में अवैध संबंधों के चलते हुई थी हलवाई की हत्या

जिला संवाददाता

**आगरा।** थाना फतेहाबाद इलाके में 2 दिन पूर्व एक युवक का शव खेतों में खाद के ढेर में दबा हुआ मिला था, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक का जबड़ा टूटा हुआ और हाथों पर चोट के निशान थे।

युवक की बेरहमी से हत्या की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पड़ोसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद से ही अवैध संबंधों में युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही थी। शनिवार को पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी शख्स और एक महिला को गिरफ्तार किया है। फतेहाबाद क्षेत्र के कछियारा सांकुरी कला गांव में पिछले गुरुवार को 20 वर्ष के सोनू पुत्र रामबरन का शव खेतों में खाद की ढेर में पड़ा हुआ मिला था। युवक तीन दिन से लापता था। परिजनों ने पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगाया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवक की हत्या का खुलासा किया है।

इंस्पेक्टर फतेहाबाद देवी प्रसाद तिवारी के मुताबिक मृतक सोनू के पड़ोसी जोगेंद्र की पुत्रवधू से 2 साल अवैध संबंध थे। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कई बार मना करने पर सोनू नहीं माना। 3 मार्च को रात में जोगेंद्र की नीद खुली तो पुत्रवधू के कमरे से आहट सुनाई दी, पुत्रवधू का कमरा खुलवाया तो उसके साथ सोनू आपत्तिजनक हालत में था। घर में जगार हो गई ससुर ने अपनी पत्नी और दूसरे बेटे की बहू के साथ आरोपी सोनू को पकड़ लिया, घर में रखी कुल्हाड़ी से जोगेंद्र ने सोनू के जबड़े पर प्रहार किया, जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपियों ने शव घर के पीछे अपने ही खेत में खाद की ढेर में दबा दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी ससुर जोगेंद्र सिंह और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है, इसके अलावा घटना में सम्मिलित दोनों पुत्रवधू फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को भी बरामद किया है, जिसे आरोपी जोगेंद्र ने घर के ऊपर बने शौचालय में छुपा दिया था।

### बार के पूर्व अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ 1.87 करोड़ की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

मथुरा। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मदन गोपाल सिंह और सचिव गोपाल गौतम आई के खिलाफ एसएसपी के आदेश पर सदर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हो गया है।

वर्तमान बार सचिव शिव कुमार लवानिया की तहरीर पर एक करोड़ 87 लाख 36 हजार 92 रुपये की धोखाधड़ी का अपराध विभिन्न धाराओं में दर्ज हुआ है।

आरोप है कि दोनों पदाधिकारियों ने अपने नजदीकी रिश्तेदारों व सहयोगियों को शामिल कर पद का दुरूपयोग करते हुये 1.87 करोड़ रुपए का गबन किया है।

### गांजा के साथ गिरफ्तार

मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के दिशा निर्देशन में चल रहे अभियान के दौरान रात्रि में गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक बलदेव रदयालपुर थाना मुरसान जनपद हाथरस को डेढ़ किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

संक्षेप

## श्रमिक संगठन कर रहे हैं विरोध-प्रदर्शन : एनएमडीसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी ने रविवार को कहा कि वेतन संशोधन पर बातचीत जारी रहने के बावजूद श्रमिक संघ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। एनएमडीसी ने बयान में कहा कि उसने राष्ट्रीय राजधानी में मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) को पहले ही सूचित कर दिया है कि श्रमिक संगठनों ने छह मार्च से काम में जानबूझकर सुस्ती की नीति अपनाई है। एनएमडीसी के अनुसार, सबसे हालिया वेतन संशोधन 2017 में हुआ था, और अगला संशोधन 2022 में होने वाला था। यूनियनों द्वारा मांगों का चार्टर (सीओडी) 27 फरवरी, 2023 को पेश किया गया था। एनएमडीसी प्रबंधन ने तेजी से काम किया और आठ महीने के भीतर श्रमिक संगठनों के साथ आम सहमति बना ली। अगस्त, 2024 में द्विपक्षीय उप-समिति ने अपनी सिफारिशें पेश कीं। वेतन समझौते के संबंध में ट्रेड यूनियनों और एनएमडीसी प्रबंधन के बीच पहले ही सहमति बन चुकी है। मामले को पुष्टि के लिए इस्पात मंत्रालय को भेजा गया था। एनएमडीसी प्रबंधन मंत्रालय के साथ मामले को आगे बढ़ा रहा है और समय-समय पर यूनियन नेताओं को परिणाम के बारे में जानकारी दे रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने कहा कि उसने मंत्रालय को यह भी सूचित किया है कि हड़ताल से एनएमडीसी में उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए वार्ता का 10वां दौर आज से

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) सोमवार से ब्रसेल्स में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए 10वें दौर की वार्ता शुरू करेंगे। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क लगाने की धमकियों के बीच ये बातचीत होगी। एक अधिकारी ने बताया कि बातचीत में बाकी मुद्दों को हल करने पर ध्यान देने की उम्मीद है, ताकि इस साल के अंत तक समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके। यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक की हाल की यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की दिशा में प्रयास तेज करने पर चर्चा की। ट्रंप प्रशासन की उच्च शुल्क की धमकी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने पिछले महीने इस साल तक भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करने पर सहमति जताई थी।

## 60 प्रतिशत लोगों को भविष्य की फाइनेंशियल सिक्योरिटी की चिंता

बरेली। भारत में सैंडविच जेनरेशन के लोग अपने माता-पिता और बच्चों की जिंदगी को हर संभव तरीके से सबसे बेहतर बनाने पर ध्यान देते हैं, फिर भी उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। एडलवाइज लाइफ इंश्योरेंस की एक स्टडी के अनुसार, 60 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि चाहे मैं कितनी भी सेविंग या इन्वेस्ट कर लूँ, पर ऐसा लगता है कि ये भविष्य के लिए काफी नहीं है। पिछले कुछ सालों में अपने ग्राहकों के साथ बातचीत के आधार पर हमने इस बात को करीब से जाना है कि, सैंडविच जेनरेशन के लोग किस तरह अपने माँ-बाप और बच्चों की देखभाल के बीच फंसे हुए हैं। वे स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी जरूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना चाहते हैं, साथ ही वे अरमानों भरी जिंदगी भी देना चाहते हैं, जिसमें जरूरतों को पूरा करने के लिए 'ख्वाहिशों' की कुर्बानी नहीं देनी पड़े। यही सबसे बड़ी वजह है, जो उन्हें वित्तीय फैसले लेने के लिए प्रेरित करती है। और इन सब के बीच, वे अक्सर अपने सपनों को पीछे छोड़ देते हैं, जिससे उन्हें यह महसूस होता है कि वे भविष्य के लिए तैयार नहीं हैं।

## अमेरिकी शुल्क का वाहन पर प्रभाव कम

नयी दिल्ली। अमेरिका में फार्मा आयात पर बढ़ाए गए शुल्क से भारतीय दवा निर्माताओं पर गंभीर असर पड़ सकता है क्योंकि इससे उनकी उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले निर्यात कम प्रतिस्पर्धी हो जाएगा। कम मार्जिन पर काम करने वाली छोटी दवा कंपनियों पर गंभीर दबाव पड़ सकता है, जिससे उन्हें एकीकरण या कारोबार बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। दूसरी ओर, वाहन क्षेत्र पर इसका बहुत कम प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिका एक छोटा निर्यात बाजार है। भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर जवाबी शुल्क दो अप्रैल से लागू होंगे। भारत वर्तमान में अमेरिकी दवाओं पर लगभग 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाता है।

# कंपनियों की पूंजी 2.10 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,10,254.96 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स।,134.48 अंक या 1.55 प्रतिशत चढ़ा, वहीं एनएसई निफ्टी 427.8 अंक या 1.93 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 66,985.25 करोड़ रुपये बढ़कर 16,90,328.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 46,094.44 करोड़ रुपये बढ़कर 13,06,599.95 करोड़ रुपये रहा। बाजार मूल्यांकन में तेज उछाल के बाद टीसीएस एक बार फिर शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 39,714.56 करोड़ रुपये बढ़कर 6,53,951.53 करोड़ रुपये रही। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 35,276.3 करोड़ रुपये बढ़कर 9,30,269.97 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 11,425.77 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,05,293.34 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का 7,939.13 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 8,57,743.03 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत में 2,819.51 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और उसका बाजार पूंजीकरण 5,17,802.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 31,832.92 करोड़ रुपये घटकर 12,92,578.39 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 8,535.74 रुपये घटकर 5,20,981.25 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 955.12 करोड़ रुपये घटकर 7,00,047.10 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# निवेश से चांदी की चमक बरकरार इस साल दिया 11 प्रतिशत का रिटर्न



नयी दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच चांदी भी निवेशकों को निवेश के लिहाज से आकर्षित कर रही है और इसने इस साल अबतक लगभग 11 प्रतिशत का रिटर्न (प्रतिफल) दिया है।

इसके बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत बुनियाद और अन्य मूल्यवान धातुओं की तुलना में सस्ती कीमतों के साथ, चांदी का प्रदर्शन रिटर्न के लिहाज से अगले दो-तीन साल बेहतर रहने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सोने की तुलना में चांदी में उतार-चढ़ाव अधिक होता है। इसका कारण यह निवेश परिसंपत्ति के साथ-साथ औद्योगिक धातु के रूप में उपयोगी और आकर्षक है। लेकिन यह सोने की तुलना में अधिक किफायती है, जिससे छोटे निवेशकों के लिए इसे खरीदना आसान हो जाता है। देश में चांदी की कीमत एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) वायदा में बीते वर्ष 17.50 प्रतिशत चढ़ी है और यह 10 साल के औसत रिटर्न 9.56 प्रतिशत से अधिक है। पिछले दो साल में इसमें मजबूत प्रदर्शन देखने को मिला है और इस साल भी अबतक इसमें 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि चांदी के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए निवेशक आने वाले समय में इसमें संभावनाओं को लेकर सतर्क हुए हैं। वर्तमान में, चांदी वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान 25 अप्रैल, 2011 को निर्धारित अपने रिकॉर्ड 50 डॉलर प्रति औंस से लगभग 35 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रही है। कीमत का यह स्तर बाजार में तेजी की उम्मीद करने वालों के लिए निवेश को लेकर एक आकर्षक प्रवेश बिंदु का संकेत हो सकता है। उल्लेखनीय है कि एशियाई बाजार में चांदी वायदा कीमत बीते शुक्रवार को 0.17 प्रतिशत घटकर 33.28 डॉलर प्रति औंस रही। एक जिंस के रूप में चांदी औद्योगिक धातु होने के कारण अत्यधिक अस्थिर रही है। साथ ही अनिश्चित आर्थिक परिदृश्य के दौरान निवेश उद्देश्यों के लिए भी इस पर गौर किया जाता है। हालांकि, अन्य कीमती धातुओं की तुलना में मजबूत बुनियाद और सस्ती कीमतों के साथ, अगले दो-तीन साल के परिदृश्य के हिसाब से रिटर्न के मामले में चांदी का प्रदर्शन अन्य कीमती धातुओं से बेहतर रहने की उम्मीद है।

# एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 24,753 करोड़



नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों से 24,753 करोड़ रुपये (2.8 अरब डॉलर) निकाले हैं। कंपनियों की कमजोर आय और वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव बढ़ने के बीच एफपीआई लगातार शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं।

इससे पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 में अबतक एफपीआई कुल 1.37 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस महीने सात मार्च तक 24,753 करोड़ रुपये के शेयर बेचे है। यह उनकी शुद्ध निकासी का लगातार 13वां सप्ताह है। 13 दिसंबर, 2024 से एफपीआई 17.1 अरब अमेरिकी डॉलर के शेयर बेच चुके हैं। विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर बिक्री मुख्य रूप से वैश्विक और घरेलू कारकों के संयोजन के कारण है। अमेरिका द्वारा मेक्सिको, कनाडा और चीन जैसे देशों पर ऊंचा शुल्क लगाए जाने तथा भारत सहित कई देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा से बाजार धारणा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के कमजोर नतीजों ने नकारात्मक धारणा को और बढ़ा दिया है। इससे एफपीआई भारतीय शेयरों को लेकर सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अनिश्चितता कमजोर रुपये से और बढ़ गई है, जिससे भारतीय परिसंपत्तियों का आकर्षण कम हो गया है। रुपये में गिरावट ने एफपीआई के लिए रिटर्न को कम कर दिया है। वहीं भारत की कर संरचना भी एक कारण है, जिसमें दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर 12.5 प्रतिशत कर और अल्पकालिक लाभ पर 20 प्रतिशत कर है, जो वैकल्पिक बाजारों के विपरीत है।

# त्यौहारी मांग से बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार



नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में पाम, पामोलीन के दाम बढ़ने तथा फरवरी में कम आयात के बीच देश में त्योहारी मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम सुधार के साथ बंद हुए।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह विदेशों में कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन के दाम बढ़े हैं। इसके अलावा भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) बाजार अटकलों को धता बताते हुए सोयाबीन की बिक्री कम दाम पर नहीं कर रहा है। इसके कारण सोयाबीन के दाम में सुधार आया। महंगा होने की वजह से सूरजमुखी, सीपीओ और पामोलीन का फरवरी में आयात कम हुआ है। इधर देश में कम उत्पादन के बीच खाद्य तेलों की मांग बढ़ रही है। होली और रमजान जैसे त्योहार सामने है। इन सब परिस्थितियों के बीच सभी खाद्य तेल-तिलहनों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि सरसों के सर्वाधिक उत्पादन वाले राज्य, राजस्थान के किसानों ने कहा है कि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम पर सरसों की बिक्री नहीं करेंगे। होली के बाद सरकार के द्वारा एमएसपी पर सरसों की खरीद किये जाने की संभावना है। पिछले साल की तरह इस बार बाजार में सरसों बिकवाली का दबाव कम है और किसान पूरी सूझबूझ के साथ सरसों बेचने की कोशिश करते दिख रहे हैं। उन्हें सरसों का वाजिब दाम चाहिये इसलिए रोक-रोक कर फसल मंडियों में ला रहे हैं। इन परिस्थितियों में समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान सरसों तेल-तिलहन के दाम सुधार के साथ बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि इस समय सोयाबीन तेल के मुकाबले सूरजमुखी तेल का दाम 10-12 रुपये किलो और पाम-पामोलीन का दाम 5-6 रुपये किलो अधिक है। दाम अधिक होने से सूरजमुखी और पाम-पामोलीन का आयात कम हुआ है। इसकी कमी को तभी पूरा किया जा सकता है जब सोयाबीन का सामान्य से काफी अधिक आयात हो। सोयाबीन तेल के आयात में कुछ अधिक ही वक्त लगता है। जब तक पाम, पामोलीन और सूरजमुखी तेल के दाम सस्ते नहीं होंगे।

# शुल्क को लेकर चिंता के बीच तय होगी शेयर बाजार की दिशा



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, वृहद आर्थिक घोषणाओं और अमेरिकी शुल्क संबंधी घटनाक्रम से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

उन्होंने कहा कि बाजार प्रतिभागी विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी डॉलर तथा कच्चे तेल की कीमतों पर उनके प्रभाव पर भी बारीकी से नजर रखेंगे। आगामी कारोबारी सप्ताह छुट्टियों के कारण छोटा रहेगा और बाजार भागीदार प्रमुख घरेलू घटनाओं की अनुपस्थिति में वैश्विक घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखेंगे। इन कारकों में शुल्क वार्ता, भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी डॉलर तथा कच्चे तेल की कीमतों की चाल शामिल है। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने नकदी बाजारों में अपनी बिकवाली धीमी कर दी है, लेकिन उनके रुख में कोई भी बदलाव बाजार की दिशा के लिए एक महत्वपूर्ण संकेतक बना रहेगा। मिश्रा ने कहा कि व्यापक आर्थिक मोर्चे पर, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। शुक्रवार को होली के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। इस सप्ताह, अमेरिका और भारत के सीपीआई आंकड़े 12 मार्च को जारी होने वाले हैं। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,134.48 अंक या 1.55 प्रतिशत चढ़ा और एनएसई निफ्टी 427.8 अंक या 1.93 प्रतिशत बढ़ा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क में देरी और आगे की बातचीत की संभावना की रिपोर्ट के बाद वैश्विक भावना में सुधार हुआ, जिससे वित्तीय बाजारों को स्थिर करने में मदद मिली। इसके अलावा, कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों का भरोसा और बढ़ाया। घरेलू बाजार कई सप्ताह की बिकवाली के बाद पिछले हफ्ते आखिरकार बढ़त में बंद हुआ। इसकी मुख्य वजह चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर और उपभोग में सुधार है। चीन के प्रोत्साहन और कच्चे तेल की कम कीमतों के कारण धातु, पूंजीगत सामान और ऊर्जा क्षेत्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। डॉलर सूचकांक में गिरावट ने उभरते बाजारों के प्रति निवेशकों की धारणा को भी बेहतर बनाया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों पर अनिश्चितता के कारण अमेरिकी बाजारों में गिरावट आई है।

# जीएसटी 2.0 को पूरी तरह सरल बनाना समय की मांग, कम दंडात्मक हो: कांग्रेस




नयी दिल्ली। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने रविवार को कहा कि जीएसटी में कोई भी बदलाव महज दरों में कमी से कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए और वस्तु एवं सेवा कर के अगले चरण (जीएसटी 2.0) को पूरी तरह सरल तथा कम दंडात्मक बनाना चाहिए। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा था कि जीएसटी दरों में और कमी की जाएगी।

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनावों के अपने घोषणापत्र में जीएसटी 2.0 के जरिये एक अच्छे और सरल कर की परिकल्पना की थी। उन्होंने एक बयान में कहा, गेंद अब केंद्र सरकार के पाले में है - क्या वे इस ऐतिहासिक अवसर का लाभ उठाएंगे? रमेश ने कहा कि वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि जीएसटी दरों में जल्द ही कमी की जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दोहराती है कि जीएसटी में कोई भी बदलाव महज दर में कमी से कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पॉपकॉर्न के लिए कर की तीन दरों वाली व्यवस्था में बुनियादी सुधार किए बिना सिर्फ कारमेल पॉपकॉर्न पर कर घटाना महज दिखावा है। पॉपकॉर्न में चीनी मिलाने से इसे कारमेल पॉपकॉर्न कहते हैं और इस पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। रमेश ने कहा कि समय की मांग है कि जीएसटी 2.0 को पूरी तरह सरल और कम दंडात्मक बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जीएसटी 2.0 का पहला लक्ष्य कर स्लैब को सरल बनाना होना चाहिए। पॉपकॉर्न के लिए तीन स्लैब वाली कर व्यवस्था और क्रीम बन तथा सामान्य बन के लिए अलग-अलग कर दरें तो बस एक छोटी सी झलक हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम ने स्वीकार किया है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में उपकर सहित 100 से अधिक अलग-अलग दरें हैं।

## पेज एक का शेष

### सरकार साथ

होती और यदि सरकार उनके साथ खड़ी हो जाए तो वह चुनौतियों का सामना करते हुए अपना मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नये भारत का नया उत्तर प्रदेश है। मेरठ और सहारनपुर में इस योजना को आगे बढ़ाने में मुझे प्रसन्नता हो रही है और 1,070 (लाभार्थी) नये युवा उद्यमी इस क्षेत्र को दे रहे हैं। योगी ने कहा कि यह योजना राज्य को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी और भारत पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्रम इसी प्रकार चलेगा तो 2047 में भारत एक विकसित राष्ट्र होगा। योगी ने पिछले आठ वर्ष में राज्य में सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और विकास का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए दावा किया कि आज प्रदेश में निवेश चारों ओर से आ रहा है और हर जिले में उद्योग लग रहे हैं। साढ़े सात लाख युवाओं को हम इसमें नौकरी दे चुके हैं। इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, राज्य मंत्री सौमेंद्र तोमर व दिनेश खटीक और मेरठ के सांसद अरुण गोविल और डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने योजना के तहत कारोबार शुरू करने वाले युवाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने इससे पहले मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और कहा कि इसे अक्टूबर-नवंबर तक राष्ट्र को समर्पित कर दिया जाएगा।

### भारत को

है ताकि हम अपने घाटे को पूरा कर सकें। दूसरा, हवाई क्षेत्र में नियंत्रण की प्रधानता स्पष्ट रूप से सामने आई है। एयर चीफ मार्शल सिंह से जब दुनिया में जारी संघर्षों से मिले सबक के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि संघर्ष से प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से मानव रहित वाहनों की भूमिका सामने आई है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के साथ हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। उनसे उन खबरों के बारे में भी सवाल किया गया कि पाकिस्तान एक पड़ोसी देश से पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान लेने वाला है। उन्होंने कहा कि यह सार्वजनिक स्रोत से मिली सूचना है, पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के विमान दिए जाने की बातचीत जारी है। हालांकि, वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अगर दुश्मन का विमान प्रौद्योगिकी के रूप से उन्नत है, तो रणनीति अपनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह बिल्ली और चूहे का खेल है जो चलता रहेगा। उन्होंने कहा, हमें उनके (प्रतिद्वंद्वी के) कदम उठाने पहले ही अनुमान लगाना होगा और प्रौद्योगिकी में उनसे आगे निकलना होगा। एयर चीफ मार्शल सिंह ने इस बात पर अफसोस जताया कि हम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभी अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें एक ऐसे चरण तक पहुंचने की जरूरत है जहां नयी प्रौद्योगिकी भारत से निकले और दूसरे उसका अनुसरण करें। उन्होंने आग्रह किया कि अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को विफलता के लिए तैयार रहना चाहिए और इससे जल्दी सीखना चाहिए। उनसे यह भी पूछा गया कि भारतीय वायुसेना आज उसी तरह की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया देगी जो उसने फरवरी 2019 में बालाकोट हवाई हमले के समय किया था। वायुसेना प्रमुख ने कहा, हम जो करेंगे, उसके बारे में हम पहले से नहीं बता सकते। हमारे पास विकल्प उपलब्ध हैं और यह इस आधार पर तय किया जाता है कि कैसा खतरा है...हम क्या परिणाम चाहते हैं...मुझे यकीन है कि अगर हमारे पास राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं होती तो बालाकोट नहीं होता। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि युद्ध में प्रवेश करते समय व्यक्ति को आत्मविश्वास होना चाहिए, लेकिन अति आत्मविश्वास नहीं।

### प्राचीन मंदिरों

हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का काशीपुर की जनता, विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों की ओर से एक समारोह में भव्य अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री धामी के काशीपुर पहुंचने पर शहरवासियों ने धामी को फूलमालाओं से लाद दिया और रोड शो निकाल कर व पुष्प वर्षा का स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि काशीपुर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर काशीपुर की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा राज्य सरकार काशीपुर की जनता द्वारा जताए गए भरोसे पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेगी और विकास कार्यों को तीन गुना गति से आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि इस दिशा में आज हमने काशीपुर के सर्वांगीण विकास के लिए लगभग 111 करोड रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये सभी परियोजनाएं न केवल इस क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगी, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी नई गति प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 1100 करोड़ रुपए की लागत से औद्योगिक हब परियोजना एवं 100 करोड़ की लागत से अरोमा पार्क परियोजना भी संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के अन्य क्षेत्रों की भांति काशीपुर में भी हम लखपति दीदी योजना और सौर स्वरोजगार योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार को भी प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा आज देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकारें हैं, जिनमें प्रत्येक काम के पूरा होने की पूरी गारंटी होती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के किसानों के उत्थान एवं समृद्धि के लिए भी संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रही है।

### अमेरिका में

सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं। जायसवाल घटना पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने शनिवार को कहा कि चीनो हिल्स में श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र को किया गया। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने पोस्ट किया कि एक और मंदिर को अपवित्र किया गया तथा इस बार कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स स्थित मंदिर में ऐसी घटना को अंजाम दिया गया है। इसने कहा, हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के लोगों के साथ मिलकर हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक और मंदिर अपवित्र किया गया। इस बार यह घटना कैलिफोर्निया में चीनो हिल्स में हुई। हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय एक साथ है और हम कभी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे।

### लखनऊ समेत

युवाओं का मन जुड़ा रहता है। क्रिकेट टीम के कप्तान रहे महेन्द्र सिंह धोनी के बाद रोहित शर्मा बड़े दिल वाले कप्तान हमें मिले, जिन्होंने कई वर्षो के बाद चैंपियन ट्राफी भारत की झोली में डाल दिया।


उन्होंने कहा कि अच्छी कप्तानी के कारण और फाइनल मैच में अच्छे कैच पकड़ने के लिए कारण ही भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल मैच जीता। शहर के दस नब्बे चौराहे पर भी बड़ी संख्या में युवाओं का देर रात पहुंचकर जश्न मनाना हुआ। भारतीय क्रिकेट टीम की वर्ल्ड कप जीत की खुशी मनाते हुए युवाओं ने जमकर आतीशबाजी की। चौक और छोटा इमामबाड़ा क्षेत्र में भी देर रात तक भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनता रहा। लोगों ने भारत माता की जय और वन्दे मातरम के जमकर नारे लगाये।

वंदे मातरम के जयकारों से गूंज उठी राजधानी

भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों से राजधानी गूंज उठी। हाथों में तिरंगा लहराते हुए युवा ढोल-नगाड़ों की धुन पर लोग खूब झूमे। चैंपियंस ट्रॉफी के महामुकाबले में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत होते ही शहर के विभिन्न इलाकों में जश्न का माहौल नजर आया। पुराने लखनऊ के चौक इलाके से लेकर गोमती नगर और तमाम कालोनियों में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। क्रिकेट प्रेमी इस बार सुरक्षा को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों से दूर ही रहे। मोहल्लों, कालोनियों और फ्लैट्स में लोगों ने जीत सेलीब्रेट की। भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले इस महामुकाबले को देखने को लोग घरों में दोहपर से ही टीवी सेटों से चिपके नजर आए। कई होटलों और बार में भी इस मैच को दिखाने के इंतजाम किए गए थे। अमीनाबाद में एक रेस्टोरेंट के बाहर लगी स्क्रीन पर लोग मैच देखते नजर आए। कई अन्य पार्कों और सड़कों पर लोगों ने स्क्रीन लगा कर मैच देखा। हजरतगंज, चौक, राजाजीपुरम, अलीगंज, आलमबाग, इंदिरा नगर सहित कई इलाकों में जीत का जश्न मनाया गया।

# नवंबर तक बनकर हो तैयार जायेगी स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी

मुकेश कुमार गुप्ता



मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ में आयुक्त सभागार में मीडिया से बातचीत के दौरान शहर के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि मेरठ में प्रदेश का पहला स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेजर ध्यानचंद के नाम पर बनाया जा रहा है, जिसका निर्माण नवंबर 2025 तक पूरा होने की संभावना है। सीएम योगी ने कहा कि मैंने इसका निरीक्षण किया है और इसी साल इसके पहले सत्र को शुरू करने की योजना है। यह विश्वविद्यालय यूपी के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। शुरूआत में इसकी कक्षाएं सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 10 वर्षों में मेरठ ने देश की बेहतरीन कनेक्टिविटी हासिल की है। इस कड़ी में देश की पहली रैपिड रेल सेवा दिल्ली से मेरठ के लिए शुरू हो चुकी है, जबकि 12 लेन का एक्सप्रेसवे पहले ही मेरठ के लिए चालू हो चुका है। उन्होंने कहा कि मेरठ से लखनऊ और प्रयागराज को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण अंतिम चरण में है और इस बार के बजट में मेरठ से हरिद्वार तक इसके विस्तार का निर्णय लिया गया है। प्रयागराज में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के बाद अब मेरठ पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इनर रिंग रोड, ट्रैफिक जाम, वेंडिंग जोन, सीवर, ड्रेनेज और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई है। उन्होंने आश्वास्त किया कि समय पर प्रस्ताव मिलने पर आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि मेरठ को बेहतरीन सुविधाओं से युक्त बनाना हमारा संकल्प है। सीएम योगी ने जनप्रतिनिधियों की विकास कार्यों में रुचि की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता से मेरठ और आसपास के क्षेत्रों में तेजी से प्रगति हो रही है। इस दौरान उन्होंने मेरठ को बेहतर प्लानिंग के साथ एक मॉडल शहर बनाने पर जोर दिया।




# भारत ने तीसरी बार जीती चैंपियन ट्रॉफी

## न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया,9 महीने में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का यह दूसरा आईसीसी खिताब







## रोहित की दमदार पारी से लेकर वरुण-कुलदीप की फिरकी तक, ये रहे भारत की जीत के 5 कारण

दुबई। न्यूजीलैंड ने भारत के सामने जीत के लिए 50 ओवर में 252 रनों का लक्ष्य रखा था जिसे भारतीय टीम ने चार विकेट शेष रहते जीता। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा के 83 गेंदों पर 76 रनों की पारी के दम पर 49 ओवर में छह विकेट पर 254 रन बनाकर जीत दर्ज की। गेंदबाजों के बाद रोहित शर्मा की अगुआई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने रविवार को न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता।

भारत ने इस तरह 2013 के बाद इस टूनार्मेंट की ट्रॉफी अपने नाम की। न्यूजीलैंड ने भारत के सामने जीत के लिए 50 ओवर में 252 रनों का लक्ष्य रखा था जिसे भारतीय टीम ने चार विकेट शेष रहते जीता। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा के 83 गेंदों पर 76 रनों की पारी के दम पर 49 ओवर में छह विकेट पर 254 रन बनाकर जीत दर्ज की। हम आपको बता रहे हैं कि भारत की इस जीत के पांच हीरो कौन रहे जिनके दम पर भारतीय टीम ने लगातार दूसरा आईसीसी खिताब अपने नाम किया।

रोहित का बल्ला वनडे प्रारूप में जमकर चलता है और ऐसा ही इस बार भी देखा गया। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले रोहित के बल्ले से बड़ी पारी नहीं निकली थी, लेकिन समय पर कप्तान ने बल्ले से अपना दम दिखाया। रोहित शर्मा ने 41 गेंद में वनडे करियर का 58वां अर्धशतक लगाया और खिताबी मैच में अपना दम दिखाया। रोहित ने इसके साथ ही शुभमन गिल के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी की और भारत की जीत की नींव रखी। 83 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुए।

भारत की जीत में विराट कोहली का योगदान भी काफी अहम रहा। कोहली इस चैंपियंस ट्रॉफी में लय में नजर आए। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 22 रन, पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100, न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रनों की पारियां खेली थी, लेकिन फाइनल में कोहली का बल्ला नहीं चला। कोहली एक रन बनाकर आउट हुए। कोहली ने पांच मैचों में 218 रन बनाए जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। श्रेयस ने चैंपियंस ट्रॉफी में चौथे नंबर पर वही योगदान दिया जैसा उन्होंने वनडे विश्व कप 2023 के दौरान किया था। श्रेयस ने बांग्लादेश के खिलाफ 15 रन, पाकिस्तान के खिलाफ 56 रन, न्यूजीलैंड के खिलाफ 79 रन, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 45 रन और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 48 रन बनाए। श्रेयस ने पांच मैचों में 243 रन बनाए।

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली के साथ मिलकर अच्छी साझेदारी की। भारत अगर ग्रुप चरण का समापन शीर्ष पर रहकर कर सका तो उसका सबसे बड़ा कारण श्रेयस ही थे जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में शानदार पारी खेली। वहीं, गिल, कोहली और रोहित के फाइनल में आउट होने के बाद श्रेयस ने अक्षर पटेल के साथ मिलकर पारी को संभाला।

एजेंसी

दुबई। टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज कर लिया। 9 महीने में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का यह दूसरा कउउ खिताब है। उन्होंने पिछले साल 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप भी जिताया था। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाए।

रन चेज में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) का अहम रोल रहा। गेंदबाजी में सबसे बड़ा रोल रहा कुलदीप यादव का, जिन्होंने दो ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर गेम इंडिया के पाले में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा। भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। रवींद्र जडेजा ने 49वां ओवर डाल रहे विलियम ओरूर्क की आखिरी बॉल पर चौका लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। 42वें ओवर में भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां अक्षर पटेल 29 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल सैंटनर ने विलियम ओरूर्क के हाथों कैच कराया। 41वें ओवर में भारतीय टीम ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। यहां से भारतीय टीम को जीत के लिए 50 रन चाहिए हैं। पावरप्ले-1 में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने अपनी टीम की वापसी कराई। 11 से 40 ओवर के बीच भारत ने 127 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए। रोहित शर्मा 76, शुभमन गिल 31, कोहली 1 और श्रेयस अय्यर 48 रन बनाकर आउट हुए। सैंटनर को 2 विकेट मिले। 39वें ओवर में भारत ने चौथा विकेट गंवा दिया। श्रेयस अय्यर 48 रन बनाकर कैच हुए।

उन्हें न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने शॉर्ट स्क्वेयर लेग पोजिशन पर रचिन रवींद्र के हाथों कैच कराया। श्रेयस ने अक्षर पटेल के साथ 61 रन की पार्टनरशिप की। 37वें ओवर की तीसरी बॉल पर श्रेयस अय्यर ने ग्लेन फिलिप्स के खिलाफ छक्का लगाया। इसकी अगली बॉल पर काइल जैमीसन से उनका कैच ड्रॉप हो गया। इसी ओवर में अय्यर ने अक्षर पटेल के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। 33वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। श्रेयस अय्यर ने ग्लेन फिलिप्स के ओवर की चौथी बॉल पर चौका लगाकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 27वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान रोहित शर्मा 83 बॉल पर 76 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रचिन रवींद्र ने टॉम लैथम के हाथों स्टंप कराया। 20वें ओवर में भारत ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया है।

यहां विराट कोहली एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें माइकल ब्रेसवेल ने छइह आउट किया। कोहली ने अपने बचाव में ऊफर भी लिया, लेकिन थर्ड अंपायर ने फील्ड अंपायर का फैसला नहीं पलटा। 19वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स ने शानदार कैच पकड़कर शुभमन गिल को पवेलियन भेजा। कप्तान मिचेल सैंटनर के ओवर की चौथी बॉल पर गिल ने ड्राइव शॉट खेला। यहां शॉर्ट कवर पर खड़े फिलिप्स ने हवा में छलांग लगाई और एक हाथ से कैच पकड़ लिया। गिल ने 31 रन की पारी खेली। 17वें ओवर में रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने शतकीय पारी पूरी कर ली है। गिल ने सैंटनर की आखिरी बॉल पर एक रन लेकर ओपनिंग पार्टनरशिप को 100 रन तक पहुंचाया। 11वें ओवर में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने मिचेल सैंटनर की पहली बॉल पर एक रन लेकर अर्धशतक पूरा किया। रोहित ने कउउ टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में पहली फिफ्टी बनाई है। 252 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने पावरप्ले में 64 रन बना लिए हैं। इतना ही नहीं, टीम ने शुरूआती 10 ओवर में कोई विकेट नहीं गंवाया। 8वें ओवर में रोहित शर्मा ने नाथन स्मिथ की बॉल पर 3 बाउंड्री लगाई।

उन्होंने ओवर की दूसरी बॉल पर छक्का लगाया। फिर चौथी और छठी बॉल पर चौके लगाए। इसी ओवर में रोहित शर्मा ने गिल के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। टीम इंडिया का स्कोर 59/0 हो गया। 7वें ओवर में शुभमन गिल को जीवनदान मिला। जैमिसन के ओवर की दूसरी बॉल को गिल ने मिडविकेट पर खेला, जहां मिचेल ने छलांग लगाकर कैच करने का प्रयास किया, लेकिन बॉल हथेली में लगकर छिटक गई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने छठे ओवर में नाथन स्मिथ पर 92 मीटर का छक्का लगाया। उन्होंने लेंथ बॉल को आगे निकल दर्शकों के पास पहुंचाया। रोहित शर्मा ने पारी का दूसरा ओवर डाल रहे विलियम ओरूर्क की बॉल पर दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और छठी बॉल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। रोहित शर्मा ने भारतीय पारी का पहला ओवर डाल रहे काइल जैमीसन की दूसरी बॉल पर छक्का लगाकर टीम का खाता खोला। इस ओवर से 9 रन आए।

न्यूजीलैंड की पारी के आखिरी ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने फिफ्टी पूरी की। शमी के इस ओवर से 12 रन आए। 49वें ओवर में न्यूजीलैंड का 7वां विकेट गिरा। यहां मिचेल सैंटनर रन आउट हुए। उन्हें विकेटकीपर राहुल ने कोहली के थ्रो पर रनआउट किया। 46वें ओवर में न्यूजीलैंड ने छठा विकेट गंवाया। डेरिल मिचेल 63 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शमी ने रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। 45वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। वरुण चक्रवर्ती के ओवर की आखिरी बॉल पर डेरिल मिचेल ने एक रन लेकर टीम को 200 पार पहुंचाया।

42वें ओवर में डेरिल मिचेल ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 91 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। यह डेरिल मिचेल की 8वीं फिफ्टी है। मिडिल ओवर्स के फेज में भारतीय गेंदबाजों ने दबदबा बनाया। न्यूजीलैंड ने 11वें से 40वें ओवर के बीच 4 विकेट गंवाए। इस दौरान न्यूजीलैंड ने 103 रन बनाए। इस फेज में कुलदीप यादव ने 2, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक विकेट लिए। इसी के साथ जडेजा के ओवर पूरे हो गए। 38वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 5वां विकेट गंवाया। यहां ग्लेन फिलिप्स (34 रन) को वरुण चक्रवर्ती ने बोल्ड किया। उन्होंने फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। वरुण ने विल यंग को भी आउट किया। 37वें ओवर में डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है।

**भारत पारी :**

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा स्ट लैथम बो रविंद्र | 76 |
| शुभमन गिल का फिलिप्स बो सेंटनेर | 31 |
| विराट कोहली पगबाधा बो ब्रेसवेल। | |
| श्रेयस अय्यर का रविंद्र बो सेंटनेर | 48 |
| अक्षर पटेल का ओराउकी बो ब्रेसवेल | 29 |
| केएल राहुल नाबाद | 34 |
| हार्दिक पंड्या का और बो जैमीसन | 18 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 9 |
| अतिरिक्त : आठ रन | |
| योग : 49 ओवर में छह विकेट पर 254 रन | |

**गेंदबाजी :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जैमीसन | 5 | 0 | 24 | 1 |
| राउरकी | 7 | 0 | 56 | 0 |
| स्मिथ | 2 | 0 | 22 | 0 |
| सेंटनेर | 10 | 0 | 46 | 2 |
| रविंद्र | 10 | 1 | 47 | 1 |
| ब्रेसवेल | 10 | 1 | 28 | 2 |
| फिलिप्स | 5 | 0 | 31 | 0 |

विकेट पतन : I-105, 2-106, 3-122, 4-183, 5-203, 6-241



## गुजरात टाइटंस के सहयोगी

नयी दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। वेड 2022 और 2024 में खिलाड़ी के रूप में दो सत्र के लिए टाइटंस के साथ थे लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल की बड़ी नीलामी का हिस्सा नहीं बने। गुजरात टाइटंस ने एक्स पर लिखा चैंपियन। फाइटर। अब हमारे सहायक कोचउ जीटी (गुजरात टाइटंस) के डगआउट में आपका स्वागत है, मैथ्यू वेड। वेड ने आईपीएल में कुल 15 मैच खेले जिसमें से 12 में उन्होंने टाइटंस का प्रतिनिधित्व किया।

## एनआरएआई ने आयोजित किया दूसरा आईएसएसएफ इलेक्ट्रॉनिक कोर्स

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने अपने शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पांच से नौ मार्च तक दूसरे आईएसएसएफ इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग टारगेट (ईएसटी) कोर्स का आयोजन किया। इस कोर्स में नेपाल से तीन और श्रीलंका से एक सहित 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसने महासंघ की तकनीकी शिक्षा पहल में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी की शुरुआत की।

# रीयल कश्मीर ने आइजोल एफसी को 2-1 से हराया



एजेंसी

श्रीनगर। रीयल कश्मीर एफसी रविवार को यहां आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में आइजोल एफसी पर 2-। की जीत के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। रीयल कश्मीर की घरेलू मैदान पर यह लगातार पांचवीं जीत है और पिछले पांच मैच में चौथी जीत है। इस जीत के साथ ही रीयल कश्मीर के 18 मैच में 32 अंक हो गए हैं जिससे वह चर्चिल ब्रदर्स और इंटर काशी से दो अंक पीछे हैं। अब जब सिर्फ चार मैच बचे हैं तो खिताब की दौड़ में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। वहीं आइजोल एफसी रेलीगेट होने की कगार से बाहर होने का मौका चूक गई और 16 अंक लेकर एससी बेंगलुरु से एक स्थान पीछे 11वें स्थान पर है। सेनेगल के करीम सांब (31वें मिनट) ने रीयल कश्मीर को बढ़त दिलाई। फिर लालरिनजुआला (58वें मिनट) ने सत्र का अपना नौवां गोल करके आइजोल एफसी को बराबरी दिलाई। रीयल कश्मीर के लिए ब्राजील के पाउलो सेजार (77वें मिनट) ने विजेता गोल किया।

**बायर्न म्यूनिख और लीवरकुसेन बुंदेसलीगा में हारे**

बर्लिन। शीर्ष पर चल रहे बायर्न म्यूनिख को दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद बोचुम के खिलाफ बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन बायर लीवरकुसेन की टीम इसका फायदा उठाने में नाकाम रही। लीवरकुसेन की टीम भी शनिवार को वर्डर ब्रेमेन के खिलाफ 0-2 से हार गई। ब्रेमेन ने सभी प्रतियोगिताओं में मिलाकर अपने पिछले पांच मैच गंवाए थे। बायर्न की टीम 25 मैच में 61 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है जबकि लीवरकुसेन इतने ही मुकाबलों में 53 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बोरूसिया डोर्टमंड को भी ऑग्सबर्ग के खिलाफ 0-0 से हार झेलनी पड़ी जबकि स्टुटगार्ट को होल्सटेन किएल ने 2-2 से बराबरी पर रोका। वॉल्फ्सबर्ग और सेंट पॉली का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि फ्राइबर्ग और लेपजिग ने गोल रहित ड्रॉ खेला।

**रेनेस को हराकर पेरिस सेंट जर्मेन ने लीग वन में 4-1 की बढ़त बनाई**

पेरिस। स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे ऑसमेन डेम्बेले के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन फुटबॉल टूर्नामेंट में रेनेस को 4-। से हराकर लीग में अपना अजेय अभियान जारी रखाा। डेम्बेले ने अपने दोनों गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पहले और चौथे मिनट में दागे। ब्रेडले बार्सोला (27वें मिनट) और गोंजेलो रामोस (50वें मिनट) ने भी टीम की ओर से एक-एक गोल किया।

रेनेस की ओर से एकमात्र गोल लिलियन ब्रेसियर ने 53वें मिनट में किया। लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय पीएसजी के इस जीत से 25 मैच में 65 अंक हो गए हैं और टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद मार्सिले पर 16 अंक की बढ़त बना ली है। शनिवार को लेन्स के खिलाफ 0-। से शिकस्त झेलने वाले मार्सिले के 25 मैच में 49 अंक हैं।

**एल्शादाई एचेमपोंग की हैट्रिक, ईस्ट बंगाल ने ओडिशा एफसी को हराया**

भुवनेश्वर। घाना की स्ट्राइकर एल्शादाई एचेमपोंग की हैट्रिक की बदौलत ईस्ट बंगाल एफसी ने रविवार को इंडियन वुमेन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) में ओडिशा एफसी पर 3-। से जीत दर्ज की। इस समय तालिका में शीर्ष पर चल रही कोलकाता की टीम के अब सात मैच में 18 अंक हो गए हैं।

# तुलसी यादव व श्रेया शर्मा ने जीता स्वर्ण, आगरा की खिलाड़ियों का दबदबा



खेल संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ की तुलसी यादव और श्रेया शर्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन से अस्मिता खेलो इंडिया सिटी ताइक्वांडो लीग में सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सीनियर वर्ग में आगरा की खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला, जिन्होंने कुल चार स्वर्ण पदक हासिल किए। यह लीग केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय, खेलो इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के आयोजित की गई। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में शनिवार को जूनियर वर्ग के मुकाबलों के बाद सीनियर वर्ग के भी रोमांचक मुकाबले खेले गए।

समापन समारोह में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष

**अस्मिता खेलो इंडिया सिटी ताइक्वांडो लीग**

शैलेश कुमार सिंह शैलू ने अपने प्रेषित संदेश में कहा कि खेल सिर्फ जीतने का नाम नहीं, बल्कि खुद को साबित करने का जरिया है। हर मैदान में महिलाओं की शक्ति, समर्पण और साहस की गूंज सुनाई दे रही है। आज की नारी हर खेल में अपना परचम लहरा रही है। चैंपियनशिप में सीनियर अंडर 46 किग्रा भार वर्ग में आगरा की आयुषी सिंह ने स्वर्ण, लखनऊ की कीर्तिदा यादव ने रजत एवं शाहजहांपुर की वर्षा सिंह व देवरिया की अर्चना प्रजापति ने कांस्य पदक जीते। सीनियर अंडर 49 किग्रा में मथुरा की विशाखा ने स्वर्ण, आगरा की वानी सिंह ने रजत एवं यूपीटीए की अनामिका वर्मा व फरुर्खाबाद की भूमि तिवारी ने कांस्य पदक जीते। सीनियर अंडर 53 किग्रा भार वर्ग में लखनऊ की तुलसी यादव ने स्वर्ण, लखनऊ की समीक्षा पासवान ने रजत एवं बरेली की निष्ठा गिहार व कानपुर की वंदना शर्मा ने कांस्य पदक जीते। सीनियर अंडर 57 किग्रा में आगरा की प्रीति बघेल ने स्वर्ण, सुल्तानपुर की साक्षी ने रजत, मथुरा की मीनू व लखनऊ की मनीष्का सिंह ने कांस्य पदक जीते। सीनियर अंडर 62 किग्रा में यूपीटीए की सरोजनी सिंह ने स्वर्ण, फरुर्खाबाद की श्रद्धा त्रिपाठी ने रजत एवं गोरखपुर की निशा श्रीवास्तव व यूपीटीए की कनिका रावत ने कांस्य पदक जीते।

सीनियर अंडर 67 किग्रा में आगरा की भूमि गुप्ता ने स्वर्ण, झांसी की अनुष्का यादव ने रजत एवं यूपीटीए की गार्गी कृष्णा व लखनऊ की नंदिनी निगम ने कांस्य पदक जीते। सीनियर अंडर 73 किग्रा में आगरा की दुर्गेश शर्मा ने स्वर्ण, लखनऊ की श्वेता ने रजत एवं श्रावस्ती की रौनक शर्मा व लखनऊ की समीक्षा मुद्गल ने कांस्य पदक जीते। सीनियर 73 किग्रा से अधिक भार वर्ग में लखनऊ की श्रेया शर्मा ने स्वर्ण, लखनऊ की मुस्कान ने रजत एवं लखनऊ की लावण्या गुप्ता व श्रावस्ती की आंचल ने कांस्य पदक जीते।

# सहकारी समितियों का भविष्य उज्ज्वल : शाह



अहमदाबाद। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता का भविष्य उज्ज्वल है और उनके मंत्रालय ने अपने गठन के बाद से 60 से अधिक पहल शुरू की हैं।

शाह ने अहमदाबाद जिला सहकारी (एडीसी) बैंक के स्वर्णिम शताब्दी समापन समारोह को संबोधित करते हुए एडीसी को छोटे लोगों के लिए एक बड़ा बैंक बताया, जिसने पीढ़ियों से लाखों किसानों और पशुपालकों के जीवन में समृद्धि लाने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब से (मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की है) तब से इसने 60 से अधिक पहल की हैं। हमने पांच वर्षों में दो लाख प्राथमिक सहकारी समितियों का पंजीकरण सुनिश्चित किया है। इसमें सेवा सहकारी समितियां और प्राथमिक दूध उत्पादक सहकारी समितियां शामिल हैं, जो सहकारी आंदोलन की नींव हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सहकारिता का भविष्य उज्ज्वल है। शाह ने कहा कि देश में एक भी पंचायत ऐसी नहीं होनी चाहिए, जिसमें प्राथमिक सेवा सहकारी समिति या प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समिति न हो। उन्होंने कहा कि समितियों के संविधान में अनेक आदर्श उपनियम बनाकर उन्हें अनेक नए कार्यों से जोड़ा गया है। शाह ने कहा कि ऐसी सहकारी समितियां सस्ती दवा की दुकान भी खोल सकती हैं और पेट्रोल पंप तथा गैस वितरण सेवाओं के लिए उन्हें कोटा दिया गया है। मंत्री ने कहा कि सब्सिडी वाले अनाज के वितरण में भी उन्हें प्राथमिकता मिलती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे गोदाम भी बना सकते हैं और जलापूर्ति परियोजनाएं भी शुरू कर सकते हैं। जब तक सहकारी समिति मजबूत नहीं होगी, तब तक (सहकारी) बैंक मजबूत नहीं हो सकता। और जब तक बैंक मजबूत नहीं होगा, तब तक जिले या राज्य का डेयरी क्षेत्र फल-फूल नहीं सकता...। उन्होंने कहा कि तीन राष्ट्रीय सहकारी समितियां पंजीकृत की गई हैं, जो गुणवत्तापूर्ण बीज, निर्यात और जैविक खेती के लिए है तथा मंडल (स्थानीय सहकारी समितियां) अब उनके साथ जुड़ गई हैं। शाह ने कहा कि देश के 260 जिला सहकारी बैंकों में से एडीसी बैंक एकमात्र ऐसा बैंक है, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों के अनुसार 100 प्रतिशत ई-बैंकिंग सुविधा है। उन्होंने कहा कि बैंक ने असंख्य खाताधारकों का विश्वास जीता है। यह कठिन दौर से गुजरा है, लेकिन जिसने भी इसका नेतृत्व किया, उसने इसे बेहतरीन तरीके से चलाने का काम किया, यही वजह है कि हम बैंक के अगले 100 साल का सपना देख सकते हैं। शाह ने याद किया कि जब 25 साल पहले उन्हें बैंक का चेयरमैन चुना गया था, तो इसके अस्तित्व को लेकर संदेह जताया गया था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि एक साल के भीतर बैंक मुनाफा कमाएगा और लाभांश वितरित करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तत्कालीन चेयरमैन को संदेह था, लेकिन बैंक ने महज एक वर्ष में ही मुनाफा कमाना शुरू कर दिया और लाभांश भी वितरित किया। शाह ने कहा कि बैंक ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और पिछले साल 100 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। आज इसका एनपीए (फंसा हुआ कर्ज) शून्य है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री ने अहमदाबाद में ट्रस्ट द्वारा आयोजित अखंड आनंदोत्सव में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट द्वारा पुनर्मुद्रित 24 पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि गोवर्धनराम त्रिपाठी, महात्मा गांधी, नर्माद, काकासाहेब कालेलकर, नरसिंह मेहता और सुंदरम जैसे अनेक गुजराती लेखकों की साहित्यिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करना गुजराती भाषा के प्रशंसकों और भाषाविदों की जिम्मेदारी है।

# मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोध को सत्ता समर्थन में बदला: नड्डा



अगरतला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। नड्डा ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए पिछले तीन लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के पक्ष में बढ़ते मत प्रतिशत का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि अब मोदी ने सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। सत्ता समर्थक भावना का मतलब है कि लोग खुश हैं और चाहते हैं कि मोदी बार-बार जीतें। नड्डा ने कहा कि भाजपा को 2014 लोकसभा चुनाव में 17 करोड़ वोट (31.30 प्रतिशत) मिले थे, जो 2019 में बढ़कर 22 करोड़ (36.7 प्रतिशत) हो गये। पिछले लोकसभा चुनाव (2024) में यह आंकड़ा करीब 24 करोड़ वोट (37 प्रतिशत) था। लोग हर बार मोदी जी को अधिक मतों से आशीर्वाद दे रहे हैं। भाजपा प्रमुख यहां स्वामी विवेकानंद मैदान में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की तुलना में मोदी काल में कर हस्तांतरण में पांच गुना वृद्धि हुई है। नड्डा ने कहा कि संप्रग सरकार के दौरान त्रिपुरा को कर के रूप में 9,000 करोड़ रुपये मिलते थे जो बढ़कर 46,500 करोड़ रुपये हो गए हैं। इसी तरह, अनुदान सहायता जो संप्रग सरकार के समय 31,000 करोड़ रुपये थी, वह बढ़कर 54,000 करोड़ रुपये हो गई है। नड्डा ने अगले दो वर्षों में त्रिपुरा के चार रेलवे स्टेशनों अगरतला, उदयपुर, धर्मनगर और कुमारघाट के आधुनिकीकरण की भी घोषणा की। उन्होंने प्रशासन में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए भाजपा नीत सरकार की सराहना की। नड्डा ने कहा कि त्रिपुरा ने डिजिटलीकरण को अपनाया है और 29 लाख सरकारी फाइलों का डिजिटलीकरण किया गया है।

संक्षेप

## मुसलमानों को सड़कों पर उतरने को मजबूर किया जा रहा: मदनी

नयी दिल्ली। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने रविवार को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ आहूत विरोध प्रदर्शन को समर्थन देते हुए दावा किया कि मुसलमानों को उनके अधिकारों को पुनः प्राप्त करने के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि 12 फरवरी, 2025 को संगठन की कार्यसमिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि यदि विधेयक पारित होता है, तो जमीयत उलेमा-ए-हिंद की सभी राज्य इकाइयां अपने-अपने राज्य के उच्च न्यायालयों में इस कानून को चुनौती देंगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, जमीयत इस विश्वास के साथ उच्चतम न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाएगी कि न्याय मिलेगा, क्योंकि अदालत हमारे लिए अंतिम सहारा है। उन्होंने 13 मार्च को यहां जंतर-मंतर पर प्रस्तावित ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य राष्ट्रीय संगठनों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि मुसलमानों को उनके अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पिछले 12 वर्षों से मुसलमानों ने बहुत धैर्य और सहनशीलता का परिचय दिया है।

# कांग्रेस की चुनावी हार के लिए राहुल जिम्मेदार : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपनी ही पार्टी के नेताओं के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर कटाक्ष किया और कहा कि उन्हें पहले यह समझना चाहिए कि चुनाव में उनकी पार्टी की हार के लिए वह स्वयं जिम्मेदार हैं, इसलिए उन्हें अपनी विफलताओं के लिए दूसरों को दोष देना बंद कर देना चाहिए।

राहुल ने अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दूसरे दिन पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि पार्टी के उन नेताओं और कार्यकर्ताओं की पहचान करने की जरूरत है, जो भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। उनकी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जब से राहुल और उनकी मां सोनिया गांधी ने पार्टी की कमान संभाली है, तब से कांग्रेस की स्थिति खराब हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, "कांग्रेस के 140 साल के इतिहास में सबसे असफल नेता गुजरात में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक कर उन्हें सफलता का मूल मंत्र सिखा रहे थे।

# मोदी ने एम्स में ली धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सूत्रों ने बताया कि उपराष्ट्रपति को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार देर रात एम्स में भर्ती कराया गया था। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। धनखड़ (73) को शनिवार देर रात करीब 2 बजे अस्पताल ले जाया गया और एम्स के हृदयरोग विभाग के प्रमुख डॉ राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। एक सूत्र ने बताया कि उपराष्ट्रपति की हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का एक समूह उनकी स्थिति पर नजर रख रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा भी धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी लेने एम्स पहुंचे।

# यूक्रेनी सैनिकों पर हमले के लिए रूस ने किया गैस पाइपलाइन का इस्तेमाल



कीव। यूक्रेन की सेना और रूस के युद्ध ब्लॉगर्स ने दावा किया है कि रूसी विशेष बल कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी इकाइयों पर पीछे से हमला करने के लिए एक गैस पाइपलाइन के अंदर कई किलोमीटर पैदल चल कर गए।

मॉस्को अपने सीमावर्ती प्रांत के कुछ हिस्सों को फिर से अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर रहा है, जिस पर कीव ने एक हमले में कब्जा कर लिया था। अगस्त में यूक्रेन ने कुर्स्क में सीमा के भीतर घुसकर एक दुस्साहसपूर्ण हमला किया था जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से रूसी क्षेत्र पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। कुछ ही दिन में, यूक्रेनी इकाइयों ने 1,000 वर्ग किलोमीटर (386 वर्ग मील) क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था जिसमें रणनीतिक सीमावर्ती शहर सुदजा भी शामिल था। कीव के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य भविष्य की शांति वार्ता में मोलभाव करना और रूस को पूर्वी यूक्रेन में अपने आक्रामक अभियान से सैनिकों को हटाने के लिए मजबूर करना था। लेकिन यूक्रेन के धमाकेदार अभियान के महीनों बाद, कुर्स्क में उसके सैनिक 50,000 से अधिक सैनिकों के लगातार हमलों से थके हुए हैं। हमला करने वालों में रूस के सहयोगी उत्तर कोरिया के कुछ सैनिक भी शामिल थे। युद्ध क्षेत्र के मानचित्रों से पता चलता है कि हजारों यूक्रेनी सैनिकों को घेर लिए जाने का जोखिम है। यूक्रेन में जन्मे, क्रेमलिन समर्थक एक ब्लॉगर द्वारा डाली गई टेलीग्राम पोस्ट के अनुसार, रूस के बल पाइपलाइन के अंदर लगभग 15 किलोमीटर (9 मील) तक चले, जिसका उपयोग मॉस्को हाल के दिनों तक यूरोप को गैस भेजने के लिए करता था। ब्लॉगर यूरी पोडोल्याका ने दावा किया कि कुछ रूसी सैनिकों ने सुदज़ा शहर के पास पीछे से यूक्रेनी इकाइयों पर हमला करने से पहले कई दिन पाइप में बिताए थे। यूक्रेन पर फरवरी 2022 के रूसी आक्रमण से पहले शहर में लगभग 5,000 निवासी थे और यहां पाइपलाइन के साथ प्रमुख गैस स्थानांतरण और मापन स्टेशन हैं।

# सीरियाः हिंसा में मरने वालों की संख्या एक हजार से अधिक



बेरूत। सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के वफादारों और सुरक्षाबलों के बीच दो दिन तक जारी संघर्ष और इसके बाद प्रतिशोधी हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,000 से अधिक हो गई है, जिनमें लगभग 750 आम नागरिक शामिल हैं। मानवाधिकार संगठन ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सीरिया में 14 साल पहले शुरू हुए संघर्ष के बाद से यह हिंसा की सबसे घातक घटनाओं में से एक है। ब्रिटेन के मानवाधिकार संगठन सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि 745 नागरिकों के अलावा, सरकारी सुरक्षाबलों के 125 सदस्य और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद से संबद्ध सशस्त्र समूहों के 148 चरमपंथी भी मारे गए। मानवाधिकार संगठन ने यह भी बताया कि तटीय शहर लताकिया के आसपास के बड़े इलाकों में बिजली और पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है तथा कई बेकरी बंद हो गई हैं। सीरिया में तीन महीने पहले असद को अपदस्थ कर सत्ता पर विद्रोहियों के कब्जा करने के तीन महीने बाद बृहस्पतिवार को शुरू हुई यह झड़प दमिश्क की नयी सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। सरकार ने कहा कि वह असद के समर्थकों द्वारा किए गए हमलों के खिलाफ कार्वाई कर रही है। उन्होंने बड़े पैमाने पर हुई इस हिंसा के लिए अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा की गई कार्वाइयों को जिम्मेदार ठहराया। सीरिया में हालिया झड़पें तब शुरू हुईं, जब सुरक्षाबलों ने बृहस्पतिवार को तटीय शहर जबलेह के पास एक वांछित व्यक्ति को हिरासत में लेने की कोशिश की।

## कोलंबिया में भूस्खलन एक की मौत, तीन लापता

बोगोटा। दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया में भारी बारिश के कारण भूस्खलन में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग लापता हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पास्टो शहर के मेयर निकोलस टोरो के अनुसार, शुक्रवार को एक मोटरसाइकिल सवार भूस्खलन के मलबे की चपेट में आ गया और मलबे के साथ ही दूर तक घिसटता चला गया। राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन इकाई ने शनिवार को शव मिलने से पहले कहा था कि चार लोग लापता हैं और 38 अन्य को बचा लिया गया है। इसने बताया कि भूस्खलन से 200 से ज़्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और 65 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

इंटरटेनमेंट...

# 'छावा' 500 करोड़ के क्लब में शामिल



**मुंबई।** विक्की कौशल स्टारर फिल्म छावा ने कमाई के मामले में इतिहास रच दिया है। फिल्म ने अब तक इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह साल 2025 में पहली ऐसी फिल्म बन गई है, जिसने रिलीज के सिर्फ 23 दिनों में यह आंकड़ा हासिल किया है।

जबकि वर्ल्डवाइड फिल्म ने 691 करोड़ की कमाई की। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म 'छावा' के हिंदी वर्जन ने 503.3 करोड़ रुपए कमाए। जबकि तेलुगु के डब वर्जन ने 5.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इसके बाद इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 509.05 करोड़ रुपए का बिजनेस कर चुकी है। फिल्म के 22वें दिन शुक्रवार को ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए छावा के लेटेस्ट कलेक्शन की जानकारी दी। उनके मुताबिक, शुक्रवार यानी 22वें दिन फिल्म ने 6.30 करोड़ की कमाई की। जिसके बाद भारत में छावा का कलेक्शन 502.70 करोड़ रुपए हो गया। इसके साथ ही छावा उन फिल्मों में शुमार हो चुकी है, जिन्होंने भारत में 500 करोड़ रुपए का बिजनेस किया। इस लिस्ट में 'पुष्पा 2' (हिंदी वर्जन), 'जवान' 'स्त्री 2, 'गदर 2, 'पठान, 'बाहुबली 2' (हिंदी वर्जन) और रणबीर कपूर की 'एनिमल' जैसी फिल्में शामिल हैं।

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म छावा को 7 मार्च को तेलुगु भाषा में भी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। पहले दिन फिल्म ने 2.63 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब छावा धीरे-धीरे शाहरुख खान की जवान-पठान, श्रद्धा कपूर-राजकुमार राव की स्त्री 2 और रणबीर कपूर की एनिमल जैसी फिल्मों के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर आगे बढ़ रही है। फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विक्की की फिल्म छावा की तारीफ की थी।

## शाहरुख, अजय, टाइगर कंज्यूमर-कोर्ट में तलब

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और विमल कुमार अग्रवाल को जयपुर कंज्यूमर कोर्ट ने तलब किया है। विमल कुमार अग्रवाल, विमल पान मसाला बनाने वाली कंपनी जेबी इंडस्ट्रीज के चेयरमैन हैं। जयपुर कंज्यूमर कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और विमल कुमार अग्रवाल को तलब किया है। यह मामला विमल पान मसाला बनाने वाली कंपनी जेबी इंडस्ट्रीज से जुड़ा हुआ है, जिसके चेयरमैन विमल कुमार अग्रवाल हैं। इन बॉलीवुड सितारों के खिलाफ यह कार्रवाई उनकी विज्ञापन गतिविधियों के कारण की जा रही है, जिसमें उन्होंने पान मसाले के उत्पादों का प्रचार किया था। जयपुर कंज्यूमर कोर्ट ने इन हस्तियों को नोटिस भेजकर उन्हें अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है।

## फैशन व्लॉगर ऋतिका हत्याकांड



**मुंबई।** आगरा, वो शहर जो मोहब्बत की निशानी ताजमहल के लिए मशहूर है, लेकिन साल 2022 में इस शहर में ऐसा कुछ हुआ, जब मोहब्बत, रिश्ता और इंसानियत शर्मसार हो गई। दोपहर का समय था। सोसाइटी सुनसान थी कि अचानक गार्ड और अपार्टमेंट के लोगों को पहले एक चीख सुनाई दी और फिर धड़ाम से कुछ गिरने की। सोसाइटी का गार्ड आवाज की दिशा में दौड़ पड़ा।

सुनसान पड़ी सोसाइटी में अचानक आवाजें तेज होने लगीं, क्या हुई, क्या गिरा, कुछ पता चला, देखो कुछ दिख रहा है? ये पूछते और सुनते हुए सोसाइटी के लोग भी कदम आगे बढ़ाने लगे। करीब पहुंचे तो देखा एक नौजवान लड़की की खून से लथपथ लाश पड़ी थी, सांसें थम चुकी थीं और हाथ और गर्दन रस्सी से बंधी थी। उस लाश के पास खड़ा एक शख्स उसके हाथ-गर्दन से रस्सी खोल रहा था। चीख-पुकार मचनी शुरू हुई और देखते-देखते शोर तेज हो गया। लाश उसी अपार्टमेंट की चौथी मंजिल के फ्लैट नंबर 404 में रहने वाली ऋतिका सिंह की थी।

## किसी फिल्म का रीमेक नहीं 'सिकंदर'



**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म सिकंदर इस साल ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसी बीच दावा किया जा रहा था कि यह फिल्म थलापति विजय की सरकार और प्रभास की सालार से प्रेरित है। इतना ही नहीं, यह उसका रीमेक है। अब इस मामले में खुद फिल्म के डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह कोई रीमेक नहीं, बल्कि एकदम ओरिजिनल स्टोरी है। इंडिया टुडे के मुताबिक, डायरेक्टर ए.आर. मुरुगदास ने कहा, 'यह पूरी तरह ओरिजिनल स्टोरी है।

सिकंदर का हर सीन, हर फ्रेम ऑथेंटिक तरीके से डिजाइन और एक्सीक्यूट किया गया है, ताकि दर्शकों को एक फ्रेश एक्सपीरियंस मिले। यह किसी फिल्म का रीमेक या अडैप्टेशन नहीं है। फिल्म की ओरिजिनालिटी का एक बड़ा हिस्सा इसका दमदार बैकग्राउंड स्कोर है, जिसे बेहद टैलेंटेड संतोष नारायणन ने तैयार किया है। उनकी म्यूजिक इस फिल्म के एनर्जी से भरे टोन और धमाकेदार विजुअल्स को परफेक्टली मैच करती है, जिससे हर सीन का इमोशनल इम्पैक्ट और भी बढ़ जाता है।

फिल्म सिकंदर ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में सलमान खान और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास डायरेक्ट कर रहे हैं, जो इससे पहले 'गजनी, 'हॉलीडे' और 'अकीरा' जैसी हिंदी फिल्में डायरेक्टर कर चुके हैं। वहीं, साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर हैं। हाल ही में सिकंदर का एक नया गाना 'मेरी जोहरा जबी' सामने आया है, जिसे देखकर सलमान खान के फैंस काफी खुश है। दर्शकों को सलमान खान और रश्मिका मंदाना की जोड़ी काफी पसंद भी आ रही है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com